आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* संतान साते व्रत
* मोरयाई छट ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 245 | उज्जैन, गुरुवार 17 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

कांग्रेस बना सकती है मुद्दा : हाईवे के नियम पर आबकारी, एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई में आंख मिचौली

## शराबबंदी के बाद बाहरी मदिरालयों की गिरफ्त में उज्जैन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

धार्मिक नगरी के सम्मान में शहर के अंदर के तमाम शराब दुकानों को हटा कर नगर सीमा से बाहर कर दिया गया है। अंदर से हटाए गए और शहर के मुहाने पर इन्हें बसा दिया गया है। इसमें हाईवे के नियमों पर आबकारी विभाग एवं एनएचएआई आपस में आंख मिचौली खेल रहे हैं और नियमों का मखौल बना हुआ है। शहर के अंदर से गुजर रहे हाईवे के मसले पर भी शर्त है कि दुकान हाईवे से सीधी नहीं दिखनी चाहिए का भी पालन नहीं हो रहा है।

धर्म नगरी में शराब बंदी का मसला महेश्वर की कैबिनेट में तय हुआ था। यहां से 19 धार्मिक शहरों जिनमें कुछ ग्राम पंचायतें हैं को पूर्णतः पवित्र घोषित किया गया था। बाबा श्री महाकालेश्वर मंदिर को लेकर उज्जैन नगर निगम को भी शामिल किया। इससे पूर्व उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर से मात्र कुछ सौ मीटर का दायरा पवित्र क्षेत्र में घोषित था। 01 अप्रेल 2025 से उज्जैन नगरीय सीमा में भी सभी शराब दुकानें एवं शासन नीति के तहत लायसेंसी एफएल-2 बार बंद कर दिए गए। बंद हुई दुकानें शहर सीमा के बाहर सीधे स्टेट हाईवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही जा डटे। वहां इन्होंने अपनी दुकानें खोल ली और खास यह है कि दुकानों के मुंह सीधे राजमार्ग की और ही खोले गए।




### शर्त दुकान हाईवे से सीधी नहीं दिखनी चाहिए का नहीं हो रहा पालन

**शहर के मुहाने और हाईवे पर लगी दुकानें-** सरकार ने शहर के अंदर की दुकानें तो बंद कर दी लेकिन शहर के प्रवेश मार्ग पर ही खासी बड़ी दुकानें प्रांतीय मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुली हुई हैं। धर्मनगरी में आने वाले यह प्रवेश के पूर्व यह देखकर चौंक जाते हैं कि दुकानें सीधे तौर पर सड़कों के पास ही खुली हुई हैं और वहां खासा मजमा लगा रहता है। इंदौर रोड एनएच-52 हो चुका है। आगर रोड अब एनएच-148एनजी हो चुका है। देवास बदनावर मार्ग में उज्जैन-बड़नगर रोड एसएच-18 अब राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन है। यही नहीं मक्सी रोड अंतर प्रांतीय मार्ग -18 से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग 552ग बन चुका है। ऐसे में इन मार्गों पर हाईवे के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किया जाना चाहिए लेकिन आबकारी एवं एनएचएआई और स्टेट हाईवे अथारिटी आपस में आंख मिचौली खेल रहे हैं जिससे दुकानें सीधे तौर व्यवहारिकता के दायरे में संचालित की जा रही है।

### 17 दुकानें 11 बार बंद हुए

सरकार के आदेश के तहत उज्जैन में कुल 17 शराब दुकानें एवं 11 बीयर बार सीधे तौर पर बंद हुए। खास तो यह है कि भगवान श्री कालभैरव को मदिरा अर्पण करने के लिए केडी गेट और छत्री चौक दुकान के काउंटर भी बंद कर दिए गए। इसका असर यह हुआ कि भगवान श्री कालभैरव को अर्पण की जाने वाली मदिरा भी पास के ग्रामीण क्षेत्र की दुकान से मंगवाई जा रही है।

### क्या कहता है नियम

नगर निगम सीमा के अंदर (जैसे नानाखेड़ा से आगे 2-3 किमी तक) सुप्रीम कोर्ट की 2017 की छूट लागू है। मतलब 500 मीटर का नियम नहीं लगेगा, क्योंकि हाईवे शहर के बीच से गुजर रहा है। लेकिन शर्त है, दुकान हाईवे से सीधे नहीं दिखनी चाहिए। हाईवे से सीधी एंट्री नहीं होनी चाहिए, सर्विस रोड से होनी चाहिए। इसी तरह से नगर निगम की सीमा के बाहर के मसले को देखा जाए तो दुकान का शटर हाईवे के सेंटर से 500 मीटर दूर होना चाहिए। क्योंकि उज्जैन की आबादी 20 हजार से ज्यादा है।

### ऐसे खेली जा रही आंख मिचौली

सरकार के आदेश एवं गजट नोटिफिकेशन के साथ नीति के तहत जब ऐसे मामले आए तो सैद्धातिक स्थितियों के मसलों से बचने के लिए व्यवहारिक रूप से आबकारी विभाग ने 2025-26 में हाईवे की दुकानों को बायपास / सर्विस लेन के पीछे शिफ्ट कर दिया ताकि 500 मीटर के विवाद से बचा जा सके। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अंतर प्रांतीय मार्ग के लिए अधिकृत एजेंसियां इन मसलों पर नजरअंदाजी ही अपनाए हुए है।

### दुकानों के आकार भी खड़े एवं बड़े हुए

खास तो यह है कि शहर के अंदर दुकानों का संचालन छोटी-छोटी दुकानों में किया जा रहा था। शहर के मुहानों पर ये दुकानें आड़ी, खड़ी एवं बड़ी सारी हो गई हैं। इन दुकानों को गोदाम की तरह बना दिया गया है।

निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में 34 अध्यक्ष, 14 उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए

## पद मिला, अब अधिकार का इंतजार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

प्रदेश में लंबे समय से लंबित राजनीतिक नियुक्तियों का दौर शुरू होने के बाद अब एक नया सवाल सत्ता और संगठन के सामने खड़ा हो गया है। विभिन्न निगम-मंडल, बोर्ड, विकास प्राधिकरण और आयोगों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं, लेकिन इन पदाधिकारियों को अभी तक मंत्री अथवा राज्यमंत्री स्तर का दर्जा दिए जाने के आदेश जारी नहीं हुए हैं। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हाल के महीनों में 34 नेताओं को अध्यक्ष और 14 को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

**लंबे इंतजार के बाद मिली जिम्मेदारी-** मध्यप्रदेश में निगम-मंडल और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां लंबे समय से लंबित थीं। सत्ता और संगठन के बीच चर्चा तथा सहमति के बाद अलग-अलग चरणों में नियुक्तियां की गईं। कई ऐसे नेताओं को भी जिम्मेदारियां मिली हैं, जो लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और राजनीतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे। इन नियुक्तियों के बाद यह माना जा रहा था कि अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री स्तर तथा उपाध्यक्षों को राज्यमंत्री स्तर का दर्जा दिए जाने के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। लेकिन नियुक्तियां होने के बाद भी दर्जे का फैसला लंबित रहने से अब इस मुद्दे पर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज है।



### पद है पर प्रोटोकॉल का सवाल

मंत्री स्तर का दर्जा केवल नाम के साथ जुड़ने वाला पद नहीं माना जाता। इससे संबंधित पदाधिकारी को सरकारी कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल, प्रशासनिक स्तर पर पहुंच और अधिकारियों के साथ समन्वय में अलग स्थिति मिल सकती है। हालांकि वास्तविक अधिकार संबंधित निगम, मंडल या प्राधिकरण के अधिनियम, शासनादेश और पद की शक्तियों पर भी निर्भर करते हैं। मीडिया रिपोर्टों में एक निगम के अध्यक्ष के हवाले से यह दावा किया गया है कि मंत्री दर्जा मिलने से जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के कामों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने में प्रभाव बढ़ता है तथा अधिकारियों से मिलने में भी सुविधा होती है। यह एक पदाधिकारी का मत है, इसे सभी संस्थाओं में लागू होने वाला कानूनी अधिकार नहीं माना जा सकता।

**कई नामों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी-** हाल की नियुक्तियों में जयभान सिंह पवैया, रामकृष्ण कुसमारिया, रामलाल रौतेल, डॉ. कैलाश जाटव, डॉ. निवेदिता शर्मा, रेखा यादव, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रवीण शर्मा, केपी यादव, रामनिवास रावत, संजय नगायच, महेंद्र सिंह यादव, रवि सोलंकी, विनोद गोटिया, अशोक शर्मा, मनोहर पोरवाल सहित कई नेताओं को अलग-अलग संस्थाओं में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने की रिपोर्ट है। उपाध्यक्ष पदों पर भी मनोहर लाल नागर, संजीव कांकर, राकेश जादौन, उदयवीर सिंह गुर्जर, प्रशांत केशरवानी, सुधीर गुप्ता, वेद प्रकाश शिवहरे, मुकेश यादव, रवि वर्मा, हरिश मेवाफरोश, डॉ. अजय सिंह, संजय तीर्थानी, गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी के नाम सामने आए हैं।

**भोपाल-इंदौर पर अभी भी निगाहें-** दूसरी ओर भोपाल और इंदौर जैसे महत्वपूर्ण विकास प्राधिकरणों में नियुक्तियों को लेकर लंबे समय तक स्थिति स्पष्ट नहीं रही। अप्रैल 2026 की रिपोर्टों में दोनों प्राधिकरणों के अध्यक्ष पदों को लेकर अंतिम निर्णय लंबित बताए गए थे। ऐसे में निगम-मंडल और प्राधिकरणों की नियुक्तियों का अगला चरण भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर बड़े विकास प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां होने पर उनके अध्यक्षों की भूमिका आगामी विकास परियोजनाओं और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण हो सकती है।

### 48 पदाधिकारियों की नजर सरकार के अगले आदेश पर

34 अध्यक्ष और 14 उपाध्यक्ष यानी कुल 48 पदाधिकारियों को फिलहाल सरकार के अगले फैसले का इंतजार है। इनमें कई वरिष्ठ राजनीतिक चेहरे शामिल हैं। रिपोर्टों के अनुसार राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया का कार्यकाल भी कुछ ही महीनों में समाप्त होने वाला है, जिससे मंत्री दर्जे को लेकर समय का पहलू भी चर्चा में है। हालांकि यह कहना कि सभी 48 पदाधिकारी मंत्री दर्जे को लेकर असंतुष्ट हैं, उपलब्ध रिपोर्टों से पूरी तरह स्थापित नहीं होता। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कुछ पदाधिकारियों के नाराज होने अथवा सक्रियता पर असर पड़ने की बात कही गई है, जबकि इसकी स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

### अब असली सवाल—पद के साथ कितनी ताकत?

नियुक्तियों के बाद अब सरकार के सामने अगला फैसला मंत्री दर्जे को लेकर है। सवाल यह है कि क्या सरकार सभी अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को पूर्व की तरह मंत्री स्तर का दर्जा देगी या इस बार केवल पद देकर ही व्यवस्था चलाएगी। यानी लंबे इंतजार के बाद नेताओं को कुर्सी तो मिल गई, अब नजर सरकार के उस आदेश पर है जो यह तय करेगा कि इस कुर्सी के साथ प्रोटोकॉल और राजनीतिक प्रभाव का दायरा कितना होगा।

## आज इंदौर आएंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 17 सितंबर को इंदौर आएंगे। उनका मुख्य कार्यक्रम सुपर कॉरिडोर मैदान में आयोजित होगा। यहां वे स्वामित्व योजना का शुभारंभ करेंगे।

खास बात राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मप्र में पहली बार आ रहे नितिन नवीन की कोई स्वागत रैली नहीं होगी। दरअसल उनकी व्यस्तता के मद्देनजर उनका यहां सिर्फ सरकारी कार्यक्रम ही होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत ऐसे लोगों को उनकी जमीन और मकान का अधिकार देने का काम किया जा रहा है, जो वर्षों से वहां रह रहे हैं, लेकिन उनके पास जमीन का वैध दस्तावेज या पट्टा नहीं है। इंदौर और आसपास के क्षेत्र के करीब 30 हजार लोगों को स्वामित्व के पट्टे दिए जाने की तैयारी है। योजना के तहत जिस स्थान पर व्यक्ति वर्षों से रह रहा है, उसी स्थान पर उसे स्वामित्व का अधिकार देने का प्रयास किया जा रहा है। विजयवर्गीय ने बताया कि नितिन नवीन का इंदौर दौरा सीमित समय का रहेगा। उनके स्वागत में कोई बड़ी रैली या शोभायात्रा आयोजित नहीं की जाएगी।

## वीरता पदक विजेता, परिजनों को ट्रेन की एसी क्लास में आजीवन फ्री यात्रा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस, वीरता और बलिदान का परिचय देने वाले सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान में रक्षा मंत्रालय ने बड़ा निर्णय लिया है। देश के लिए असाधारण साहस दिखाने वाले सैनिकों को अब भारतीय रेल में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसकी प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। रक्षा मंत्रालय ने सेना मेडल, नौ सेना मेडल और वायु सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित सैनिकों के लिए भारतीय रेलवे की फर्स्ट क्लास (एफसी), सेकंड एसी (2) और एसी चेयर कार (सीसी) श्रेणी में आजीवन फ्री यात्रा की सुविधा को मंजूरी दी है।

## पाकिस्तानी नेवी शिप अरब सागर में भारतीय युद्धपोत से टकराया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भारतीय नौसेना के जहाज से टकरा गया। घटना कब की है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 2011 में भी दोनों देशों के जहाजों में टक्कर हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। इसी दौरान पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार में आया और गलत दिशा में मुड़ गया, जिससे दोनों जहाज टकरा गए। एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी जहाज का नाम पीएनएस हुनैन है। इसे समुद्री निगरानी और गश्त के लिए इस्तेमाल किया जाता है। टक्कर में इसको नुकसान पहुंचा है।

## अमृत ग्रुप के 17 ठिकानों पर ईडी की रेड

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

अमृत ग्रुप ऑफ कंपनीज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कार्रवाई की। ईडी की अलग-अलग टीमों ने इंदौर और कोलकाता में एक साथ 17 ठिकानों पर दबिश दी। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 17 के तहत की जा रही है। ईडी की जांच के मुताबिक, अमृत ग्रुप से जुड़ी कंपनियों ने अलग-अलग आकर्षक डिपॉजिट स्कीमों के जरिए आम लोगों से रकम जुटाई थी। निवेशकों को उनकी जमा राशि पर ज्यादा रिटर्न देने का भरोसा दिए जाने की बात सामने आई है। जांच एजेंसी के अनुसार, तय समय बीतने के बाद भी कई निवेशकों को वादा किया गया रिटर्न नहीं मिला।

# देश विदेश

### बेसिक सैलरी 25 हजार रु. या कम, तो पीएफ जरूर कटेगा

**नई दिल्ली।** अगर आपकी बेसिक सैलरी 25 हजार रुपए या इससे कम है तो कंपनी को आपका पीएफ जमा करना ही होगा। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को पीएफ के लिए बेसिक सैलरी लिमिट 15 हजार रु. से बढ़ाकर 25 हजार रु. कर दी है। यह लिमिट सैलरी और डीए पर लागू होती है, पूरी सीटीसी या ग्रॉस सैलरी पर नहीं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले 51 लाख कर्मचारियों को पीएफ बचत और पेंशन का फायदा मिलेगा। अभी देश में 7.89 करोड़ लोग पीएफ के दायरे में आते हैं। इससे पहले 2014 में पीएफ के लिए बेसिक सैलरी की लिमिट 6500 रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये की गई थी।

### पीएम मोदी के साथ पढ़े असगर अली को जमीन वापस मिली

**भायंदर।** महाराष्ट्र में ठाणे के मीरा रोड में रहने वाले 81 साल के असगर अली वोहरा को जमीन विवाद में राहत मिली है। पीएम मोदी से मुलाकात के 8 दिन बाद भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने उनसे जुड़ी विवादित जमीन का कब्जा छोड़ने और कंस्ट्रक्शन परमिट सरेंडर करने की बात कही है। वोहरा ने 8 सितंबर को पीएम मोदी से मुलाकात कर जमीन विवाद में दखल देने और सीबीआई जांच की मांग की थी। दोनों की मुलाकात की तस्वीरें भी सामने आई थीं। वोहरा का दावा है कि उन्होंने गुजरात के वडनगर स्थित बीएन स्कूल में पीएम मोदी के साथ एक ही क्लास में पढ़ाई की थी। वोहरा के मुताबिक, जमीन को लेकर वह करीब 15 साल से अलग-अलग सरकारी विभागों के सामने मामला उठा रहे थे।

### सरकार ने कहा- यूपीआई पर चार्ज विदेशी दबाव में नहीं लगाया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई नियमों में बदलाव किसी विदेशी दबाव में नहीं लाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यूपीआई से जुड़े फैसले भारत की घरेलू जरूरतों के आधार पर स्वतंत्र रूप से लिए गए हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने यूपीआई पर टैक्स लगाने के फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने पर वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि इस फैसले से अमेरिका को फायदा होगा और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गई है। इस याचिका में अदालत से सरकार के इस नए नियम को तुरंत रद्द करने की मांग की गई है। दरअसल, सरकार ने मंगलवार को आदेश दिया था कि 15 अक्टूबर 2026 से 2 हजार रु. से ज्यादा के चुनिंदा यूपीआई मर्चेंट पेमेंट पर 0.4% एमडीआर लगेगा।

अयोध्या में अमिताभ बच्चन

### 15 करोड़ की जमीन पर धर्मशाला बनाएंगे



पिता की याद में लिया बड़ा फैसला

**अयोध्या।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उनकी खबर फिल्म या टीवी शो से नहीं, बल्कि अयोध्या से जुड़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ बच्चन अयोध्या में करीब 15 करोड़ रुपये की जमीन पर एक धर्मशाला बनाने जा रहे हैं। यह धर्मशाला उनके पिता प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की याद में बनाई जाएगी। जुलाई में ही खबर आई थी कि अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में जमीन खरीदी है। अब लगभग दो महीने बाद यह जानकारी सामने आई है कि वे वहां एक स्मृति धर्मशाला का निर्माण करवाएंगे। यह धर्मशाला दशरथ पथ पर स्थित द सरयू प्रोजेक्ट में बनेगी। इसमें 20 से ज्यादा कमरे होंगे। अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी एडीए को बिल्डिंग मैप की मंजूरी के लिए आवेदन दिया जा चुका है। आवेदन मिलने के बाद एडीए ने पब्लिक नोटिस जारी किया है। इसमें लोगों से 15 दिन के अंदर आपत्तियां मांगी गई हैं। अगर सब कुछ सही रहा तो मंजूरी मिल जाएगी। उम्मीद है कि अक्टूबर में निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। एडीए के उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अमिताभ बच्चन की तरफ से 20 से अधिक कमरों वाली धर्मशाला का आवेदन आया है। मंजूरी मिलने के बाद अयोध्या आने वाले भक्तों को बेहतर ठहरने की सुविधा मिलेगी।

### नैनो न्यूज

- **बारामती :** सुपे घाट में 40 छात्रों से भरी एसटी बस पलटी, मची चीख-पुकार, प्रशासन पर गंभीर आरोप।
- **मुंबई :** वोडा-आइडिया पर ट्राई का बड़ा एक्शन, जियो-एयरटेल की शिकायत के बीच लगा जुर्माना, क्वालिटी सर्विस न देने का आरोप।
- **जबलपुर :** हाईकोर्ट में सहायक ग्रेड 3 की भर्ती में ईडब्ल्यूएस को राहत, अब 45 साल तक के अभ्यर्थी भर सकेंगे फॉर्म।
- **लखनऊ :** क्रिकेटर रिंकू सिंह, सांसद प्रिया सरोज संग 4 दिसंबर को सात फेरे लेंगे, लखनऊ में होगी शादी।
- **वाशिंगटन :** अमेरिका में पढ़े विदेशियों का वहां नौकरी करना मुश्किल, 40 हजार रु. की जगह 1 करोड़ वसूलने की तैयारी।
- **कोलकाता:** महुआ मोइत्रा ने कहा- मुझ पर अंडे फेंके गए, पुलिस भी इसमें शामिल; सुप्रीम कोर्ट के कहने के बाद अपने क्षेत्र में गई थी।
- **वाशिंगटन :** इजराइल को 26 हजार करोड़ के हथियार देंगे ट्रम्प, 900 किलो के 40 हजार बम शामिल, बाइडेन ने ज्यादा मौतों के डर से सप्लाई रोकी थी।



cbc 38117/13/0017/2627

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### निष्पक्षता एवं तटस्थता पर सवाल

धर्मनगरी, जिला एवं प्रदेश के साथ देश में निष्पक्षता एवं तटस्थता की प्रतीक संस्था पर हालिया स्थिति में सवाल उठे हैं। उसके मूल काम से प्रथक ये सवाल उन मामलों से है जो उसने अपनी निष्पक्षता एवं तटस्थता के लिए ठेके पर दिए थे और बाद में उनके भुगतान ही नहीं किए गए हैं। उसे लेकर हाल ही में एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान ने राजधानी स्थित कार्यालय से जुड़ा स्टींग आपरेशन किया और उसमें अफसरों की दलाली का मामला सामने आया। इस निष्पक्षता एवं तटस्थता वाली संस्था के वित्तीय कामों पर सवाल इस लिए उठे की वर्ष 2023 में जो काम निष्पक्षता एवं तटसथता को कायम रखने के लिए ठेके की तीसरी आंख के जरिए करवाए गए थे उसका भुगतान अब तक नहीं किया गया। चींटी की चाल से बिल चले और कार्रवाई भी। अब तक इसमें कोई निदान नहीं किया गया है। वर्ष 2024 में जो इसी प्रकार के काम करवाए गए थे उसके तीसरी आंख वाले ठेकेदार ने अव्वल तो दो साल तक बिल ही पेश नहीं किए। निष्पक्षता एवं तटस्थता वाली संस्था के धार्मिक नगरी के जिला कार्यालय ने दो नोटिस दिए उसके बाद ठेकेदार ने जैसे तैसे बिल दिए। इसमें लोचे ही लोचे हैं। बिल की दिनांक अलग और नियमानुसार जीएसटी के तीन माह में बिल की शर्तों का उल्लंघन वाले बिल पेश किए गए। यही नहीं कई ऐसे लोचे हैं जो ऑडिट विभाग के सामने आने पर पकडे जा सकते हैं लेकिन हरे घोड़े के पांव लगाकर आए बिल सुपर गति से दौड़े और सीधे राजधानी के प्रदेश स्तरीय कार्यालय में पहुंच गए। इससे कई सारी बातों पर सवाल कायम हो रहे हैं। यही नहीं वर्ष 23-24 में वेब के नाम पर जिलों में निविदा बुलाई गई थी जिसमें काफी कम दरें सामने आई थी। इन दरों के सामने आने के बाद भी प्रदेश कार्यालय ने एक निविदा बुलाई और जिलों में आई दर से औसत दस गुना ज्यादा में काम पसंदीदा को दिया गया। इसमें ही आम आदमी के करों से इकट्ठा होने वाले देश के खजाने को अच्छा खासा चूना लगा है। खुसूर-फुसूर है कि निष्पक्षता एवं तटस्थता की इस संस्था पर देश का हर नागरिक प्रत्येक 5 साल में विश्वास के साथ उसके केंद्रों पर जाकर अपना अधिकार का दान करता है। मालवा में कहावत है कि भट्टी पर रखे चावल की पतीली से एक चावल उठाकर देखने पर बहुत कुछ साफ हो जाता है। ऐसा ही कुछ निष्पक्षता एवं तटस्थता वालों का भी सामने आ रहा है।

## नैनो न्यूज

- **उज्जैन से हरिद्वार** और बद्रीविशाल धाम के लिए रवाना हुए 205 दिव्यांग श्रद्धालु, समर्थ सेवा संस्था ने शुरू की आठ दिवसीय निःशुल्क तीर्थ यात्रा, स्टेशन पर हुआ सम्मान
- **राहुल गांधी** के कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने चलाया छात्र संवाद व पंजीयन अभियान, जीवाजी गंज और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस ने स्कूलों व कोचिंग संस्थानों में जाने विद्यार्थियों के विचार, देश में एक शिक्षा बोर्ड की उठी मांग
- **कंठाल में** नाली पर स्थापित की संकट मोचन हनुमान की मूर्ति, भक्तों में भारी रोष, सड़क चौड़ीकरण के दौरान सुरक्षित रखी मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने लगेज की दुकान से निकालकर नाली पर रखा, प्रशासन से नपती की मांग
- **टूटे रिश्ते** जोड़ना ही सच्चा धर्म, संवत्सरी पर मिला मैत्री का संदेश, आचार्य श्री विजयहीर सूरिश्वरजी बड़ा उपाश्रय एवं श्री केसरियानाथ खाराकुआं मंदिर में संवत्सरी पर्व श्रद्धा, आत्मचिंतन और क्षमाभाव के साथ मनाया गया।
- **राहुल गांधी** के कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' के लिए कांग्रेस का संवाद व रजिस्ट्रेशन अभियान, महाराजवाड़ा कार्तिक चौक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे पर विद्यार्थियों से मांगा समर्थन
- **न्यायालय** के आदेश के बाद अजाक्स मामले में जालसाजी का प्रकरण दर्ज, प्रकरण दर्ज होने पर अजाक्स में खुशी की लहर संगठन ने मिठाईया बांटी
- **हरित भविष्य** और ओजोन परत संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक, निर्मला कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन व परिचर्चा का आयोजन

## ट्रेंडिंग




पंडालों में विराजे गणेशजी के अलग-अलग रूपों को देखने के लिए पहुंच रहे लोग

# कहीं महाराष्ट्र के भुसावल से लेकर आए प्रतिमा तो कहीं बंगाली कारीगरों से यहीं बनवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इस समय शहर में चारों ओर गणेश उत्सव की धूम नजर आ रही है शहर में कई जगहों पर विशाल पंडालों में गणेश जी की विशाल मूर्तियां विराजित है जिन्हें निहारने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। शहर में कई जगह विराजित प्रतिमा महाराष्ट्र के भुसावल व बुरहानपुर से बनकर आई है तो किसी को कोलकाता या फिर बंगाली कारीगरों ने यही बनाया है। आरती से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक हो रहे हैं। गणेशजी को अलग-अलग रूपों में पूजा जा रहा है और आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया जा रहा है।



जूनियर ग्रुप मालीपुरा मित्र मंडली

### कंगालपुरा में कालभैरव स्वरूप में विराजे भगवान गणेश चाइनीस व्यंजनों का लगेगा भोग

मालीपुरा के कंगालपुरा क्षेत्र में श्री शीतला माता भक्त मंडल द्वारा गणेश जी की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 21 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं इस बार भी 2 लाख 21 हजार रुपए कीमत की विशाल गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर विराजित की गई है। यहां विराजित गणेश प्रतिमा की खासियत यह है कि गणेश जी काल भैरव के स्वरूप में है और ऊपरी भाग में शेषनाग हैं आयोजकों ने आगे बताया कि 19 सितंबर को खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक हितेश महाराज व प्रियंका गुप्ता द्वारा भगवान खाटू श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा 24 सितंबर को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस बार आज 17 सितंबर को एक विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसमें भगवान गणेश जी को चाइनीस व्यंजन जैसे मंचूरियन, चिली पोटैटो, नूडल्स आदि का भोग लगाकर इन चाइनीस व्यंजनों को प्रसाद के रूप में सभी लोगों व बच्चों को वितरित किया जाएगा ।



श्री शीतला माता भक्त मंडल कंगालपुरा

### मालीपुरा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप भी विराजे भगवान गणेश

मालीपुरा में लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास जूनियर ग्रुप मालीपुरा मित्र मंडली द्वारा विगत 21 वर्षों से क्षेत्र में गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस बार भी जूनियर ग्रुप द्वारा 2 लाख 25 हजार रुपए कीमत की विशाल व आकर्षक दिखने वाली गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर विराजित की है ।

यहां विराजित प्रतिमा में गणेश जी के छह हाथ हैं और ऊपरी भाग में शेषनाग है। यह गणेश जी की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में लोग पंडाल में गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने आगे बताया कि सुबह शाम आरती के पश्चात भगवान गणेश जी को मोदक का भोग लगाकर प्रसाद वितरित की जा रही है।



लक्कड़गंज मालीपुरा में विराजे गणपति की भव्य प्रतिमा के दर्शन हेतु अनेक भक्त प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।

**माली धर्मशाला के समीप विराजे गणेश जी एक दांत के नाम से जाने जाते हैं हर साल की तरह इस बार भी चांदी का दांत चढ़ाया-** हजार रुपए कीमत की साढ़े बारह फीट की सुंदर व आकर्षक दिखने वाली भगवान गणेश जी की प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 18 वर्षों से क्षेत्र में गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं तथा इस बार उन्होंने बुरहानपुर से भगवान गणेश जी की प्रतिमा मंगवाकर क्षेत्र में विराजित की है आयोजकों ने बताया की क्षेत्र में विराजित गणेश प्रतिमा को हर बार चांदी का एक दांत चढ़ाया जाता है इस बार भी विराजित गणेश जी को चांदी का दांत चढ़ाया गया है। इसलिए यहां विराजित गणेश जी एकदंत गणेश के नाम से जाने जाते है तथा रोज सुबह शाम गणेश जी की आरती कर गणेश जी को मोदक सहित अन्य लड्डू प्रसाद का भोग लगाकर लोगों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। आयोजकों ने आगे बताया कि बारस के दिन महा आरती का आयोजन रखा गया है तथा अनन्त चतुर्दशी पर भव्य चल समारोह निकालकर विसर्जन किया जाएगा।



मालीपुरा में माली धर्मशाला के पास एकदंत परिवार के गणेश


# 25 लाख दीपों से जगमगाएंगे शिप्रा के घाट

### दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर घाटों पर दिनभर चला दीप सजाने का काम, कार्तिक मेला ग्राउंड में पैकिंग का सिलसिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पुण्यसलिला शिप्रा के घाटों और महाकाल लोक को 25 लाख दीपों से आलोकित करने के महाआयोजन की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। अधिकारी-कर्मचारी, महिला-पुरुष वालेंटियर्स और अन्य सहभागी दिनभर दीप सजाने और निर्धारित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे रहे।

पूरे नदी क्षेत्र को सात सेक्टरों में विभाजित कर विभिन्न घाटों पर ब्लॉक बनाए गए हैं। इन ब्लॉकों में निर्धारित संख्या में मिट्टी के दीपक जमाने का काम दिनभर चलता रहा। कहीं वालेंटियर्स कार्टन उठाकर निर्धारित स्थान तक पहुंचाते नजर आए तो कहीं महिलाएं और पुरुष दीपकों को गिन-गिनकर ब्लॉक में व्यवस्थित तरीके से जमाते रहे। महाकाल लोक के समीप बनाए गए एक आयताकार ब्लॉक में करीब 156 दीपक व्यवस्थित किए गए। शाम तक भूखीमाता घाट, नृसिंह घाट, गुरुनानक घाट, दत्त अखाड़ा घाट, सुनहरी घाट, रामघाट सहित शिप्रा तट के प्रमुख घाटों और महाकाल लोक के बाहर बनाए गए ब्लॉकों में दीपक पहुंचाने और जमाने का काम पूरा होने लगा था। घाटों पर दूर तक एक जैसी कतारों में सजे मिट्टी के दीपक आयोजन की भव्यता का अहसास करा रहे थे।





**कार्तिक मेला ग्राउंड में दीपकों की पैकिंग-** दूसरी ओर कार्तिक मेला ग्राउंड पर बने विशाल शामियाने में वालेंटियर महिलाएं दीपकों की सफाई और पैकिंग में व्यस्त रहीं। बड़ी संख्या में मिट्टी के दीपकों को गिनकर कार्टन में पैक किया जा रहा था। एक के बाद एक तैयार होते कार्टन और उन्हें निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने की गतिविधियों से पूरा परिसर किसी बड़े सामूहिक उत्सव की तैयारियों का केंद्र नजर आ रहा था।

**एक छत के नीचे दिखी साझी संस्कृति-** कार्तिक मेला ग्राउंड के विशाल शामियाने में अलग-अलग धर्म और समुदाय की महिलाओं की सहभागिता भी आयोजन का खास दृश्य बनी। मुस्लिम महिलाएं अपने पारंपरिक परिधान में हिंदू महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दीपोत्सव की तैयारियों में जुटी दिखाई दीं। सामूहिक रूप से दीपों की पैकिंग और व्यवस्था में भागीदारी ने सामाजिक समरसता और साझी संस्कृति का संदेश दिया।

**मुख्यमंत्री करेंगे दीपोत्सव का शुभारंभ-** सेवा से संकल्प अभियान के तहत आयोजित दीपोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे। इसके बाद शिप्रा के घाटों और महाकाल लोक के आसपास लाखों दीपों की रोशनी से उज्जैन का दृश्य भव्य और मनोहारी नजर आएगा।

# हाट के बाद बदबू और कचरे से सराबोर नानाखेड़ा क्षेत्र





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नानाखेड़ा क्षेत्र में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट के बाद सफाई व्यवस्था की पोल खुल जाती है। हाट खत्म होने के बाद सड़क पर जगह-जगह सब्जियों का कचरा, सड़े-गले टमाटर, प्याज और अन्य खाद्य सामग्री के ढेर छोड़ दिए जाते हैं। इनसे उठने वाली तेज दुर्गंध के कारण रात में इस मार्ग से गुजरना लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है।

स्थिति यह है कि मंगलवार रात से लेकर बुधवार सुबह तक सड़क के आसपास गंदगी का साम्राज्य बना रहता है। सड़ी सब्जियों और कचरे के कारण वातावरण में दुर्गंध फैलती रहती है। सुबह टहलने के लिए निकलने वाले लोगों को भी इसी गंदगी और बदबू के बीच से गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाट समाप्त होते ही सफाई की व्यवस्था हो जाए तो समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार नगर निगम का सफाई अमला बुधवार को सुबह करीब 10 बजे तक हाट क्षेत्र की सफाई करता है। तब तक सड़क पर कचरा फैला रहता है।

तीन सालों में समिति की एक ही बैठक, कानून का मसौदा कब बनेगा विधायक को भी नहीं मिला जवाब

# प्रदेश सरकार पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर समिति में अटकी

### पत्रकार संगठनों की मांग बरकरार

### समय-समय पर तहसील से लेकर प्रदेश तक दे रहे ज्ञापन

### संभागीय समितियां भी नहीं बनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पत्रकारों की समुचित सुरक्षा को लेकर कानून बनाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार के रास्ते में संभवतः रोडा नहीं बड़ी चट्टान सामने है जिसके चलते पिछले 3 सालों में न तो पत्रकारों के सुरक्षा कानून का मसौदा सामने आ सका है और न ही संभागीय स्तर पर बनने वाली समितियां ही बनाई जा रही है। हाल यह है कि इस मामले के विधानसभा में उठने के बाद भी कुछ नहीं हुआ जस के तस हाल बने हुए हैं। पत्रकार संगठनों की मांग बरकरार है और तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक ज्ञापनों की संख्या बढ़ रही है।

प्रदेश के श्रमजीवी पत्रकारों की और से चाहे इस मांग को लेकर ज्ञापनों की संख्या बराबर बनी हुई है लेकिन वर्ष 2023 में उनकी सुरक्षा के कानून बनाने को लेकर मसौदा बनाने वाली समिति की बैठक एक से आगे नहीं बढ़ सकी है। इस समिति को महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में बने कानूनों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को देना थी। इस मामले में विधानसभा में कुछ माह पूर्व मंदसौर के विधायक विपिन जैन ने सरकार के समक्ष ध्यान आकर्षित करते हुए प्रश्न उठाए थे लेकिन उसके बाद भी मामला जहां और जैसा था वैसा ही है। बकौल विधायक विपिन जैन मैंने पत्रकारों की सुरक्षा के मसले को धरातल से अध्ययन के बाद सदन के समक्ष रखा था। तीन साल में मात्र एक बैठक समिति की सामने आई है। सवाल उठाने के बाद भी सरकार की गंभीरता इस मुद्दे पर सवालों के दायरे में है। इस मुद्दे पर फिर सरकार से सदन में बात की जाएगी।

### समिति की मात्र एक बैठक

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार समागम में 7 सितंबर 2023 को पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने को लेकर घोषणा की थी। इसे लेकर 25 सितंबर 2023 को गृह विभाग ने नोटिफिकेशन जारी किया। इसके तहत एक 5 सदस्यीय समिति बनाई गई जिसे 2 महीने में रिपोर्ट देना था। समिति को अन्य राज्यों (महाराष्ट्र) के कानून का अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट सरकार को देना थी। 5 सदस्यीय समिति में अध्यक्ष - डॉ. राजेश राजौरा, तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग बनाए गए थे। सदस्यों में - प्रमुख सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग जिन्हें समिति का सचिव दायित्व भी दिया गया था के साथ प्रतिनिधि, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, भोपाल, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव नामित सदस्य थे। समिति की 5 अक्टूबर 2023 को वल्लभ भवन, भोपाल में प्रारंभिक बैठक हुई थी जिसमें तय हुआ था कि महाराष्ट्र के कानून की कॉपी मंगाई जाएगी। इसके उपरांत विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। बाद में पूरा मामला ही नई सरकार के आने के बाद से जस का तस है। इसके बाद वर्ष 2024-26 कोई नई समिति नहीं बनी, कोई रिपोर्ट विधानसभा में नहीं आई। मार्च 2025 में विधानसभा में कांग्रेस विधायक विपिन जैन ने सवाल उठाया तो सरकार ने जवाब दिया - अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है।

### पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ में सालों से लागू

पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर देश के 28 में से मात्र 2 राज्यों में ही यह कानून लागू किया गया है। पड़ोस के राज्य महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से अलग हुए छत्तीसगढ़ में संजीदा तौर पर विचार किया गया और महाराष्ट्र ने 7 अप्रेल 2017 से इस कानून को बनाकर लागू कर दिया। इसे महाराष्ट्र मीडियाकर्मी और मीडिया संस्थान (हिंसा और संपत्ति को नुकसान या हानि की रोकथाम) अधिनियम, 2017 नाम दिया गया। इसमें वहां के पत्रकार पर हमला संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध, 3 साल जेल + 50,000 जुर्माना, जांच उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को करने के प्रावधान किए गए। महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बना जहां इस तरह का कानून लागू किया गया। कभी मध्यप्रदेश का अंग एवं वर्तमान में प्रथम प्रदेश छत्तीसगढ़ ने भी मामले पर गंभीरता दिखाई और 22 मार्च 2023 को विधानसभा में छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी संरक्षण विधेयक, 2023 पास किया गया। इसे बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जस्टिस आफताब आलम कमेटी 2019 में बनी थी। पत्रकारों के लिए कानून बनाने वाला ये दूसरा राज्य बना।

### विधानसभा में विधायक के पूरक प्रश्न

मार्च 2025 में मंदसौर विधायक विपिन जैन ने इस मुद्दे को उठाया था। पूरक प्रश्न करते हुए उन्होंने पूछा था कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है। अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की आवाज उठाता है व निष्पक्ष रिपोर्टिंग करता है। आए दिन हम खबरों में देखते हैं कि पत्रकारों के ऊपर हमले होते हैं, इन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। कई पत्रकारों की हत्या भी हो गई है। आज के दौर में पत्रकारिता करना कठिन काम है। पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना खबरों का कवरेज करता है। पक्ष और विपक्ष की कमजोरियों को बताकर समाज और जनता के बीच में संतुलन भी करता है। माननीय मंत्री जी ने बताया है कि 2023 में एक मीटिंग हुई थी पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में और अन्य राज्यों के संबंधित कानून बनाने के लिए, अन्य राज्यों में लागू कानून के अध्ययन एवं इस क्षेत्र के विशेष सुझाव प्राप्त होने के पश्चात प्रारूप तैयार करेंगे। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि यह पत्रकार सुरक्षा कानून कब तक लागू हो जाएगा और 2023 में जो मीटिंग हुई थी उसके बाद अभी तक क्या इस पर निर्णय हुआ, यह बताने की कृपा करें।

### सरकार की और से मंत्री श्री लोधी का जवाब

विधायक के पूरक प्रश्नों के जवाब में राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर जवाब देते हुए कहा था कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। भारत के संविधान में भी स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत प्रेस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में भी सुरक्षात्मक उपबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार पत्रकारों की समुचित सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि बताया जा चुका है कि इस पत्रकार सुरक्षा संबंधी कानून बनाने के लिए अन्य राज्यों के कानूनों का अध्ययन किया जा रहा है और विषय विशेषज्ञों से सुझाव भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इन सब के अध्ययन और परीक्षण के उपरांत सरकार इस संबंध में निर्णय लेगी। हमारी सरकार पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पत्रकार सुरक्षा कानून के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसके उपरांत प्रश्नकाल समाप्त होने के कारण अध्यक्ष ने व्यवस्था दी थी कि शेष उततर से सदस्य को अवगत करा देना।

### संभागीय समितियां भी गायब

पिछले तीन सालों में प्रदेश में पत्रकारों को लेकर जनसंपर्क विभाग की और से बनाए जाने वाली संभागीय अधिमान्यता समितियां भी सिरे से ही गायब है। इन वर्षों में युवा पत्रकारों के अधिमान्यता के मामले बराबर अटके हुए हैं। पूर्व में समिति की बैठकों में युवा पत्रकारों को अधिमान्यता दिए जाने के प्रस्ताव की अनुशंसा की जाती थी। पिछले कुछ वर्षों से अधिमान्यता के आवेदन ऑनलाइन होने पर वे सीधे विभागीय मुख्यालय पर ही पहुंचते हैं। जिलों में अधिकारी भी उससे अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में आवेदनों को लेकर निरंतर निदान की स्थिति अटकी हुई है।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 17 सितंबर, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### आज शाम 7 बजे आयोजित होगा आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से अवसर पर सेवा से संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत रक्तदान शिविरों में जनभागीदारी के शंखनाद के साथ आयोजन किया जाएगा। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में प्रति वार्डो में न्यूनतम 1000 दीपक, नगर पालिका परिषदों के प्रति वार्ड में न्यूनतम 500, नगर परिषदों में प्रति वार्ड में 250 दीपक सायं 7 बजे दीप प्रज्जवलित किए जाएँगे। इसके साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन कर एनीमिया से पीड़ित माताओं एवं गंभीर रोगियों को समयबद्ध रूप से रक्त प्रदाय किया जाएगा।

### जनसुनवाई में मिली मदद, रोजगार की राह खुली

**इंदौर।** रामदयाल प्रजापति की समस्या सामने आने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनके स्वास्थ्य संबंधी उपचार में भी प्रशासन द्वारा मदद की गई। साथ ही परिवार को ऐसी आजीविका से जोड़ने का प्रयास किया गया, जिससे वे अपनी परिस्थितियों से उबरकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। इसी पहल का परिणाम रहा कि रामदयाल की पत्नी द्वारिका प्रजापति ने देवगुराड़िया क्षेत्र में चाय, आलू पराठे और भजिए की दुकान शुरू की। शुरूआत भले ही छोटी थी, लेकिन परिवार के लिए यह दुकान उम्मीद की एक बड़ी किरण बन गई। पति की बीमारी के बीच पत्नी द्वारिका ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने स्वयं दुकान की जिम्मेदारी संभाली। सुबह से ही चाय, आलू पराठे और भजिए तैयार कर ग्राहकों को उपलब्ध कराने का काम शुरू किया।

### 55 जिलों में 13 निर्धारित मार्गों से निकलेगी यात्रा

**इंदौर।** समाज में सेवा, सुशासन और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुजरात के वडनगर से उत्तरप्रदेश के वाराणसी के बीच 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। जनसेवा और सामाजिक सरोकार को समर्पित यह यात्रा मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों से होकर गुजरेगी। प्रदेशभर में यात्रा के संचालन के लिए 13 मार्ग निर्धारित किए गए हैं। लगभग तीन सप्ताह तक चलने वाले इस वृहद आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को सेवा कार्यों से जोड़ना और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। आयोजन की रूपरेखा के अनुसार, यात्रा की प्रत्येक टोली में लगभग 100 यात्री सहभागिता करेंगे। यह टोलियां पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न नगरों, कस्बों और ग्रामों से होकर आगे बढ़ेंगी।

### जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया का किया अवलोकन



इंदौर। संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास संभाग इंदौर श्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को विकासखंड सांवेर के ग्राम डकाच्या स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज के बायो एनर्जी प्लांट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, फसल अवशेषों से सीएनजी गैस के उत्पादन तथा जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्लांट के वाइस प्रेसिडेंट श्री राजेंद्र सिंह एवं प्लांट मैनेजर सत्यम यादव ने संयुक्त संचालक को प्लांट की विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्लांट के पदाधिकारियों ने बताया कि मालवा-निमाड़ क्षेत्र के किसानों से गेहूं, मक्का, सोयाबीन सहित अन्य फसलों की कटाई के पश्चात खेतों में शेष रह जाने वाले फसल अवशेषों का विधिवत एकत्रीकरण किया जाता है। इन फसल अवशेषों को कंपनी द्वारा स्वयं के व्यय पर किसानों के खेतों से एकत्रित कर बायो एनर्जी प्लांट तक लाया जाता है। इसके पश्चात इन अवशेषों का उपयोग सीएनजी गैस के उत्पादन में किया जाता है। उन्होंने बताया कि बायो एनर्जी प्लांट में गैस उत्पादन की प्रक्रिया के पश्चात बाय-प्रोडक्ट के रूप में ठोस एवं तरल, दो प्रकार की जैविक खाद प्राप्त होती है। इन जैविक खादों का उपयोग किसानों के खेतों में किया जा सकता है तथा इन्हें कृषि उपयोग के लिए वितरित भी किया जाता है। इस प्रकार फसल अवशेषों का उपयोग ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ कृषि के लिए उपयोगी जैविक खाद तैयार करने में भी किया जा रहा है।

## नैनो न्यूज

- **देवास – बारिश से फसलों को राहत-** पश्चिमी मध्यप्रदेश में बारिश का दौर तेज है। देवास में भी मौसम सक्रिय रहने से खरीफ फसलों और किसानों को राहत की उम्मीद है।
- **शाजापुर – कुएं में मिले 13 हिरण-** शाजापुर जिले में खेत के कुएं से 13 काले हिरण और एक कुत्ते के शव मिले। वन विभाग ने जांच शुरू की।
- **सुसनेर – नगर परिषद चुनाव पर फैसला-** मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय उपचुनाव स्थगित किए गए हैं, लेकिन सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव इससे अलग रखा गया है।
- **आगर – बारिश का असर बरकरार-** आगर-मालवा समेत पश्चिमी मध्यप्रदेश में सक्रिय मौसम प्रणाली के कारण बारिश जारी है। प्रशासन और किसानों की नजर मौसम के अगले दौर पर है।
- **रतलाम – तेज बारिश का अलर्ट-** पश्चिमी मध्यप्रदेश में भारी बारिश के अलर्ट के बीच रतलाम भी प्रभावित जिलों में है। किसानों और प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है।
- **मंदसौर – गरोठ एक्सप्रेसवे हादसे में तीन मौतें-** मंदसौर के गरोठ में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में तीन युवकों की मौत हुई।

संतों की उपस्थिति में बाबा महाकालेश्वर को संबोधित प्रार्थना एसडीएम को मुख्यमंत्री के लिए सौंपी

# जूटा सकल हिन्दु समाज, खड़े हनुमान को यथावत रखने की रखी प्रार्थना

## दो बार श्री हनुमान चालीसा का किया गया पाठ, विहिप के पदाधिकारी भी रहे उपस्थित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

बुधवार को एक बार फिर से खडे हनुमान मंदिर बडा सराफा को लेकर हिन्दु समाज एकत्रित हुआ और मंदिर को यथावत रखे जाने की मांग को दोहराया है। इसे लेकर राजाधिराज बाबा श्री महाकालेश्वर के नाम संबोधित प्रार्थन पत्र रूपी ज्ञापन शहर एसडीएम एलएन गर्ग को मुख्यमंत्री के लिए सौंपा गया है। इस दौरान संतों की उपस्थिति में कई संस्थाओं के प्रतिनिधि यहां जूटे जिसमें बडी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही है।

बुधवार दोपहर 12 बजे उपरांत खडे हनुमान मंदिर पर सकल हिन्दु समाज की और से आयोजित कार्यक्रम में शहर भर के विभिन्न क्षेत्रों से लोग जूटे थे। बडी संख्या में पहुंचे हिन्दु धर्मावलंबियों ने यहां संतों की उपस्थिति में दो बार हनुमान चालीसा का पाठ किया और उसके उपरांत संतों की मौजूदगी में जिला प्रशासन के नुमाइंदे को मंच पर बुलाकर अपनी बात रखते हुए प्रार्थना पत्र रूपी ज्ञापन सौंपा गया।

### बाबा श्री खड़े हनुमानजी के दर्शनार्थ, स्वास्थ्य लाभ, कल्याण हेतु दूरदराज से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते

ज्ञापन में कहा गया है कि सिंहस्थ नगरी उज्जयिनी में महाकुंभ हेतु विभिन्न विकास कार्य प्रचलित है इसके लिए आप साधुवाद के पात्र है। विश्व हिन्दू परिषद व सकल हिन्दू समाज आपका हृदय से आभार व्यक्त करता ।

आगे जगत विख्यात तथ्य है कि उज्जैन के बड़ा सराफा क्षेत्र में विराजित श्री खड़े हनुमान मन्दिर को अब तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान अन्यत्र विस्थापित किये जाने के संबंध में भांति-भांति की जानकारियां प्रशासन की ओर से सामने आ रही है जबकि समग्र हिन्दू समाज की भावना यही है कि भगवान यहीं पर विराजित रहे। डॉक्टर हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध बाबा श्री खड़े हनुमानजी के दर्शनार्थ, स्वास्थ्य लाभ, कल्याण हेतु दूरदराज से प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते है और यहां भगवान की चरण रज को स्पर्श करने वाले को मोरपंखों से आशीष दिया जाता है वह अतुलित है। मंदिर पर अब नित प्रति श्रद्धालुओं की संख्या हजारों की संख्या में पहुंच चुकी है और यह तथ्य देश विदेश तक पहुंचकर देश भर से श्रद्धालु दर्शन पूजन को आ रहे है।

**प्रतिमा के संबंध में प्रशासन के प्रयास नाकाम हो चुके है**

यह भी ध्यान आकर्षित करना चाहते है कि इस मार्ग चौड़ीकरण में असंख्यक बहुसंख्यक धर्मस्थलों को विस्थापित किया जा चुका है परंतु समग्र हिन्दू समाज ने इसका विरोध नहीं किया, परंतु अब प्रश्न करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा और भावना का उत्पन्न हो गया है।

यह भी बात सामने आ रही है कि बाबा की प्रतिमा के आसपास की समस्त संरचनाएं प्रशासन द्वारा हटाई जा चुकी है लेकिन प्रतिमा के संबंध में प्रशासन के प्रयास नाकाम हो चुके है ईश्वर इच्छा क्या है यह प्रशासन समझ चुका है परंतु अब मात्र आपके ही योग्य निर्देशों के पश्चात भगवान को यथास्थान विराजित रखे जाने को लेकर अंतिम निर्णय होकर स्थिति स्पष्ट हो सकती है। सिर्फ और सिर्फ आप बाबा महाकालेश्वर ही बहुसंख्यकों की भावनाओं को समझकर उसका सम्मान कर सकते है। समग्र हिन्दू समाज की आशा युक्त दृष्टि आपकी ओर है और सभी के चक्षु आपके एक ऐतिहासिक निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे है।

**महेश आंजना ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन-**सकल हिन्दु समाज की और से महेश आंजना ने एसडीएम एल एन गर्ग को ज्ञापन सौंपते हुए सभी की मांगों को दोहराया। इस दौरान संतों के साथ विश्व हिन्दु परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव भी उपस्थित रहे। बकौल एसडीएम गर्ग ज्ञापन में मंदिर को यथावत रखे जाने की मांग की गई है। बाबा महाकालेश्वर के नाम ज्ञापन मुझे मुख्यमंत्री जी के लिए सौंपा गया। वैधानिक प्रक्रिया के साथ ज्ञापन मुख्यमंत्री जी के लिए भेजा जा रहा है।

पौराणिक स्थल के समीप निर्माण को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप का आग्रह

# क्षीरसागर की धार्मिक और पौराणिक गरिमा बनाए रखने की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सप्तसागरों में शामिल क्षीरसागर शहर की धार्मिक और पौराणिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। यहां श्रद्धालु सप्तसागर की पूजा-अर्चना, दर्शन और आरती के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यताओं के कारण क्षीरसागर को उज्जैन की आस्था से जुड़े प्रमुख स्थलों में माना जाता है।

स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन का ध्यान क्षीरसागर के समीप चल रहे तीन मंजिला भवन निर्माण की ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि धार्मिक स्थल की गरिमा और आसपास के वातावरण का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि भवन में नियमित रूप से मांसाहारी खाद्य पदार्थ पकाए जाते हैं तो उससे उत्पन्न गंध से यहां आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

श्रद्धालुओं का कहना है कि क्षीरसागर जैसे पौराणिक महत्व वाले स्थान के आसपास भवन निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए स्पष्ट नियम और मयार्दा निर्धारित होना चाहिए। धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता, शांत वातावरण और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि निमार्णाधीन भवन की अनुमति, भूमि उपयोग और संबंधित नियमों की जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षीरसागर की धार्मिक पहचान और श्रद्धालुओं की भावनाओं पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

श्रद्धालुओं का यह भी कहना है कि उज्जैन की धार्मिक विरासत केवल मंदिरों तक सीमित नहीं है, बल्कि सप्तसागर जैसे प्राचीन तीर्थस्थल भी शहर की पहचान का हिस्सा हैं। इसलिए इनके आसपास होने वाली गतिविधियों के नियमन में धार्मिक महत्व और स्थानीय भावनाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### 22 सितंबर को डोल ग्यारस पर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे भगवान कालभैरव

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

भगवान महाकाल के सेनापति कालभैरव 22 सितंबर को डोल ग्यारस पर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। मंदिर की परंपरा अनुसार शाम 4 बजे राजसी वैभव के साथ सेनापति की सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी। मंदिर प्रशासन द्वारा सवारी को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर प्रशासक संध्या मार्कंडेय ने बताया मंदिर की परंपरा अनुसार शाम 4 बजे कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा पालकी में विराजित भगवान कालभैरव के रजत मुखारविंद व चरण पादुकाओं का पूजन कर पालकी को नगर भ्रमण के लिए रवाना करेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र बल की टुकड़ी सेनापति को गार्ड ऑफ ऑनर देगी। इसके बाद कारवां नगर भ्रमण के लिए रवाना होगा।

**साल में दो बार निकलती है कालभैरव की सवारी-** भगवान कालभैरव को भगवान महाकाल का सेनापति और उज्जैन का नगर कोतवाल माना जाता है। वर्ष में दो बार उनकी सवारी निकलती है। पहली सवारी मार्गशीर्ष कृष्ण अष्टमी यानी भैरव अष्टमी पर भगवान के जन्मोत्सव के अगले दिन तथा दूसरी भाद्रपद शुक्ल एकादशी यानी डोल ग्यारस पर निकलती है। दोनों सवारियों में भगवान चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं।

**ग्वालियर से आएगी सिंधिया शाही की पगड़ी-** पंडित संजय पुजारी ने बताया भगवान कालभैरव के लिए सिंधिया शाही की पगड़ी 22 सितंबर को ग्वालियर से विशेष वाहन द्वारा उज्जैन आएगी। राजवंश के उदय दर महाराज सिंधिया की ओर से पगड़ी लेकर उज्जैन पहुंचेंगे। 22 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे कलेक्टर पूजा अर्चना कर भगवान कालभैरव को पहले शाही पगड़ी धारण कर आएंगे इसके बाद सवारी निकलेगी।

# 27 लाख की चोरी का खुलासा मालिक का ड्राइवर गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के राऊ थाना क्षेत्र में करीब 27 लाख रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी ड्राइवर रोहित सिंह कोसे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 24 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। आरोपी फरियादी गौरव के यहां ड्राइवर के रूप में काम करता था और उसे घर की गतिविधियों के साथ-साथ वहां रखी रकम की भी जानकारी थी।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी के घर से करीब 27 लाख रुपये चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और आरोपी की लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी रोहित सिंह कोसे की लोकेशन राजस्थान स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सांवरिया सेठ की मिली। बताया जा रहा है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सांवरिया सेठ के दर्शन करने चला गया था। पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 24 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस अब चोरी की बाकी रकम और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर आरोपी से पूछताछ कर रही है।

इंजीनियर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# इंजीनियरिंग कॉलेज से नई इंजीनियर्स शपथ जारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

इंजीनियर दिवस के अवसर पर उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। 21वीं सदी की जरूरतों और इंजीनियरों की बदलती जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में नई इंजीनियर्स शपथ जारी की गई। कॉलेज के पूर्व छात्रों के समूह गेसु संवाद की पहल पर तैयार इस शपथ को आगे देश-दुनिया के इंजीनियरों तक पहुंचाने की योजना है।

कार्यक्रम में पुनीत भट्ट ने कहा कि जिस तरह चिकित्सकों के लिए हिप्पोक्रेटिक शपथ प्रचलित है, उसी तरह इंजीनियरों के लिए भी उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को रेखांकित करने वाली शपथ जरूरी है। इंजीनियरों का काम सीधे लोगों के जीवन और सुरक्षा से जुड़ा है। सड़क, पुल, भवन, मशीनरी और तकनीकी व्यवस्थाओं के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग क्षेत्र में प्रचलित कई शपथ या इंजीनियर्स क्रीड करीब 100 वर्ष पुरानी हैं। वर्तमान समय में तकनीक और कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव आए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन, नई ऊर्जा और पर्यावरण जैसी नई चुनौतियों को देखते हुए आधुनिक जरूरतों के अनुरूप नई शपथ तैयार करने का विचार सामने आया।

नई शपथ को उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षकों, वर्तमान विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों के सहयोग से तैयार किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह केवल उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज की शपथ नहीं, बल्कि सभी इंजीनियरों के लिए है। नई शपथ में तकनीकी दक्षता के साथ ईमानदारी, पर्यावरण संरक्षण और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को महत्व देने की भावना है। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों ने इसे इंजीनियरिंग पेशे में जिम्मेदारी की भावना मजबूत करने वाली पहल बताया। इंजीनियर दिवस पर हुई यह पहल तकनीकी शिक्षा के साथ पेशेवर नैतिकता को जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में सामने आई।

# शराब कांड के बाद जागा विभाग, अब अवैध अहातों पर कार्रवाई

## दोबारा घटना हुई तो अफसरों पर दर्ज होगा केस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद प्रदेश सरकार ने अवैध शराब के कारोबार और प्रतिबंधित अहातों के खिलाफ सख्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के सभी संभागीय आबकारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध रूप से संचालित अहातों को तत्काल बंद कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि दोबारा ऐसी घटना सामने आई तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। देवड़ा मंगलवार को आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय कामकाज और आबकारी अपराधों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में अहातों पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद यदि किसी जिले में शराब दुकानों के आसपास बिना अनुमति शराब पिलाई जा रही है तो संबंधित लाइसेंसधारी के साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

बजरंग दल ने लगाया महिलाओं से छेड़छाड़ और लव जिहाद का आरोप

# आधा दर्जन से ज्यादा मुस्लिम युवकों को दबोचा


**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हरताली तीज के पावन पर्व पर राजवाड़ा पर आयोजित भव्य भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोमवार रात बड़ा बवाल खड़ा हो गया। सांसद शंकर लालवानी द्वारा हर साल की तरह आयोजित इस धार्मिक आयोजन में इंदौर शहर की हजारों महिलाएं और परिवार मौजूद थे। इसी दौरान अचानक माहौल उस समय बिगड़ गया जब भीड़ में शामिल कुछ मुस्लिम युवक हिंदू नाम बताकर महिलाओं से छेड़छाड़ करने लगे।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बताया कि भजन संध्या में बहन-बेटियों की बड़ी संख्या मौजूद थी। तभी कुछ संदिग्ध युवक भीड़ में घुसकर महिलाओं को गलत तरीके से छूने और छेड़छाड़ करने लगे। जब बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकड़ा और नाम पूछा तो पहले उन्होंने हिंदू नाम बताया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उनका असली नाम मुस्लिम निकला।

घटना के बाद मौके पर पुलिस के अल अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। इसके बाद युवकों को पुलिस के हवाले किया गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने करीब आधा दर्जन से अधिक मुस्लिम युवकों को पकड़कर उनकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंपा।

पिछले तीन वर्षों से लगातार ऐसे मामले सामने आने के बाद इस बार पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेट्स लगाए गए थे साथ ही परिवार सहित आने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया।



### लव जिहाद का खेल, बर्दाश्त नहीं

जिला संयोजक विजय कलखोर ने कहा, यह कोई पहली बार नहीं है। हिंदू समाज के बड़े आयोजनों में मुस्लिम युवक नकली पहचान बनाकर घुस आते हैं और महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। यह सब लव जिहाद की साजिश का हिस्सा है। बजरंग दल ने ठाना है झ लव जिहाद मिटाना। आगामी सभी बड़े महिला कार्यक्रमों में बजरंग दल सुरक्षा व्यवस्था संभालेगा।

घटना के बाद मौके पर पुलिस के अल अधिकारियों ने मोर्चा संभाला। पिछले तीन वर्षों से लगातार ऐसे मामले सामने आने के बाद इस बार पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेट्स लगाए गए थे साथ ही परिवार सहित आने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया और संदिग्ध, नशे में धुत या फालतू घूमने वाले युवकों को मौके से पकड़कर थाने भेजा गया। कुछ की मौके पर खातिरदारी भी हुई। सूत्र बताते हैं कि पुलिस अब पकड़े गए युवकों की पहचान, पृष्ठभूमि और उद्देश्य की गहराई से जांच कर रही है। वहीं हिंदू संगठनों ने ऐलान किया है कि यदि ऐसे मामले दोहराए गए तो वे कड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के राहुल, राजेश, अनुज गौड़, सिद्धू पुरोहित, आयुष, हेमंत, ऋतिक, रजत, शरद, कान्हा, विवेक, धर्मेंद्र, सहित बड़ी संख्या बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा से संकल्प अभियान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नई दिल्ली में हाल ही में हुआ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सच्चे अर्थो में भारत की विश्व भर में बढ़ती भूमिका का प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री ने ब्रिक्स सम्मेलन की सफलता और इस अवसर पर पारित हुए नई दिल्ली घोषणा पत्र को केन्द्र सरकार की कूटनीतिक जीत का प्रमाण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर दुनिया के सामने अपना वर्चस्व साबित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 25 वर्षों में देश में विकास का जो दीपक जलाया है, उसका प्रकाश पूरे विश्व में भारत की छवि को उज्ज्वल बना रहा है।

आगामी गुरुवार, 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन है और 7 अक्टूबर को लोक सेवाओं में उनके 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनसेवा के लिए पूरा जीवन समर्पित करने वाले प्रधानमंत्री के प्रति आभार स्वरूप 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान-2026 चलाया जाएगा और इसे मध्यप्रदेश की जनता की सेवा में समर्पित किया जाएगा। उन्होंने मंत्रीगण को अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपे जाने की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों के लिए संबंधित मंत्रीगण के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया है। मंत्रीगण और राज्य नोडल अधिकारी मिलकर जिला स्तर पर बेहतर तालमेल एवं सुनियोजित ढंग से कार्यक्रमों का ऐतिहासिक आयोजन सुनिश्चित करें। 17 सितम्बर को मंत्रीगण की उपस्थिति के संबंध में पृथक निर्देश जारी होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रसारित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सेवा माह में सभी पूरी ताकत के साथ जुट जाएं।

न्यूज कालम



## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्रामीण युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने ली बैठक

**टांडा (धार)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा धार ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उज्वल सोलंकी के प्रथम नगर आगमन पर टांडा में कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर डांक बंगला परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने उपस्थित होकर सोलंकी को साफा एवं पुष्पहार पहनकर सम्मान किया। इसके बाद सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सेवा एवं जनहितैषी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अधिक से अधिक लोगों तक सेवा गतिविधियों का लाभ पहुंचाना चाहिए। इस दौरान युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव रखे तथा सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में अ. ज.जा. मोर्चा ग्रामीण जिलाध्यक्ष लालसिंह बर्मन, युवामोर्चा जिला मंत्री विश्वास चौहान, शांतिलाल एसके, टोनी ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन, प्रदिप गादिया, जड़ाव मण्डलोई, सुंदरसिंह चौहान, इंगेश मेहता,सुनील डावर,किशन मेहड़ा,एवं अनिल अलावा आदि मंडल के पदाधिकारी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 17 सितंबर को जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर

**बुरहानपुर।** शासन के निर्देश पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले "सेवा संकल्प अभियान" का शुभारंभ जिले में रक्तदान से होगा। सिविल सर्जन डॉ. दर्पण टोके ने बताया कि अभियान के पहले दिन 17 सितंबर गुरुवार को जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इसके लिए ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. सरिता गोलकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी दिन जिला अस्पताल परिसर में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित होगा। शिविर में नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें, दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं ष्ठह्लष्ठ कार्ड, आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी सेवाएं और शासन की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए सहायक प्रबंधक धीरज चौहान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला अस्पताल प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने और स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## क्रोध पर क्षमा की जीत का संदेश, उत्तम क्षमा धर्म से शुरू हुआ पर्युषण



**सनावद।** दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय पर्युषण पर्व का शुभारंभ बुधवार को आचार्य श्री शांतिसागर वर्धमान देशना संत निलय, बड़ा मंदिर में श्रद्धा के साथ हुआ। परम पूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के संघस्थ बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी इटारसी के सान्निध्य में प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की आराधना की गई। सुबह जिनेंद्र देव का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा और पूजा-अर्चना हुई। पूर्ण सुगंधित कलश का सौभाग्य अनंत संजय मैना कासलीवाल तथा शांतिधारा का सौभाग्य कांतिलाल, डॉ. यतीश एवं युवान जैन परिवार को मिला। धर्मसभा में संजय भैया ने कहा कि क्षमा कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। क्षमा से मन शांत होता है और आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने पर्युषण को आत्मशुद्धि का पर्व बताते हुए सभी जीवों से क्षमा मांगने और सभी को क्षमा करने का संदेश दिया। शाम को श्रीजी की आरती, भक्ति, प्रवचन एवं प्रश्न मंच हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सामूहिक क्षमावणी में एक-दूसरे से मांगी क्षमा,नए अध्यक्ष भागचंद लोढ़ा का स्वागत



**सनावद।** श्वेताम्बर जैन समाज के आठ दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन सामूहिक क्षमावणी के साथ हुआ। स्थानक भवन में श्रावक-श्राविकाओं ने च्मिच्छामि दुक्कड़मज और च्खमत खामणाज कहते हुए वर्षभर में जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगी। कार्यक्रम में अनिता भागचंद जैन, सेजल पारेख और डॉ. सुरेश रांका ने विचार रखे। पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा को भावभीनी विदाई देकर सम्मान पत्र भेंट किया गया, जबकि नवीन अध्यक्ष भागचंद लोढ़ा का स्वागत किया गया। वर्षीतप, पक्खी-पक्खी, एकांतर तप व नौ उपवास सहित विभिन्न धार्मिक साधनाएं करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया। आठ दिनों की धार्मिक प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र लाठिया ने किया। स्वामी वात्सल्य एवं मनोरंजक खेलों के साथ पर्युषण पर्व सानंद संपन्न हुआ।

## कल भी होगी अनाज की नीलामी

**सनावद।** कृषि उपज मंडी सनावद में अनाज लेकर आने वाले किसानों के लिए जरूरी सूचना है। मंडी समिति के अनुसार आज अनाज का नीलाम कार्य सामान्य रूप से जारी रहेगा। नीलामी प्रक्रिया सुबह 10.30 बजे से निर्धारित नियमों और मंडी शुल्क के प्रावधानों के अनुसार शुरू होगी। मंडी प्रशासन ने किसानों और क्रेता-व्यापारियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय का ध्यान रखते हुए मंडी पहुंचे।

# भागवत आचार्य कमल किशोर नागर को मिली धमकी पर जताया आक्रोश, ब्राह्मण समाज ने की सुरक्षा की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन




प्रसिद्ध भागवत आचार्य और गौ भक्त कमल किशोर नागर को जान से मारने की मिली धमकी के बाद सकल हिंदू समाज में आक्रोश देखा जा रहा है। यह धमकी उन्हें चार सितंबर को जन्माष्टमी के अवसर पर झाबुआ जिले के भूराड स्थित गुरु कृपा गौशाला में आयोजित एक सत्संग कार्यक्रम के बाद चिट्ठी के माध्यम से दी गई।

इस गंभीर मामले को लेकर बुधवार को ब्राह्मण समाज और गुरुभक्त मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर धमकी देने वाले को शीघ्र पकड़े और नागर तथा उनके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

ज्ञापन में नागर ब्राह्मण समाज के अजय जोशी, एवं कुबेर जोशी ने बताया कि सत्संग के उपरांत जब कमल किशोर नागर का स्वागत किया जा रहा था, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें शाल और श्रीफल के साथ एक हस्तलिखित पत्र सौंपा। इस पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा था कि वे आदिवासी समाज को सुधारना बंद कर दें, अन्यथा उन्हें और उनके समस्त परिवार को जान से मार दिया जाएगा। इस घटना से ब्राह्मण समाज सहित नागर के अनुयायियों में गहरा रोष और चिंता व्याप्त है। समाज ने आग्रह किया है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से जांच शुरू की जाए। गुरुदेव भक्त मंडल के जितेंद्र जोशी ने बताया कि श्री नागर देश भर में अपनी भागवत कथाओं के माध्यम से सामाजिक सद्भाव, गौ सेवा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का प्रचार करते रहे हैं। ऐसी धमकी मिलने से उनके सामाजिक और धार्मिक कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन से इस संवेदनशील प्रकरण में अविलंब कार्रवाई करने का निवेदन किया गया है। इस दौरान शिव तिवारी, रेखा त्रिवेदी, राकेश राणा, सतानंद खोड़े एवं गोविंद खोड़े सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## वार्ड 16 में टूटी सड़क और सुअरों के बीच जिंदगी गुजार रहे लोगों का सब्र टूटा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

विकास की तस्वीर अगर कागजों से हटकर जमीन पर देखनी हो, तो सनावद के वार्ड 16 का रुख किया जा सकता है। यहां सड़क कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते हैं, वहीं गंदगी के बीच सुअरों की मौजूदगी ने रहवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। लंबे समय से समस्या झेल रहे लोगों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। रहवासी सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन कर जनप्रतिनिधियों को मौके पर बुलाया। लोगों ने साफ कहा कि टूटी सड़क पर चलना मुश्किल है और गंदगी के बीच रहना मजबूरी बन गया है। लोगों के तेवर देख नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र बिरला और विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पटेल मौके पर पहुंचे। रहवासियों ने दोनों के सामने सड़क, सफाई और सुअरों की समस्या को लेकर नाराजगी जताई।

अध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र बिरला ने मुख्य सड़क का निर्माण एक माह में शुरू कराने तथा करीब दो माह में पूरा करने का आश्वासन दिया। निर्माण में देरी को लेकर संबंधित ठेकेदार को भी काम में तेजी लाने की हिदायत दी गई। अब वार्डवासियों की नजर आश्वासन पर नहीं, सड़क पर चलने वाले काम पर है। लोगों ने दो टूक कहा कि यदि इस बार भी बात सिर्फ भरोसे तक सीमित रही और जमीन पर काम नहीं दिखा, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। प्रदर्शन में पीयूष बाबा, सुमित शिंदे, रमेश मिमरोट, बलराज रावत, अनुराग गावशिंदे, निक्की गढ़वाल, रमेश श्रीवास, आदि उपस्थित थे।

## रोजगार सहायकों का कलेक्टर को ज्ञापन

### 1 अक्टूबर तक मांगें पूरी नहीं हुई तो 2 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



ग्राम रोजगार सहायक संघ और मनरेगा रोजगार सहायक महासंघ ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने सहायक सचिव पद पर नियमितीकरण समेत अन्य मांगें पूरी करने की अपील की।

जिलाध्यक्ष नितेश कुमार राजपूत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में रोजगार सहायकों को नियमित करने का आश्वासन दिया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर जिले में ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के दौरान रोजगार सहायकों ने स्वामित्व योजना के काम को लेकर भी विरोध जताया। संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वामित्व योजना राजस्व विभाग से जुड़ी है, जबकि रोजगार सहायक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत काम करते हैं। इसलिए यह काम पंचायतों से कराया जाना चाहिए।

यदि जनहित में उनसे यह काम कराया भी जाता है तो इसके लिए तय मेहनताना दिया जाए। वर्तमान में उन्हें १८ हजार रुपये मानदेय मिलता है और राजस्व, स्वास्थ्य तथा खाद्य विभाग समेत कई विभागों के काम भी कराए जाते हैं। संगठन की मांग है कि पहले रोजगार सहायकों को नियमित किया जाए और अतिरिक्त कार्यों के लिए निर्धारित मेहनताना दिया जाए। इसके बाद ही वे स्वामित्व योजना से जुड़ा काम करेंगे।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि १ अक्टूबर तक मांगों पर निर्णय नहीं हुआ तो 2 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसमें काम बंद, कलमबंद हड़ताल, धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल शामिल रहेगी।

## जिले में 17 सितंबर से ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क मिलेगी संपत्ति की रजिस्ट्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

ग्रामीण आबादी क्षेत्र के परिवारों को उनकी संपत्ति का विधिसम्मत मालिकाना हक एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026" की शुरूआत 17 सितंबर से की जा रही है। इसके तहत राज्य में लगभग 50 लाख संपत्तियों के स्वामित्व पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश मे बड़वानी जिले को पायलट जिलों में शामिल किया गया है। 17 सितंबर से जिले की सभी तहसीलों की ग्राम पंचायतों में निःशुल्क रजिस्ट्री हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। ऐप के जरिए कार्य सम्पादित किया जाएगा। इसके लिए तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देकर तैनात कर दिया गया है।

जिले के 300 से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वे के बाद भूस्वामियों के विवरण की एंट्री (क्रह्लक्र) कर अधिकार अभिलेख तैयार कर लिए गए हैं। इस योजना से जिले के 50 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित होंगे।

पंजीयन में लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। हितग्राहियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पटवारी ह्र्क्र ऐप के जरिए भूखंड की जानकारी का सत्यापन करेंगे, जबकि पंजीयन की कार्यवाही स्ररूक्क्रष्ठ पोर्टल से होगी। पारदर्शिता के लिए भूलेख पोर्टल पर आधार द्ग-यक्च्ष्ट, वीडियो ्यक्च्ष्ट और लैंड लिंकिंग अनिवार्य की गई है।

## जिला शिक्षा केन्द्र में विभिन्न पदो हेतु आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी ।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केन्द्र बड़वानी में रिक्त/भविष्य में रिक्त होने वाले सहायक परियोजना समन्वयक के 4 पदों (अकादमिक-1, कम्यूनिटी मोबिलाई जेशन-1, ईएण्डआर-1 एवं बालिका शिक्षा-1) हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन 25 सितम्बर तक आमंत्रित किये गये है। जिला परियोजना समन्वयक से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद शिक्षा केन्द्र निवाली, पानसेमल, पाटी, राजपुर, सेंधवा एवं ठीकरी में प्रत्येक केन्द्र में बीआरसी के 1 पद पर प्रतिनियुक्ति से पद पूर्ति हेतु जिले की शासकीय शालाओं में पदस्थ इच्छुक व्याख्याता स्कूल शिक्षा जन जातीय कार्य विभाग अथवा माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक 25 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।



## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, एसपी से की शिकायत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले के डोंगरागांव में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। शराब के नशे में डूबने के बाद बिगड़ रहे हालातों से ग्रामीण त्रस्त हो गए हैं। शिकायत के बाद भी सम्बंधित थाना पुलिस से मदद नही मिलने पर परेशानहाल महिलाएं बुधवार को एसपी ऑफिस पहुंची। महिलाओं ने सौंपे शिकायती आवेदन में शराब बिक्री पर तत्काल और प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

महिलाओं के अनुसार गांव में करीब 7.8 दुकानों से देशी, विदेशी शराब और अवैध कच्ची शराब का विक्रय खुलेआम किया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल दूषित हो रहा है। युवा पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत और स्थानीय पुलिस को इस संबंध में कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री से कई सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनमें झगड़े- फसाद और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं शामिल हैं। कुछ जागरूक ग्रामीण इस अवैध बिक्री को रोकने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। बावजूद, शराब विक्रेताओं द्वारा इसे बंद नहीं किया जा रहा है और वे धड़ल्ले से अपना कारोबार चला रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के चलते यह अवैध धंधा फल.फूल रहा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## मंडलेश्वर में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी मेरी भाषा कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

कार्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्व, उसके गौरवशाली इतिहास तथा आधुनिक तकनीक एवं प्रगति के क्षेत्र में हिंदी की बढ़ती उपयोगिता पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर संचालक बी.एम. पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने हिंदी भाषा को भारत की आवश्यक कड़ी बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बीबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में निर्मल पटेल, यामिनी चौहान, कान्हा तटवारे, खुशबु कुशवाह एवं प्रिंसी भानूसे ने हिंदी दिवस पर प्रभावशाली भाषण दिए। विद्यार्थियों ने हिंदी को केवल संवाद की भाषा न मानकर ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और आधुनिक भारत की प्रगति की सशक्त भाषा बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।वक्ताओं में प्रो. राजीव काले ने अपने संबोधन में विश्व के साथ हिन्दी के संबंध पर प्रकाश डालते हुए, अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री ने हिंदी की अनूठी विशेषता को प्रकाशित किया कि हिंदी भाषा अपनी क्षेत्रीय भाषाओं की अग्रणी प्रेरक और सभी की अग्रसर है जो सभी को एक साथ में आगे बढ़ाना जानती है। विश्व के अनेक देशों ने अपनी भाषा में अपना विकास किया है, भारत को भी अपनी भाषा को भी ऐसा ही करना चाहिए , अपनी भाषा में अपनी पहचान बनाने के सफल प्रयास करना चाहिए।

## कौशल शिक्षा प्राप्त कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**बड़वानी ।** जिले के युवाओं के लिए, उनके रोजगार हेतु आईटीआई प्रवेश लेकर कौशल शिक्षा प्राप्त कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। हमारे देश और प्रदेश की उन्नति का सबसे मजबूत आधार हमारे युवाओं का कौशल है। अगर युवाओं के पारा कौशल होगा, तो रोजगार खुद-ब-खुद आपके पास आयेगा। शासकीय नोडल आईटीआई बडवानी के प्राचार्य श्री केतन मालवीया के द्वारा बताया गया कि जिले की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिले कि दो शासकीय आईटीआई में प्रवेश 100 प्रतिशत पुर्ण हो चुका है, जबकि आईटीआई निवाजी, पाटी, एवं पानसेमल में कुछ सिटें अभी रिक्त हैं। यदि आप 8वीं, 10वीं, 12वीं पास है और अपने भविष्य को एक नई व सुरक्षित दिशा देना चाहते है, तो यह आपके लिए सबसे बेहतरीन अवसर है और बहुत ही कम खर्च में आप उच्च स्तरीय तकनीकी और व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त कर रोजगार, स्वरोजगार से जुड सकते है। महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए सभी आईटीआई में ३५ प्रतिशत सीटें महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए आरक्षित है। इच्छुक युवा प्रवेश के लिए पोर्टल पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। यदि ऑनलाईन फार्म भरने में कोई असुविधा है, तो अपने नजदीकी किसी भी शासकीय आईटीआई में संचालित हेल्पडेस्क के माध्यम से आसानी से अपना पंजीयन करा सकते है। प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 22 सितम्बर 2026 निर्धारित की गई है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

नेपानगर क्षेत्र के कृषक बंधुओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ, मालवा प्रांत, जिला बुरहानपुर ने सोमवार 15 सितंबर को तहसीलदार नेपानगर को ज्ञापन सौंपा। बिजली का ज्यादा लोड और कम वोल्टेज - विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नेपानगर के कपास किसानों को बिजली का लोड ज्यादा बताया जाता है, लेकिन मोटर तक पहुंचने वाली बिजली का वोल्टेज और एंपियर पर्याप्त नहीं होने से फसलें खराब हो रही हैं। संघ ने मांग की है कि वोल्टेज और एंपियर सही करके पूरा लोड दिया जाए ताकि सिंचाई सही हो सके। . खेत बंजर होने की समस्या - खेतों में आने से जमीन बंजर और ऊसर हो रही है, कृषक कड़ी मेहनत के बाद भी अपनी लागत नहीं निकाल पा रहे। इसके लिए नवरानगरी से सातपायरी, नेपानगर से बुरहानपुर, गजानंद मंदिर से बुरहानपुर, वारसी टेकरी से सातपायरी आदि क्षेत्रों का नवीनीकरण कराया जाए। ओलावृष्टि का सर्वे नहीं पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ, लेकिन उसका सर्वे और पंचनामा नहीं हुआ। किसान संघ ने मांग की है कि सर्वे किया जाए जिसकी सूची पंचायतों में चस्पा की जाए ताकि किसान अपनी वास्तविक हानि के दावे प्रस्तुत कर सकें। आवारा पशुओं से नुकसान किसानों के खेतों में आवारा पशुओं से काफी नुकसान हो रहा है, इसका उचित निराकरण कराया जाए। साथ ही म.प्र. फसल विक्रय अधिनियम के अनुसार फसल बीमा को लेकर भी मांग रखी कि प्राकृतिक आपदा आने पर गन्ना उत्पादक किसानों को किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जाता।

## सेवा-संकल्प अभियान का शुभारंभ आज, घर-घर जलेंगे दीप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा-संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर उनके प्रति आभार प्रदर्शित करेंगे।

सेवा संकल्प अभियान का आयोजन जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में होगा। पहले दिन गुरुवार को जिले के सभी गांव और शहरों में घर-घर दीपक जलाए जाएंगे इसके लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों को दायित्वों सौंपे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सेवा संकल्प अभियान संबंधी कार्यक्रमों की आयोजन के लिए संबंधित पंचायत सचिव एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दायित्व सोपा गया है। जबकि नगरीय क्षेत्र में संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर निगम आयुक्त को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के लिए कुल 27 आईकॉनिक स्थल चिन्हित किए गए हैं और इनकी मॉनिटरिंग हेतु सभी स्थल के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि 17 सितंबर को सुबह 11 बजे से जिला अस्पताल खंडवा में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरण के लिए प्रातः 11 बजे से शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

**In The Court Of I Civil Judge, Junior Division, District Court, Ujjain**

**Presiding Officer श्री दीपक सोनी**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/000000104/2026)

बिबिबाई वारिसान अब्दुल -वादी

**विरुद्ध**

दिलशाद परवीन -प्रतिवादी

Process Id/2026

पेशी दिनांक :- 29.09.2026

प्रेषिती (1) दिलशाद परवीन पति मकसूद उमर माता रेहमत बी पता- 84 मीना पेलेस मुस्कान किराना के सामने आजाद नगर इंदौर

यह कि प्रार्थी बिबिबाई वारिसान अब्दुल हमीद ने आपके विरूद्ध सिविल सूट में वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के ३० दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो घाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 9 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(दीपक सोनी)**

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड**

**तराना जिला उज्जैन मध्य प्रदेश**

## न्यूज -कॉलम

### कैमरों की मदद से गिरफ्त में आया मोबाइल चुराने वाला

**उज्जैन।** रायबरेली का रहने वाला शिवम 14 सितंबर को उज्जैन से रायबरेली लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचा था। बुकिंग विंडो के पास भीड़ में अज्ञात बदमाश ने उसकी जेब से अज्ञात बदमाश ने मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी ने शिकायत दर्ज कर प्लेटफार्म और बुकिंग विंडो के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध युवक दिखाई दिया, उसकी तलाश शुरू की गई, 15 सितंबर की शाम पता चला कि उक्त संदिग्ध उज्जैन-नागदा आउटर के आसपास घूम रहा है। जीआरपी की टीम ने तत्काल घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने मोबाइल चोरी करना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी सोनू उर्फ मुखरी उर्फ पंडित शर्मा निवासी अकोदिया शाजापुर का रहने वाला है। उसके पास से रेडमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

### युपी में हुई घटना उज्जैन में घायल का उपचार

**उज्जैन।** उत्तरप्रदेश के फतेहपुर में रहने वाले सुमित पिता रामबाबू 20 साल के साथ झांसी रेलवे स्टेशन पर हादसा हुआ, उसका पैर जख्मी हो गया था। वह ट्रेन से उज्जैन तक पहुंचा, जहां उसे दोस्त उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। घायल सुमित ने बताया कि वह महाकाल दर्शन करने काशी महाकाल एक्सप्रेस से आ रहा था। ट्रेन के गेट पर बैठा था, झांसी स्टेशन के आगे पैर प्लेटफार्म की दीवार से टकरा गया था, उसे चोंट लगी तो ट्रेन में उसका प्राथमिक उपचार किया गया, उज्जैन पहुंचने पर तकलीफ अधिक होने लगी थी, दोस्त लोगों की मदद से चरक अस्पताल तक लेकर आया है।

### देवास से वापस लौट आई लापता हुई बालिका

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र से हरतालिका तीज की रात लापता हुई 2 बालिका वापस लौट आई। दोनों देवास माता टेकरी तक पहुंची थी लेकिन रात में मंदिर बंद होने पर सुबह वापस लौट आई। पुलिस ने दोनों बालिकों के बयान दर्ज कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय बालिका अपनी मौसी के घर भैरवगढ़ स्थित अमन परिसर हरतालिका तीज पर परिवार के साथ पूजा के लिये आई थी। रात में मौसी की 14 वर्षीय पुत्री के साथ पूजा के लिये निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी, रात में परिजनों ने उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल अपहरण का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। बालिका घर से स्कूटी लेकर निकली थी। सभी जगह तलाश की जा रही थी, इसी बीच सुबह दोनों वापस लौट आई और देवास माता टेकरी जाने की बात कहीं। परिजनों की सूचना पर पुलिस दोनों बालिकाओं को थाने लेकर आई। पूछताछ में दोनों ने मंदिर बंद होने पर वापस लौटना बताया। पुलिस तस्दीक में दोनों के अकेले जाने और वापस आने के साथ सुरक्षित होने का पता चला। दोनों को समझाईश देकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बाइक सवार पर पीछे से आई मैजिक चड़ी, टूटा पैर

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग सोलंकी रेस्टोरेंट के आगे टर्न पर बुधवार शाम ओमप्रकाश पिता लक्ष्मण डोंगरे 38 साल निवासी मोहननगर बाइक से गुजर रहा था। उसी दौरान पीछे से आई मैजिक ने उसे टक्कर मार दी। ओमप्रकाश बाइक से गिर गया मैजिक उसके पैर पर चढ़ गई। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने पैर टूटने पर उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि मैजिक चालक मौके से भाग निकला था। अस्पताल से मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। घायल के बयान दर्ज कर पुलिस मैजिक चालक का पता लगा रही है।

### पुलिया के पास से दुकान हटाने की बात पर हुई मारपीट

**उज्जैन।** नीमच का रहने वाला मोहन पिता देवीलाल बंजारा चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित गरोठ पुलिया के नीचे झूले बेचने की दुकान लगाता है। बुधवार सुबह कुछ युवक पिकअप से आये और उसके दुकान हटाने के लिये कहने लगे। मोहन ने दुकान हटाने से मना किया तो उसके साथ थप्पड-मुक्के और डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। लोगों की मदद से घायल मोहन को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल से पूछताछ की। मारपीट करने वाले भी झूले बेचने का काम करने वाले बताये गये। गरोठ पुलिया के नीचे मोहन का कारोबार अच्छा चलने पर उक्त युवक अपनी दुकान लगाना चाहते थे जिसके चलते मारपीट होना सामने आया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 159-5 | | 235-0 |
| मेन बाजार | 178-6 | | 228-2 |
| कल्याण नाइट | 390-2 | | 349-6 |
| मिलन डे | 220-4 | | 100-1 |
| मिलन नाइट | 159-5 | | 367-6 |
| मधुर डे | 599-3 | | 117-9 |
| मधुर नाइट | 334-0 | | 227-1 |
| शुभांक | 5 | 6 | 7 |

# खड़े हनुमान के विस्थापना के विरोध में उमड़ा जनसैलाब

## बजरंग दल-विहिप ने सौंपा ज्ञापन, खड़े हनुमान से सती दरवाजा तक भगवाध्वजों के साथ गूंजे जय श्रीराम-जय हनुमान के नारे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





छत्री चौक स्थित प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर के विस्थापन की मांग को लेकर बुधवार को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट रूप से मांग की कि विकास कार्यों के नाम पर खड़े हनुमान की प्राचीन प्रतिमा एवं मंदिर को उसके वर्तमान स्थान से नहीं हटाया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और धर्मप्रेमी नागरिक भी आंदोलन के समर्थन में मौके पर पहुंचे।

प्रदर्शन के दौरान खड़े हनुमान से लेकर सती दरवाजा तक का मार्ग श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के हाथों में भगवा ध्वज थे और वातावरण लगातार 'जय श्रीराम' तथा 'जय हनुमान' के जयघोष से गूंजता रहा। मार्ग पर श्रद्धालुओं की मौजूदगी ऐसी थी कि काफी दूर तक केवल भगवा ध्वज और लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी।

**आस्था से जुड़ा है मंदिर, विस्थापन स्वीकार नहीं-** विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कहा कि खड़े हनुमान उज्जैन की धार्मिक पहचान और श्रद्धा के प्रमुख केंद्रों में शामिल हैं। लंबे समय से श्रद्धालु यहां दर्शन और पूजन करते आ रहे हैं। ऐसे में किसी भी विकास योजना के कारण मंदिर अथवा प्रतिमा को विस्थापित किया जाना श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा विषय है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि विकास की योजना में ऐसा विकल्प निकाला जाए, जिससे सड़क या अन्य निर्माण कार्य भी हो और खड़े हनुमान का वर्तमान स्थान भी सुरक्षित रहे। उनका कहना था कि विकास जरूरी है, लेकिन विकास की प्रक्रिया में शहर की धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। **ज्ञापन में रखी गई मांग**-बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में खड़े हनुमान के विस्थापन की योजना को रोकने, मंदिर की वर्तमान स्थिति को सुरक्षित रखने तथा विकास कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तलाशने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेते समय स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की भावनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि खड़े हनुमान केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि उज्जैन की धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ा प्रमुख स्थल हैं। इसलिए मंदिर को हटाने के बजाय ऐसी योजना बनाई जाए जिसमें विकास और धार्मिक विरासत दोनों सुरक्षित रह सकें।

### श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

ज्ञापन के दौरान उमड़ी भीड़ शहर में चर्चा का विषय बनी रही। केवल संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी अपनी आस्था के समर्थन में मौके पर पहुंचे। खड़े हनुमान से सती दरवाजा तक श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। कई लोग हाथों में भगवा ध्वज लेकर पहुंचे थे और लगातार धार्मिक जयघोष करते रहे। पूरे क्षेत्र में 'जय श्रीराम', 'जय हनुमान' के नारे गूंजते रहे। इससे माहौल पूरी तरह धार्मिक और आस्थामय नजर आया। भीड़ को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।

## दीपोत्सव को लेकर पुलिस ने जारी किया पार्किंग प्लान...

# प्रतिभागियों को पास के रंग से मिलेगी घाटों पर इंट्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सेवा संकल्प अभियान में आज क्षिप्रा नदी के घाटों पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 25 हजार प्रतिभागियों को घाटों तक पहुंचने के लिये पांच रंग के पास जारी किये गये है। जिसके आधार पर उन्हे इंट्री मिलेगी। पुलिस ने क्षिप्रा नदी के आसपास पार्किंग प्लान भी लागू किया है।

क्षिप्रा नदी के रामघाट-दत्तअखाडा घाट से लेकर आसपास के घाटों पर आज शाम दीपोत्सव में 25 लाख दीप प्रज्वलित किये जायेगें। प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। दीप प्रज्वलन के लिये 25 हजार प्रतिभागियों को नियुक्त किया गया है। जिन्हे अलग-अलग रंग के पास जारी किये गये है। क्षिप्रा के पांच घाटों में भूखीमाता मंदिर से नृसिंह घाट ब्रिज तक पहुंचने वाले प्रतिभागी गहरे गुलाबी रंग के पास से उजरखेडा चौराहा होते हुये भूखीमाता मंदिर के सामने पहुंचेगें, जहां से पैदल भूखी माता घाट जायेगें, उनके वाहन मंदिर की बाय ओर पार्क होगें। गुरुद्वारा से दत्त अखाडा, सिंहस्थ द्वार तक पहुंचने के लिये हल्का गुलाबी रंग पास जारी किया गया है। यहां आने वाले प्रतिभागी अपने वाहन मुरलीपुरा चौराहा पंचायती अखाडा के पास खडे कर पैदल शंकराचार्य चौराहा से घाट तक पहुंचेगें। केदारेश्वर घाट पहुंचने के लिये नीले रंग का पास रहेगा। यहां आने वाले प्रतिभागियों को पैदल शंकराचार्य चौराहा से कार्तिक मेला ग्राउण्ड होते हुये केदारेश्वर घाट पर प्रवेश दिया जायेगा। नृसिंहघाट से रामघाट, छोटी रपट तक जाने वालों के लिये लाल रंग पास से पहुंचेगें। सुनहरी घाट पहुंचने के लिये गहरा भूरे रंग का पास रहेगा। यहां पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को चक्रतीर्थ टर्निंग से बिलोटीपुरा दानीगेट होकर जाना होगा।

**दोपहर 12 से बजे से आम यातायात बंद-** शाम होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा दोपहर 12 से जूना सोमवारिया से शंकराचार्य चौराहा होकर मुरलीपुरा जाने वाला मार्ग, मोहनपुरा ब्रिज से मुरलीपुरा, शंकराचार्य चौराहा मार्ग और लालपुल टर्निंग से कर्कराज पार्किंग, नृसिंहघाट की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह से आम यातायात के लिये बंद कर दिया जायेगा। तीनों मार्गो पर कार्यक्रम समाप्ति के बाद आवागमन शुरू कराया जायेगा। कार्यक्रम में वीआईपी भी शामिल होगें।

**व्यवस्था को लेकर मेलाग्राउंड में ब्रीफिंग-** आज होने वाले सेवा संकल्प अभियान में दीपोत्सव और आगामी आयोजनों को लेकर शहर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये बुधवार को कार्तिक मेलाग्राउंड पर एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा ड्युटी में तैनात रहने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ ब्रीफिंग की। इस दौरान सभी को दीपोत्सव के दौरान विशेष सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर समुचित तैनाती सुनिश्चित रखने को कहा गया। ज्वलनशील पदार्थों के प्रति विशेष सावधानी बरतने तथा भीडभाडवाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। होमगार्ड के साथ तैराक दल को क्षिप्रा के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये मुस्तैद रहने को कहा गया। यातायात व्यवस्था, आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार रहने के लिये निर्देशित किया गया।

## इंदौर-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री पर चाकू से हमला



**उज्जैन।** इंदौर-जयपुर रणथंबोर एक्सप्रेस ट्रेन में मोबाइल चोरी करने वाले बदमाश ने यात्री पर चाकू से हमला कर दिया। हाथ में चाकू लगने से घायल को देवास में उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया। ट्रेन में चाकूबाजी के बाद उज्जैन जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट हो गई थी। लेकिन चाकू मारने वाला ट्रेन से कूदकर भाग निकला था।

इंदौर का रहने वाला राहुल पिता बजरंगलाल रणथंबोर एक्सप्रेस से जयपुर की यात्रा कर रहा था। वह एस-5 कोच में बर्थ 35-36 पर बैठा था। ट्रेन इंदौर से देवास की ओर आ रही थी, तभी चार्जिंग पर लगा राहुल का मोबाइल बदमाश ने निकाला और भागने लगा। राहुल ने उसे पकडने के लिये कोच में दौड लगाई। बदमाश ने चाकू से हमला किया और मोबाइल छोडकर भाग निकला। बदामाश का चाकू भी ट्रेन में गिर गया था। वह कूदकर भाग निकला। ट्रेन में चाकूबाजी की खबर लगते ही देवास, उज्जैन जीआरपी के साथ आरपीएफ की टीम अलर्ट हो गई। लेकिन घायल को देवास स्टेशन पर उतार लिया गया। जीआरपी उज्जैन थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री के हाथ पर चाकू लगा था, उसे देवास में उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उसके द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामला इंदौर से देवास के बीच हुआ है। शिकायत मिलने पर संबंधित थाना पुलिस मामला जांच में लेगी।

## रेलवे स्टेशन पर कंगन चोरी करने वालों को भेजा जेल

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में चढ़ते समय महिलाओं के कंगन चोरी करने वाले महाराष्ट्र के चार बदमाशों को बुधवार दोपहर जीआरपी ने न्यायालय में पेश किया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने काचीगुडा एक्सप्रेस, इंदौर-खडकी एक्सप्रेस, नर्मदा एक्सप्रेस और नागदा-इंदौर पेसेंजर ट्रेन में चार महिलाओं के साथ चढ़ते समय हुई कंगन चोरी की वारदात में महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अंबरनाथ थाना क्षेत्र के रहने वाले चार बदमाशों अभिजीत पंवार, कुणाल गायकवाड, नरेश गायकवाड और हुसैन शेख को गिरफ्तार किया था। चारों की निशानदेही पर 69 ग्राम वजनी सोने के कंगन बरामद करने के साथ कंगन चोरी के लिये उपयोग करने वाले कटर जप्त किये थे। बदमाशों ने बताया था कि धार्मिक नगरी में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं आने पर वह महाराष्ट्र से उज्जैन आते थे और भीड का फायदा उठाकर वृद्ध महिला यात्रियों की ट्रेन में चढ़ने की मदद का झांसा देकर कंगन काटकर चोरी कर लेते थे। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ पूरी होने और चार वारदातों के कंगन जप्त करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। बदमाश अलग-अगल राज्यों में रेलवे स्टेशनों पर इसी तरह वारदातों को अंजाम देते थे। उनके खिलाफ पूर्व में चोरी के प्रकरण दर्ज है।

## सूरज के तेवर तीखे, तापमान पहुंचा 33 डिग्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मानूसन के 13 दिन शेष बचे और बारिश के आसार खत्म होते दिखाई दे रहे है। आसमान साफ होने पर सूरज के तेवर तीखे हो गये है। बुधवार को तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। सितंबर माह में मार्च-अप्रैल का अहसास होने लगा है।

इस बार शहर में मानूसन की बेरूखी दिखाई दी है। वर्षाकाल खत्म होने पर 13 दिन का समय बचा है और मानसून का नया सिस्टम सक्रिय नहीं होने पर बारिश के आसार खत्म होते दिखाई दे रहे है। 14 सितंबर तक आसमान में बादल दिखाई दे रहे थे और ऐसा लग रहा था तेज बारिश होगी, लेकिन रिमझिम के दौर के बाद 2 दिनों से आसमान पूरी तरह से साफ हो चुका है, तापमान में तेजी आने लगी है। 33 डिग्री पहुंच चुके तापमान ने फिर से पंखों की रफ्तार तेज कर दी है। सूरज के तेवर तीखे होने लगे है। जिससे उमस महसूस हो रही है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार अब तक 26 इंच बारिश दर्ज की गई है। अब भी 10 इंच बारिश की आवश्कता बनी हुई है। औसतन आंकड़ा 36 इंच का है। शेष बचे दिनों में मानसून का नया सिस्टम एक्टिवेट होता दिखाई नहीं दे रहा। तापमान बढ़ने से हल्की बारिश हो सकती है।

### शहर में उड़ने लगा धूल का गुब्बार

2 दिन पहले तक रिमझिम बारिश से मार्गो पर कीचड फैला दिखाई दे रहा था। सूरज के तेवर तीखे होने पर अब धूल का गब्बार उठता दिखाई दे रहा है। शहर में जगह-जगह सीवरेज की खुदाई चल रही है। सिंहस्थ के निर्माण कार्य हो रहे है। धूल उडने से दो पहिया वाहन चलाने वालों का परेशानी का सामना करना पडा रहा है।

## दरवाजा तोड़कर निकाला आटो चालक का शव

**उज्जैन।** किराये से रहने वाले पुत्र को पिता ने कॉल किया तो उसने रिसिव नहीं किया। आधी रात को पिता और भाई पहुंचे तो दरवाजा तोडना पड़ा। पुत्र मृत अवस्था में पड़ा था। अस्पताल लाने पर डॅक्टरों ने हार्ट अटैक की संभावना जताई। नीलगंगा थाना क्षेत्र के हनुमान नाका पर रहने वाला हरिश सूर्यवंशी 30 साल रिक्शा चलता था और किराये से रहता था। परिवार अलग रहता है। रात में पिता दयाराम ने हरिश को कॉल किया लेकिन उसने मोबाइल रिसिव नहीं किया। आधी रात तक कॉल रिसिव नहीं होने पर पिता और भाई उसके यहां पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था, नहीं खुलने पर आसपास के लोगों की मदद से तोड़ा गया। हरिश मृत अवस्था में पड़ा था। उसे चरक अस्पताल लाया गया, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक की संभावना जताई। मामले की सूचना मिलने पर रात में नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि हरीश 3 बच्चों की मां के घर से अलग रहता था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

# निगरानी बदमाश ने धमकाकर छीने थे मोबाइल- रूपये

### चार दिन बाद गिरफ्त में आया दर्ज है 10 अपराध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



युवक को लिफ्ट देकर मोबाइल और रूपये छीनने वाला निगरानी बदमाश होना सामने आया है। चार दिन की तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

आगर मालवा के बडौद स्थित ग्राम ढाबला आंजना में रहने वाले मनीष पिता मांगीलाल राठौर 11 सितंबर को कटन आया था। जहां से झारडा जा रहा था, उसे बाइक सवार ने लिफ्ट दी थी। रास्ते में बाइक रोक बाइक सवार ने उसे धमकाया और मोबाइल के साथ जेब में रखे रूपये छीनकर भाग निकला। मनीष ने मामले की शिकायत महिदपुर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने मामले में वारदात करने वाले के खिलाफ धारा 308(2) का प्रकरण दर्ज किया और एसआई एमएस चौहान, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, आरक्षक चन्द्रभान सिंह, लेखराज, समरथ पाटीदार नारायण सोलंकी और महिला आरक्षक दीपिका की टीम को अलर्ट किया। डरा-धमकाकर मोबाइल रूपये छीनने वाले बदमाश माखन पिता उदयसिंह निवासी मोचीखेड़ा होना सामने आया। चार दिनों तक उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। मंगलवार रात वह गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश थाना क्षेत्र का निगरानीशुदा है। उसके खिलाफ पूर्व में 10 अपराध लूट, अवैध वसूली, चोरी और मारपीट के दर्ज है। बुधवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से महिदपुर उपजेल भेजा गया है।

**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**
सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार,
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056
टेलेफैक्स: 022-2671 4267, ई-मेल: adm.kvic@gov.in
वेबसाइट: www.kvic.org.in

**संविदात्मक आधार पर युवा पेशेवरों, सलाहकारों और वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। भविष्य में विकास एवं परिवर्तन से संबंधित चुनौतियों का सामना करने और विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से, केवीआईसी निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | पेशेवर युवा | 20 | मास्टर्स डिग्री/ संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर |
| 2 | सलाहकार | 15 | सरकारी विभाग/पीएसयू से सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक रूप से सेवानिवृत्त व्यक्ति एवं संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्षों का अनुभव। |
| 3 | वरिष्ठ परामर्शदाता | 15 | मास्टर्स डिग्री/स्नातकोत्तर के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। |

•तैनाती का स्थान: केंद्रीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, 'ग्रामोदय', 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056
•पंजीकरण और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 30.09.2026
विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए केवीआईसी की वेबसाइट www.kvic.gov.in के रिक्तियां सेक्शन के अंतर्गत अपलोड किए गए विस्तृत विज्ञापन को देखें।

निदेशक/ प्रभारी (प्रशा. एवं मानव संसाधन)
केवीआईसी, मुंबई

# युद्ध की जड़ ईर्ष्या



आपमें तथा आपके चारों ओर होने वाले क्लेश और भ्रांति में क्या संबंध है? जाहिर है, ये भ्रांति, कष्ट अपने आप नहीं आ गए। आप और मैं, यानी हम ही इनको लेकर आए हैं। आप जो भीतर से हैं, वही बाहर, विश्व पर प्रक्षेपित हुआ है। आप जो हैं, जो सोचते हैं, जो अनुभव करते हैं, अपने रोजमर्रा के जीवन में जो कार्य करते हैं, उसी का बाहर प्रक्षेपण होता है और उसी से संसार बनता है।

यदि हम अंदर से कंजूस, भ्रमित, अशांत और क्षुब्ध हैं, तो प्रक्षेपण द्वारा हमसे वैसा ही संसार, समाज निर्मित होता है, क्योंकि आपके और मेरे बीच का संबंध ही समाज है। और, यदि हमारे संबंध गड्ड-मड्ड, अहं-केंद्रित, संकीर्ण, संकुचित हैं, तो हम उसी को प्रतिबिंबित करेंगे और संसार में अव्यवस्था लाएंगे। आप जैसे हैं, वैसा ही संसार है, अतः आपकी समस्या संसार की समस्या है। क्या यह सीधा-सा और मूलभूत तथ्य नहीं है? अपने संबंधों में इस तथ्य की हम सदा अनदेखी कर देते हैं। हम किसी विधि या विचार या मूल्यों में विधि-जनित क्रांति के जरिये बदलाव लाना चाहते हैं और यह भूल जाते हैं कि हम ही हैं, जो अपनी जीवन पद्धति से अस्त-व्यस्तता या व्यवस्था लाते हैं। इसलिए शुरुआत हमें अपने निकट से करनी होगी, यानी हमारा जो दैनिक जीवन है, उसी से हमारा सीधा सरोकार होना चाहिए। जीविका कमाते वक्त, धारणाओं व विश्वासों के साथ अपने संबंध आदि में किस प्रकार हमारे विचार, हमारी भावनाएं प्रकट होती हैं, उन सबसे हमारा सीधा संबंध होना चाहिए।

जीविका, नौकरी, पैसा कमाना, हम इन्हीं सब में तो लगे हुए हैं; धारणा, विश्वास, परिवार और पड़ोसियों से हमारे रिश्ते, यही हैं हमारी दिलचस्पी के विषय। अब यदि हम अपने व्यवसाय की बारीकी से परीक्षा करें, तो पाएंगे कि यह मूलतः ईर्ष्या पर आधारित है। यह मात्र जीविकोपार्जन का मामला नहीं है। समाज इस प्रकार से रचा गया है कि वह एक अंतहीन द्वंद्व, निरंतर कुछ बनने की कोशिश भर रह गया है। वह लोभ, ईर्ष्या, जलन पर आधारित है। एक क्लर्क मैनेजर बनना चाहता है, यानी उसका वास्ता सिर्फ जीविका कमाने या निबाह के साधन जुटाने से ही नहीं है, पद और प्रतिष्ठा पाने से है। यह दृष्टिकोण समाज में, संबंध में तबाही लाता है, लेकिन यदि आपका और मेरा सरोकार सिर्फ जीविकोपार्जन से होता, तो हम उसके लिए उचित साधन ढूंढ़ ही लेते। ऐसा साधन, जो ईर्ष्या पर आधारित नहीं होता।

संबंधों में ईर्ष्या सर्वाधिक विनाशकारी तत्वों में से एक है, क्योंकि यह इस बात की सूचक है कि सत्ता और पद की लालसा बनी हुई है, जो आखिरकार राजनीति की ओर ले जाती है।

## सम्पादकीय

# यूपीआई पर फीस

जिस समय महंगाई दर के आंकड़े मीडिया में सुर्खियां बटोर रहे हैं, उसी समय यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई लेन-देन से संबंधित अधिसूचना से देश के करोड़ों उपयोगकर्ताओं व छोटे कारोबारियों का चिंतित होना स्वाभाविक है। अभी तक किसी भी यूपीआई लेन-देन पर कोई फीस नहीं लगती थी। ऐसे में, उनकी चिंता निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि, सरकार ने 2,000 रुपये तक के यूपीआई लेन-देन पर किसी तरह की फीस-वसूली को प्रतिबंधित करके आम उपभोक्ताओं और छोटे कारोबारियों के हितों को संरक्षित करने का काम किया है। इसका सीधा सा मतलब है कि कोई भी बैंक या पेटीएम, फोनपे, गूगलपे जैसी सेवा प्रदाता कंपनियां घोषित सीमा तक के लेन-देन पर कोई चार्ज नहीं लगा सकेंगी। अलबत्ता, यह सवाल ज्यादा मौजूं हो गया था कि 2,000 रुपये से अधिक के लेन-देन पर सरकार कितनी फीस वसूल करेगी? नेशनल पेमेंट्स कौंसिल ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने देर शाम यह स्पष्ट कर दिया कि 15 अक्तूबर से कुछ कारोबारी लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा।

डिजिटल भारत की कामयाबी की मुनादी में यूपीआई सिस्टम सबसे अग्रणी रहा है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रोजाना 66 करोड़ से अधिक यूपीआई लेन-देन हो रहे हैं। भारत जैसे विशाल देश में इसकी सफलता को देखते हुए ही कई देशों ने इसे अपने यहां अपनाया है। ऐसे में, इसकी शुरुआत के एक दशक बाद अब सरकार ने इससे कुछ आमदनी कमाने के बारे में सोचा हो, तो आश्चर्य की बात नहीं। पिछले दिनों केंद्रीय वित्त मंत्री ने संसद में संकेत किया भी था कि अगर भविष्य में एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) सिस्टम लागू हुआ, तो वह सिर्फ बड़े लेन-देन पर आंशिक रूप में लागू होगा, इससे आम लोगों के आपसी लेन-देन प्रभावित नहीं होंगे। सरकार ने देश में डिजिटल बुनियादी ढांचे की मजबूती के लिए इन बदलावों की उपयोगिता बताई है। निस्संदेह, सरकार अपनी जगह सही है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों को अचूक बनाने की जरूरत है। जिस बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल होने लगा है, साइबर जालसाजी की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। इसलिए इसकी सुरक्षा में निवेश की दरकार है। दूसरी ओर, विपक्ष इसे अमेरिकी दबाव की परिणति बताने में जुट गया है। देश की अनेक विपक्षी पार्टियों और लोकसभा में नेता, प्रतिपक्ष ने इसे राष्ट्रपति ट्रंप को खुश करने के इरादे से उठाया गया कदम बताया है। यूपीआई की सफलता से अमेरिकी भुगतान नेटवर्क की ईर्ष्या जगजाहिर है।

[प्रसंगवश 17 सितंबर: नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस]

# नरेंद्र मोदी – जिंदगी की किताब का हर पन्ना, भारत के नाम



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)



कुछ जीवन केवल समय के साथ आगे नहीं बढ़ते, वे समय की दिशा प्रभावित करते हैं। नरेंद्र दामोदरदास मोदी की यात्रा भी ऐसी ही असाधारण कथा है, जिसमें वडनगर की गलियों की सादगी से भारत के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक का विस्तार दिखाई देता है। 17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में जन्मे इस बालक ने अभावों को नियति नहीं, पाठशाला बनाया। पिता के साथ चाय बेचते हुए उन्होंने श्रम की गरिमा और जीवन की कठोरता को जाना। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा के प्रति जिजीविषा बनी रही। परिवार की जिम्मेदारियों और संघर्षों ने दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और कर्मनिष्ठा को मजबूत किया। यही संघर्ष आगे चलकर उनकी पहचान बना। उनका बचपन संदेश देता है– मंजिल परिस्थितियाँ नहीं, संकल्प तय करता है।

नेतृत्व की पहली पाठशाला उनके लिए सत्ता नहीं, सेवा थी। युवा अवस्था में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर नरेंद्र मोदी ने अनुशासन, संगठन, सेवा और राष्ट्रभावना को जीवन का हिस्सा बनाया। लक्ष्मणराव इनामदार जैसे मार्गदर्शकों से उन्होंने संगठन की समझ और मानवीय नेतृत्व का पाठ सीखा। उन्होंने जाना कि नेतृत्व अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व है; लोगों से आगे खड़ा होना नहीं, उनकी पीड़ा को समझना है। यही सोच उनके सार्वजनिक जीवन की आधार बनी। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने शासन को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, विकास और सेवा का माध्यम माना। उनका आरंभिक जीवन युवाओं को संदेश देता है कि साधारण शुरूआत असाधारण मंजिल की राह नहीं रोक सकती।

विकास की पहचान तब होती है, जब वह धरातल पर बदलाव लाए। 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने विकास को नई गति दी। राज्य की आर्थिक वृद्धि दर औसतन दस प्रतिशत से अधिक रही। चारणका सोलर पार्क ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया। सौराष्ट्र और कच्छ में नहरों का विस्तार हुआ तथा सरदार सरोवर परियोजना को गति मिली, जिससे जल-संसाधन विकास मजबूत हुआ। स्वामी विवेकानंद युवा रोजगार सप्ताह जैसे अभियानों से युवाओं को रोजगार के अवसर मिले। कन्या केलवणी अभियान से बालिका शिक्षा को बल मिला और विद्यालय छोड़ने की दर में उल्लेखनीय कमी आई। इन पहलों ने गुजरात को विकास और नीतिगत प्रयोगों के लिए देश में अलग पहचान दिलाई।

2014 के बाद भारत ने बदलाव की कई करवटें देखीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी। अनुच्छेद 370 और 35अ से जुड़े संवैधानिक बदलाव, जीएसटी से कर-व्यवस्था का एकीकरण, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान इस दौर की प्रमुख पहलें रहीं। यूपीआई ने भारत को डिजिटल भुगतान में विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। स्वच्छ भारत अभियान ने करोड़ों लोगों तक स्वच्छता पहुँचाने के साथ व्यवहार परिवर्तन का अभियान चलाया। कोविड-19 संकट में आत्मनिर्भर भारत का आह्वान देश के आत्मविश्वास का स्वर बना। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और 220 करोड़ से अधिक खुराकों का वितरण भारत की स्वास्थ्य-क्षमता और उत्पादन सामर्थ्य की बड़ी उपलब्धि बना।

सत्ता की ऊँचाई पर भी सादगी और अनुशासन बनाए रखना नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषता है। योग, ध्यान, सात्विक जीवनशैली और नियमित दिनचर्या उनके आत्मसंयम को दर्शाते हैं। सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी आम नागरिकों से सीधा संवाद उनकी अलग पहचान बना। मन की बात के जरिए उन्होंने देशभर की प्रेरक कहानियों, सामाजिक पहलों और नागरिक अनुभवों को राष्ट्रीय संवाद से जोड़ा। उनके कई निर्णयों पर तीखी बहस और आलोचना हुई–गुजरात दंगों से जुड़े विवादों से लेकर नोटबंदी और नागरिकता संशोधन कानून तक। समर्थकों ने इनमें दीर्घकालिक राष्ट्रीय दृष्टि देखी, वहीं आलोचकों ने कई पहलुओं पर सवाल उठाए। उपलब्धियों, बहस और असहमति के बीच यात्रा जारी रखना लोकतंत्र में नेतृत्व की वास्तविक कसौटी है। भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव उसकी बढ़ती क्षमता और आत्मविश्वास का प्रमाण है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश की विकास-यात्रा वैश्विक प्रभाव तक पहुँची। मंगलयान और चंद्रयान अभियानों ने भारतीय अंतरिक्ष क्षमता को विश्व के सामने स्थापित किया, जबकि चंद्रयान-3 की सफल चंद्र-अवतरण उपलब्धि ने राष्ट्रीय गौरव बढ़ाया। मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया तथा भारत का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक हो गया। आयुष्मान भारत के तहत 40 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वच्छ रसोई ईंधन मिला। इन पहलों ने विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

कठिन रास्तों से निकली यात्राएँ ही अक्सर बड़ी मिसाल बनती हैं। नरेंद्र मोदी की यात्रा अभाव से अवसर, संघर्ष से संकल्प और संकल्प से राष्ट्र-निर्माण तक निरंतर कर्म की यात्रा है। वडनगर की साधारण गलियों से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेतृत्व तक पहुँचना भारतीय लोकतंत्र में सामाजिक गतिशीलता और अवसरों की संभावना का प्रतीक है। उनकी कार्यशैली में दृढ़ निर्णय, प्रभावी संवाद और बड़े लक्ष्य तय करने का साहस दिखाई देता है। उन्होंने आत्मनिर्भरता, डिजिटल परिवर्तन, आधारभूत विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, ऊर्जा और वैश्विक प्रतिष्ठा जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। उनका सबसे बड़ा संदेश यही है कि कठिन परिस्थितियाँ रुकावट नहीं, आगे बढ़ने की ऊर्जा बन सकती हैं।

जन्मदिवस केवल आयु नहीं, कर्म और विचारों को नमन करने का अवसर है। नरेंद्र दामोदरदास मोदी की यात्रा बताती है कि राष्ट्र का भविष्य बड़े सपनों से नहीं, उन्हें साकार करने वाली साधना से बनता है।

## जीरो बैलेंस

अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक की मुख्य शाखा के बाहर सीमेंट की ठंडी सीढ़ियों पर बहत्तर साल के परमानंद जी हर शुक्रवार सुबह ठीक दस बजे आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में हरे रंग की एक पुरानी बैंक पासबुक और तांबे जैसा घिसा हुआ दो रुपये का एक सिक्का हमेशा चमकता रहता था। आज अट्ठाईस अगस्त को जन धन योजना के राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन दिवस के अवसर पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें मुख्य द्वार पर बैठा देखा तो अपनी बंदूक संभालते हुए ठहाका लगाकर बोला कि ₹बाबा जब आज पूरे देश में करोड़ों नए खाते खुलने और डिजिटल लेनदेन का जश्न मनाया जा रहा है तो इस पुरानी पासबुक को रोज अपनी छाती से चिपकाकर यहाँ क्या भीख मांगने का नया स्वांग रचते हो।₹ परमानंद जी अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह खाली पासबुक केवल कागज का पुलिंदा नहीं है बल्कि इस पूरे चमकते हुए बैंकिंग तंत्र की वो जमीनी हकीकत है जिसे तुम्हारे ये बड़े-बड़े डिजिटल स्क्रीन कभी नहीं दिखा पाएंगे। आसपास खड़े तमाम दलाल और खाताधारक उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में दादा की मति मारी गई है जो जीरो बैलेंस के खाते को अपनी जागीर समझकर पूरे बैंक प्रशासन से हिसाब चुकता करने चले आए हैं।₹ परमानंद जी किसी की बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस पासबुक के पन्नों को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप वीआईपी गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। बैंक शाखा के सभी बाबू और अधिकारी परमानंद जी की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह वाकिफ थे और उन्हें एक हठी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। बैंक का बड़ा कैशियर जब भी नोटों की गड्डियों का बंडल लेकर मुख्य प्रबंधक के केबिन की तरफ बढ़ता तो परमानंद जी बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि बाबू जी क्या आज उस जीरो बैलेंस वाले खाते में कोई सरकारी सब्सिडी की राशि आई।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 सितंबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:00 से 15:00 तक
तिथि - षष्ठी 10:10 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - अनुराधा 20:28 उपरांत ज्येष्ठा
योग - विष्कुंभ 14:36 उपरांत प्रीति
करण - तैतिल
चन्द्रमा -दिन पूर्ण वृश्चिक मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 05तारिख

**मेष-** सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें।

**वृषभ-** परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है। संतान की रोजी-रोटी की चिंता समाप्त होने के योग हैं।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आवास संबंधी समस्या हल होने के योग हैं।

**कर्क-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे।

**सिंह-** धनार्जन होगा। पूंजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा।

**कन्या-** दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। दूसरों के काम में व्यर्थ मीन-मेख न निकालें।

**तुला-** काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है। आर्थिक कामों में परेशानी आने की संभावना है।

**वृश्चिक-** लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा।

**धनु-** धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मकर-** कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा।

**कुंभ-** जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी।

**मीन-** पुरानी झंझटों से राहत रह पाएगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखना होगा। व्यस्तता रहेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

## समसामयिक

# फटी बनियान और पिताजी



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

घर में हम भाइयों में से किसी की भी बनियान जब फट जाती थी, तब पिताजी उसे संभालकर रख लेते थे। धीरे-धीरे जब मैं बड़ा हुआ, तब एक दिन उनसे पूछा कि पिताजी! यह फटी बनियान आप संभालकर क्यों रखते हैं? इस पर उनका जवाब था कि बेटा बनियान फट गई है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह किसी काम की नहीं है। पहनने के लिए नहीं तो किसी और काम में आएगी। एक दिन देखता हूं कि पिताजी साइकिल की सफाई कर रहे हैं। कपड़े के रूप में वही फटी बनियान लिए हुए हैं। मेरी समझ में आया कि फटी बनियान से साइकिल की सफाई होती है, फिर भी पिताजी से पूछा तो उन्होंने कहा कि बेटा यह सूती कपड़ा है। अतः अच्छी सफाई करता है। सफाई करते-करते बनियान फट गई तब भी पिताजी ने उसे नहीं फेंका। फिर मैंने उनसे पूछा कि अब यह किस काम आएगी? तब उन्होंने कहा कि घर के किवाड़ जो तेल न डालने से चूं-चूं करके जाम होने लगते हैं, तब मैं उनमें तेल डालकर बनियान से पोंछ देता हूं। इस प्रकार यह बनियान उस तेल को पोंछने के काम आती है।

धीरे-धीरे बनियान और जर्जर हो गई। फिर भी पिताजी ने उसे नहीं फेंका। फिर मैंने पूछा कि अब तो यह किसी काम की नहीं रही, फिर भी क्यों नहीं फेंक रहे हैं? वे बोले- बेटा! यह बनियान जो तुम्हें गन्दी, फटी और तेल से युक्त लग रही है। यह अभी भी उपयोगी है। मैंने कहा कैसे? तो उन्होंने समझाया कि जब तुम्हारी मां चूल्हा जलाती है, तब यह बनियान आग पकड़ाने में सहयोग करती है। इस पर मैंने कहा कि पिताजी अगर हम इसके बजाय दूसरे कपड़े का प्रयोग कर लें तो क्या बुरा है? तो वह बोले-बेटा! इस बनियान को फेंक देने से तुम्हें क्या मिलता? यह फटने के बाद भी वही काम कर रही है जो एक अच्छा कपड़ा करता। पर यदि तुम फेंक देते तो इसके बदले में 10-20? का कपड़ा लाते, फिर यह सारे काम करते। बात मेरी समझ में नहीं आयी। तब मैंने कहा- पिताजी! पिताजी 10-20 की ही तो बात है, मात्र इतने से पैसों के लिए फटी बनियान संभालना, यह मुझे उचित नहीं लग रहा है। वे बोले-बेटा! तुम्हारे लिए यह 10 होंगे, मैंने आज जहां तक तुम लोगों को पहुंचाया है, वहां तक के सफर में यह 10 रु. बड़े काम के रहे हैं। यही 10-10 इकट्ठा होकर 100, 200, 1000 और 10-20000 हो जाते हैं। पर यही 10 रुपए यदि हम यूं ही फेंकते चलेंगे तो एक दिन 10-20000 भी शून्य हो जाएंगे।

कुछ देर रुकने के बाद पिताजी पुनः बोले- बेटा! आज महंगाई उतनी नहीं है, जितनी हमारी फिजूलखर्ची है। चाय घर में बनती है तो ब-मुश्किल दो से तीन रुपए में एक चाय पड़ती है। वही चाय हम बाजार में जाकर पीते हैं तो 10 से 15देने होते हैं। घर में बिजली के बहुत से उपकरणों को अनावश्यक जलाते हैं, तो बिल में हर महीने 100-200 की बढ़ोतरी हो जाती। वहीं यदि हम संभालकर जलाएं, तो निश्चित मानिए कि बिजली का बिल कम आएगा। इसी प्रकार छोटी-छोटी दूरियों के लिए हम वाहन का प्रयोग करना बंद कर दें तो खर्च कम होगा। अनावश्यक कपड़े, बर्तन इत्यादि खरीदकर भी हम अपना खर्च बढ़ा रहे हैं। आज मोबाइल की आवश्यकता है, पर बहुत महंगे मोबाइल खरीदकर हम क्या दिखाना चाहते हैं? रहने के लिए मकान की आवश्यकता है पर हमने बहुत बड़ा मकान बनवा लिया या खरीद लिया। ऐसा करके हम अपनी झूठी शान दिखाते हैं और पूरा जीवन उसका कर्ज भरते रहते हैं। बेटा! कितना भी बड़ा मकान हो ढाई सौ स्क्वायर फीट से अधिक में हम नहीं रहते। बाकी बचे हुए मकान में हमारा अहंकार रहता है।

तो अहंकार और दिखावे के फेर में मैं नहीं पड़ा, इसीलिए फटी बनियान संभालकर रखता हूं। साथ ही उस बनियान में मेरे बच्चों की यादें होती हैं। जब भी बनियान उठाता हूं, तब लगता है कि महेश जब 04 साल का था, तब उसे यह बनियान दिलाई थी।

# रात में फोन चलाने की आदत पड़ सकती है भारी



मोबाइल आज हमारी जिंदगी का ऐसा हिस्सा बन चुका है जिससे दूरी बनाना आसान नहीं है। सुबह आंख खुलते ही फोन देखना हो या रात को सोने से ठीक पहले सोशल मीडिया स्क्रॉल करना हो स्क्रीन हमारी रोजमर्रा की आदतों में शामिल हो चुकी है। कई लोग काम के दौरान बार बार नोटिफिकेशन देखते हैं तो कुछ लोग खाली समय मिलते ही रील्स वीडियो और सोशल मीडिया पर चले जाते हैं। सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि मोबाइल हमारा कितना समय ले रहा है बल्कि अब यह भी चिंता बढ़ रही है कि इसका लगातार इस्तेमाल हमारी नींद ध्यान और दिमागी कार्यक्षमता को किस तरह प्रभावित कर रहा है।

हालिया शोधों में मोबाइल और स्क्रीन टाइम को लेकर कई महत्वपूर्ण संकेत मिले हैं। एक बड़े व्यवस्थित विश्लेषण में 21 अध्ययनों और करीब 5.48 लाख लोगों के आंकड़ों को शामिल किया गया। इसमें ज्यादा स्क्रीन टाइम का संबंध कम नींद अनिद्रा के लक्षण देर से सोने और सोने में परेशानी से पाया गया। विश्लेषण के मुताबिक स्क्रीन टाइम के हर अतिरिक्त घंटे के साथ सोने का समय औसतन करीब 13 मिनट तक आगे खिसक सकता है।


रात में मोबाइल इस्तेमाल करने की समस्या केवल स्क्रीन की रोशनी तक सीमित नहीं है। फोन पर लगातार आने वाले नोटिफिकेशन सोशल मीडिया की पोस्ट वीडियो और मैसेज दिमाग को सक्रिय बनाए रखते हैं। ऐसे में व्यक्ति बिस्तर पर जाने के बाद भी मानसिक रूप से आराम की स्थिति में नहीं पहुंच पाता। नतीजा यह होता है कि सोने में देर लग सकती है और नींद की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। 2026 में प्रकाशित एक अध्ययन में विश्वविद्यालय के छात्रों पर मोबाइल के सोने से पहले इस्तेमाल का असर देखा गया। शोध में पाया गया कि सोने से पहले लंबे समय तक स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों में खराब नींद की संभावना अधिक थी। अध्ययन में मोबाइल के लंबे इस्तेमाल का संबंध एकाग्रता और कुछ प्रदर्शन संबंधी मापदंडों में कमी तथा प्रतिक्रिया समय बढ़ने से भी जोड़ा गया। हालांकि शोधकताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि इन निष्कर्षों को व्यापक आबादी पर लागू करने के लिए आगे बड़े अध्ययनों की जरूरत है।

यहां सबसे जरूरी बात यह समझना है कि मोबाइल सीधे हमारे ब्रेन को खराब कर रहा है ऐसा कहना वैज्ञानिक तौर पर सही नहीं होगा। असल समस्या अक्सर मोबाइल इस्तेमाल से बनने वाली आदतों की होती है। यदि कोई व्यक्ति रात में देर तक फोन चलाता है और इसके कारण पर्याप्त नींद नहीं ले पाता तो अगले दिन थकान चिड़चिड़ापन ध्यान लगाने में कठिनाई और काम करने की क्षमता में कमी महसूस हो सकती है। लंबे समय तक खराब नींद बनी रहे तो इसका असर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है।

एक अन्य 2026 के अध्ययन में वयस्कों के बीच सोशल मीडिया और सोने से पहले स्मार्टफोन इस्तेमाल का संबंध देखा गया। इसमें ज्यादा स्मार्टफोन निर्भरता और बिस्तर पर फोन इस्तेमाल का संबंध खराब नींद से पाया गया जबकि खराब नींद और कुछ कार्यकारी क्षमताओं जैसे वर्किंग मेमोरी तथा ध्यान नियंत्रित करने में आने वाली कठिनाइयों के बीच भी संबंध सामने आया। हालांकि यह अध्ययन भी कारण और परिणाम को पूरी तरह साबित नहीं करता।

## धर्म-आस्था

# श्रीगणेश वंदना और श्रीरामचरितमानस का मंगलारम्भ



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)



भारतीय संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य को प्रारम्भ करने से पहले मंगल की कामना की जाती है और मंगल के अधिष्ठाता भगवान विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता और शुभ गुणों के धाम श्रीगणेश का स्मरण किया जाता है। गणेश जी मंगल के प्रथम स्वर हैं और श्रीराम मयार्दा के जीवन्त आदर्श। एक हमारे भीतर विवेक का दीप जलाते हैं, दूसरे उस प्रकाश में जीवन का मार्ग दिखाते हैं।

गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस के आरम्भ में सुंदर तथ्य सामने आता है। तुलसीदास जी श्रीराम की कथा कहने से पहले अपने ग्रंथ के प्रथम सोपान बालकाण्ड के मंगलाचरण के प्रथम संस्कृत श्लोक में ही वाणी और विनायक की संयुक्त वंदना करते हैं–

वणार्नामर्थसंघानां रसानां छन्दसामपि।
मङ्गलानां च कत्तारौ वन्दे वाणीविनायकौ॥ 1॥

(गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस - बालकाण्ड, मंगलाचरण – श्लोक संख्या 1)

अर्थात वर्णों, अर्थ-समूहों, रसों और छन्दों तथा समस्त मंगल के कर्ता वाणी और विनायक की मैं वंदना करता हूँ। तुलसीदास जी वाणी और विनायक को एक साथ प्रणाम करते हैं। वाणी अभिव्यक्ति की शक्ति है और विनायक बुद्धि, विवेक तथा मंगल के प्रतीक हैं। इसके पश्चात तुलसीदास जी क्रमशः भवानी-शंकर, गुरु, वाल्मीकि और हनुमान, माता सीता तथा भगवान श्रीराम की वंदना करते हैं। बालकाण्ड के आरम्भ में कुल सात संस्कृत मंगलाचरण श्लोक हैं। प्रथम संस्कृत श्लोक में विनायक की वंदना करने के बाद भी तुलसीदास जी का गणेश-स्मरण समाप्त नहीं होता। सात संस्कृत श्लोकों के पश्चात जब उनकी वाणी लोकभाषा की सहजता में उतरती है, तब वे एक बार फिर भगवान गणेश का स्मरण करते हैं–

जो सुमिरत सिधि होइ गन नायक करिबर बदन।
करउ अनुग्रह सोइ बुद्धि रासि सुभ गुन सदन॥1॥

(गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस - बालकाण्ड – सोरठा संख्या 1)

अर्थात जिन गणनायक का स्मरण करने से सिद्धि प्राप्त होती है, जिनका मुख श्रेष्ठ गजराज के समान है, जो बुद्धि की राशि और शुभ गुणों के धाम हैं–वे भगवान गणेश मुझ पर अनुग्रह करें। वे उस गणनायक का अनुग्रह चाहते हैं जो बुद्धि के भंडार और शुभ गुणों के निवास हैं। यहीं गणेश-वंदना और रामकथा के बीच एक सुंदर सेतु बनता दिखाई देता है।

रामकथा अंततः मनुष्य को सिखाती है कि सत्य और असत्य में अंतर करना, धर्म और अधर्म को पहचानना, कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य के मार्ग पर बने रहना, शक्ति के साथ विनम्रता रखना और व्यक्तिगत हित से ऊपर लोकमंगल को स्थान देना। इन सबके मूल में विवेक है। विवेक न हो तो शक्ति अहंकार बन सकती है, ज्ञान विवाद बन सकता है और अधिकार स्वार्थ में बदल सकता है। श्रीगणेश इसी विवेकपूर्ण बुद्धि के प्रतीक हैं। इस दृष्टि से मानस के आरम्भ में गणेश-वंदना और उसके बाद श्रीरामकथा का विस्तार एक गहरा जीवन-सूत्र प्रस्तुत करता है–पहले विवेक, फिर मर्यादा पहले मंगल की भावना, फिर लोकमंगल का आचरण।

इस गणेश-वंदना का एक आन्तरिक पक्ष भी है। विघ्न केवल हमारे बाहर नहीं होते; अनेक विघ्न हमारे भीतर भी होते हैं। अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, संशय और अविवेक–ये भी मनुष्य की आध्यात्मिक यात्रा के विघ्न हैं। श्रीराम की कथा सुनने से पहले यदि मनुष्य अपने भीतर के इन विघ्नों को पहचान सके, तो कथा का अर्थ और गहरा हो जाता है। श्रीरामचरितमानस का मंगलारम्भ हमें केवल धार्मिक परम्परा का परिचय नहीं देता, बल्कि जीवन का एक अत्यंत सहज सूत्र भी प्रदान करता है। वाणी में विवेक हो, बुद्धि में शुभता हो, कर्म में मर्यादा हो और उद्देश्य में लोकमंगल हो।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,500 रवा- 1,49,300 चांदी- टंच- 2,32,000 पाट- 2,31,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम



### बस स्टेण्ड के पास चीज पिज्जा की जगह वेज पिज्जा देने पर विवाद

**देवास।** देवास शहर में बस स्टैंड के सामने एनी टाइम बेकरी में मंगलवार रात करीब 11बजे पिज्जा ऑर्डर को लेकर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। चीज पिज्जा की जगह वेज पिज्जा देने और ऑर्डर में देरी को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।राम रहीम नगर निवासी प्रिंस और संजू चौहान पिज्जा लेने बेकरी पहुंचे थे। उन्होंने चीज पिज्जा का ऑर्डर दिया था, लेकिन उन्हें वेज पिज्जा तैयार करके दिया गया। ऑर्डर में देरी होने को लेकर भी दोनों की कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। बेकरी कर्मचारी देवराज सेन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि प्रिंस और संजू ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर में चोट आई है। दूसरी ओर, प्रिंस और संजू ने भी पुलिस में शिकायत की है। उनका आरोप है कि बेकरी कर्मचारी देवराज सेन और संचालक जसपाल व राजू ने उनके साथ मारपीट की। कोतवाली थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि चीज पिज्जा की जगह वेज पिज्जा देने और देरी को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, कई चोरी का खुलासा हुआ

**आगर-मालवा।**अटल कालोनी में सुनसान मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने चड्डी-बनियान गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में आगर और शाजापुर में हुई चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। 22-23 अगस्त की दरमियानी रात अटल कालोनी के मकान में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देश पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ टोल नाकों की जानकारी जुटाई और तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने कैल सिंह पुत्र डूडिया बामनिया, निवासी छढ़ावत, थाना टांडा, जिला धार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने शाजापुर की द्वारकापुरी कॉलोनी में चोरी करना भी स्वीकार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद 10 दिन की पुलिस रिमांड मिली है।

### निर्माणाधीन मकान से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाजापुर।** शाजापुर कोतवाली पुलिस ने निर्माणाधीन मकान और दुकान में हुई चोरी की दो वारदातों का खुलासा किया। पुलिस को आरोपियों के पास से करीब 70 हजार रुपए का सामान मिला है।पुलिस के मुताबिक, 14 मई 2026 को अशोक जाटव ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने संदेह के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रेहान उर्फ चुन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ में रेहान ने अपने साथी जलज मालवीय (31, निवासी विजय नगर, मूल निवासी लालपुरा) के साथ मिलकर उमियाधाम कॉलोनी में बन रहे मकान से सेंटिंग के तख्ते चुराने का जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 15 हजार रुपए के सेंटिंग तख्ते और चोरी में इस्तेमाल की गई 50 हजार रुपए की पल्सर बाइक जब्त की है। दूसरी वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 हजार रुपए की गैस टंकी भी मिली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### पुलिस रात में गणेश पंडालों में पहुंची

**शाजापुर।** शाजापुर में गणेश चतुर्थी पर्व के मद्देनजर पुलिस ने शहर और ग्रामीण इलाकों के गणेश पंडालों का निरीक्षण किया। मंगलवार रात यह निरीक्षण सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, उप पुलिस अधीक्षक अजाक अजय मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला, लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन मुजाल्दे और यातायात प्रभारी मोनिका ठाकुर सहित कई अधिकारियों ने शहर के अलग-अलग पंडालों का दौरा किया। थाना सुनेरा क्षेत्र में थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने सुनेरा और पनवाड़ी समेत अन्य जगहों के पंडालों का भी जायजा लिया।इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ को संभालने के तरीके, पार्किंग, यातायात, वॉलंटियर्स की तैनाती और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने आयोजन समितियों को पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही, बिजली व्यवस्था, आग से बचाव और इमरजेंसी रास्तों को लेकर भी सावधानी बरतने को कहा गया। एसपी ने रात की गश्त में लगे पुलिसकर्मियों को पंडालों की लगातार जांच और निगरानी करने के निर्देश दिए। पुलिस ने समितियों और आम लोगों से अपील की कि वे इस पर्व को शांति और भाईचारे के माहौल में मनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें।

### घर में नल कनेक्शन नहीं, निगम ने भेजा 26 हजार का पानी बिल,

**देवास।** देवास में पानी का बिल देखकर चिड़ीबाई की परेशानी बढ़ गई। गजरा गियर्स की झुग्गी बस्ती में रहने वाली चिड़ीबाई के नाम नगर निगम ने करीब 26 हजार रुपए का पानी का बिल भेज दिया। खास बात यह है कि महिला का कहना है कि उसके घर में नल कनेक्शन ही नहीं है। उसने कनेक्शन के लिए आवेदन भी नहीं किया। बिल लेकर वह मंगलवार को जनसुनवाई पहुंची तो मामला जांच के लिए नगर निगम को भेज दिया गया। चिड़ीबाई ने डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को आवेदन देकर अपनी शिकायत बताई। उनका कहना है कि उन्हें मोहन नगर क्षेत्र में एक मकान मिला था, जहां उन्होंने झोपड़ी बनाई थी। लेकिन वे वहां रहती नहीं हैं। फिलहाल उनका ठिकाना गजरा गियर्स क्षेत्र की झुग्गी बस्ती है। महिला के मुताबिक, जिस घर में वह रहती हैं, वहां नल कनेक्शन नहीं है। नगर निगम से कनेक्शन के लिए आवेदन भी नहीं किया। इसके बावजूद बिल करीब 26 हजार रुपए का आ गया। चिड़ीबाई ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के जरिए जब उन्हें बिल मिला तो वे परेशान हो गईं। उनका कहना है कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इतनी बड़ी रकम जमा करना उनके लिए संभव नहीं है। परिवार में लोग अक्सर बीमार रहते हैं। कमाई का कोई पक्का साधन भी नहीं है।

## पर्यूषण पर्व खत्म, जैन समाज ने की सामूहिक क्षमायाचना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में जैन श्वेतांबर समाज का पर्यूषण पर्व बुधवार को खत्म हो गया। इस मौके पर श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक संघ आगर ने जैन ओसवाल भवन में सामूहिक पारणा और क्षमायाचना कार्यक्रम रखा। इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे से मिलकर बीते साल हुई गलतियों और भूलों के लिए मन, वचन और शरीर से माफी मांगी।



कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे के पैर छूकर, हाथ जोड़कर और गले मिलकर माफी मांगी। सभी ने आपसी मनमुटाव, कड़वाहट और दुश्मनी को दूर कर एक-दूसरे को माफ किया। इस दौरान 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहते हुए सभी ने सद्भाव और दोस्ती का भाव दिखाया।

जैन धर्म में पर्यूषण पर्व के आखिर में होने वाली क्षमायाचना को बहुत खास माना जाता है। यह मौका खुद के बारे में सोचने और मन को शुद्ध करने का होता है।

साल भर में जाने-अनजाने में किसी के प्रति मन, वचन या काम से हुई गलती के लिए माफी मांगना और दूसरों को माफ करना जैन धर्म की अहिंसा, संयम और दोस्ती की भावना को दिखाता है। इस मौके पर समाज के लोगों ने मन की कड़वाहट और दुश्मनी को मिटाकर सभी जीवों के प्रति दया और माफी का भाव रखने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मारू, अध्यक्ष विनोद जैन और सचिव मनीष गांधी समेत कई समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने गर्मजोशी से एक-दूसरे से माफी मांगी और माफ किया। इससे पूरे आयोजन में धार्मिक माहौल के साथ-साथ आपसी भाईचारे और मेलजोल का वातावरण बना रहा।

## पत्नी को ढूंढ रहे पति की ट्रेन से कटकर मौतःएक महीने पहले झगड़े के बाद 6 बच्चों को लेकर भागी थी पत्नी

**देवास।** देवास में विजयनगर क्षेत्र में मंगलवार रात रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोती बंगला निवासी सरदार पिता पिट्ठू डामोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सरदार पिछले करीब एक महीने से अपनी पत्नी और छह बच्चों को ढूंढ रहा था। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। करीब एक महीने पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद सरदार की पत्नी अपने छह बच्चों को लेकर घर से चली गई थी। सरदार लगातार पत्नी और बच्चों की तलाश कर रहा था। उसने पत्नी के मायके में भी जानकारी ली, लेकिन वहां से भी उसे कोई सुराग नहीं मिला। सरदार के कुल १० बच्चे हैं। इनमें से चार बच्चे फिलहाल उसके साथ रह रहे थे, जबकि छह बच्चे पत्नी के साथ थे। मंगलवार रात करीब ९.३० बजे विजयनगर क्षेत्र में सरदार रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।पुलिस ने परिवार और मोहल्ले के लोगों को घटना की सूचना दी। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

## दूध के दाम बढ़ाने की मांग करते हुए विक्रेताओं ने सड़कों पर दूध बहाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर

आगर में दूध के दाम बढ़ाने की मांग को लेकर बुधवार से सुसनेर और ग्रामीण इलाकों में दूध विक्रेताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सुसनेर आने वाले पिकअप वाहनों से दूध सड़क पर बहाए जाने के वीडियो भी सामने आए हैं। विक्रेताओं-डेयरी संचालकों की मांग है कि दूध का दाम 100 रुपए प्रति लीटर और फैट का दाम 12 रुपए किया जाए।



हड़ताल के कारण इलाके में दूध की सप्लाई पर असर पड़ने लगा है। कई डेयरी संचालकों ने भी अपनी दुकानें बंद रखकर दूध विक्रेताओं की मांगों का साथ दिया है।

ग्रामीण इलाकों से दूध लेकर सुसनेर आने वाले पिकअप वाहनों से दूध सड़क पर बहाए जाने के वीडियो भी सामने आए हैं। इन वीडियो में कई ग्रामीण सड़कों पर दूध बहाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, दूध बहाने की यह घटना किन जगहों पर हुई और इसमें कितना दूध खराब हुआ, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है।

इसी बीच दूध विक्रेता और डेयरी संचालक स्थानीय पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने यहां एक आवेदन सौंपकर अपनी मांगों के बारे में बताया। दूध विक्रेताओं का कहना है कि दूध के दाम 100 रुपए प्रति लीटर और फेट का दाम बढ़ाकर 12 रुपए किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर विक्रेताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। यह हड़ताल कब तक चलेगी, इसे लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है।

### ईव्हीएम मशीनों का रेण्डमाईजेशन सम्पन्न

**आगर मालवा ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद पंचायत नलखेड़ा के वार्ड क्रमांक 6 एवं 11 तथा नगर परिषद् सुसनेर के उप निर्वाचन हेतु मतदान 29 सितम्बर 2026 को होगा, इसके लिये रिटर्निंग ऑफिसर को ईव्हीएम मशीनें आवंटित करने के लिये 16 सितम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्टोरेट में जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर रेण्ड माईजेशन का कार्य आयोग के प्रेक्षक श्री डीव्ही सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर राजनैतिक दल के अशोक प्रजापत अनमोल वर्मा रिटर्निंग ऑफिसर सुसनेर श्रीमती देवकुंवर सोलंकी, आदि उपस्थित थे।

## ग्राम रोजगार सहायकों ने नियमितीकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर

शाजापुर में विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सहायकों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के नाम जिला पंचायत सीईओ तथा डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा को ज्ञापन दिया। संगठन ने ग्राम रोजगार सहायकों को पंचायत सहायक सचिव के पद पर नियुक्त करने और 18 जून 2923 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुसार पंचायत सचिवों के समान सभी सुविधाएं देने की मांग की है।

संगठन के अनुसार, २८ जून 2023 को भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में हुई ग्राम रोजगार सहायकों की महापंचायत में नियुक्ति, स्थानांतरण सहित अन्य प्रक्रियाएं पंचायत सचिवों के समान करने की घोषणा की गई थी। इसे लागू करने के लिए शासन ने समिति का गठन भी किया था, जिसके अध्यक्ष पंचायत राज संचालनालय के संचालक बनाए गए थे। लेकिन, करीब तीन वर्ष बीतने के बाद भी इस संबंध में आदेश जारी नहीं हुआ है। ग्राम रोजगार सहायकों ने बताया कि कई अवसरों पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 20 मई 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में हुए महासम्मेलन में मांगों पर गंभीरता से विचार करने की बात कही थी। वहीं, 18 अगस्त 2026 को मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को 15 दिन में आदेश जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। ज्ञापन में महासम्मेलन में शामिल होने जा रहे रतलाम जिले के चार ग्राम रोजगार सहायकों की सड़क दुर्घटना में मौत और अन्य साथियों के घायल होने का जिक्र करते हुए पीड़ित परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति और आर्थिक मदद देने की मांग भी की गई है।

## पटवारियों ने दबाव बनाने पर दी कलमबंद आंदोलन की चेतावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देवास

देवास में मंगलवार को 350 से ज्यादा पटवारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 में पटवारियों को निष्पादक की जिम्मेदारी दिए जाने का विरोध किया। मप्र पटवारी संघ जिला देवास और प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने फार्मर आईडी और जिओ टैग गिरदावरी में आ रही व्यवहारिक परेशानियों का मुद्दा भी उठाया। पटवारियों ने चेतावनी दी कि मांगों को लेकर दबाव बनाया गया तो प्रदेशभर में कलमबंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष मोहन राठौर ने कहा कि पटवारी लगातार शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन हर नई व्यवस्था के साथ उन पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां डाली जा रही हैं। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 में पटवारी को निष्पादक बनाए जाने पर संघ को आपत्ति है। संघ का कहना है कि पटवारी न तो भूमि के मालिक हैं और न ही भूमि का हस्तांतरण करने वाले अधिकारी। ऐसे में संबंधित दस्तावेजों का कानूनी निष्पादक बनाना उचित नहीं है। प्रस्तावित व्यवस्था में पंजीयन दस्तावेज पर पटवारी का नाम, पद और ई-सिग्नेचर निष्पादक के रूप में दर्ज होने की बात कही गई है।

पटवारी संघ ने आशंका जताई कि भविष्य में भूमि की सीमा, क्षेत्रफल, वारिस, हिस्सेदारी या कब्जे को लेकर विवाद होने पर कानूनी जिम्मेदारी पटवारी पर आ सकती है। संघ का तर्क है कि आबादी क्षेत्र की भूमि राजस्व कृषि भूमि से अलग होती है और इसका सर्वे पंचायत राज विभाग द्वारा कराया गया है।

### बाबा बैजनाथ धाम एवं प्रमुख मंदिरों सहित 10 स्थान 14 हजार दीयों से रोशन होंगे

**आगर मालवा ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा 14 सितम्बर से आयोजित किये जा रहे, सेवा संकल्प अभियान की प्रदेशव्यापी शुरूआत 17 सितम्बर को शाम 7 बजे से अशीर्वाद के दीया कार्यक्रम से हो रही है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर इस अवसर पर वृहद स्तर पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन, ग्रामीण

**संयुक्त प्रशासनिक संकुल प्रथम तल द. कक्ष क्रं. 132 जिला उज्जैन**
**1688/रीडर-1/2026/ उज्जैन दिनांक 21/05/2026**

**//विज्ञप्ति//**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील उज्जैन अतर्गत ग्राम सेवरखेडी स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 68/2 रकबा 5.00 हे. पर सामुदानिक भवन टिन शेड एवं बाउपड्री बॉल निर्माण हेतु भूमि आर्वटन किये जाने का अनुशेध किया गया है। इस संबंध में आवेदक ग्राम पंचायत आलमपुर उड़ाना द्वारा नजूल निर्वतन नियम 2929 अंतर्गत प्रारूष 1 में भूमि आर्यटन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/समह/संस्था को आपत्ति हो तो अयोहस्तातरकार्ता के कार्यालय में नियत समयावधि 05.06.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(रा.) अनुभाग उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने दीपक कुमार पिता रामेश्वर जाति महाजन निवासी बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बिसलखेडी तह. बडनगर के सर्वे नं. ११३ रकबा 2,82 हे. कुल किता 01 कुल रकबा 2.82 है, एवं अमित पिता ओमप्रकाश जाति महाजन निवासी बडगनर तह. बडनगर जिला उज्जैन कि स्वामित्व एवं आधिपत्य कि भूमि ग्राम बिसलखेडी तह. बडनगर जिला उज्जैन के सर्वे नं. 115/१ रकबा 2.40 हे. कुल किता 01 कुल रकबा 2.40 हे., उक्त भूमि कि चतुर्सीमा पूर्व दिशा मे सर्वे नं. 113 की भूमि, पश्चिम दिशा में - सर्वे नं. ११५/२ कि भूमि, उत्तर दिशा में सर्वे न. 114 की भूमि तथा दक्षिण दिशा में सर्वे नं. २५५ कि भूमि को विक्रय करने का सौदा दिनांक 14.09.2026 को कर बयाना राशी अदा कर दि है तथा उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र भी मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित होना है और उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से सम्बधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन्त के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विकय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा ।

सुचित हो, दिनांक 16.09.2026

**अंसार पटेल एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर बडनगर तह. बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. 97702-81664**

## माँ अन्नपूर्णा साख सहकारी समिति मर्या. भैरवगढ़, उज्जैन (म.प्र.)

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था कि संस्था की 39वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2026, सोमवार को सुबह 9 बजे स्थान सत्यनारायण मंदिर सिद्धवट घाट भैरवगढ़, उज्जैन पर आयोजित की गई है, जिसकी सूचना सदस्यों को डाक द्वारा नियमानुसार दिनांक 12,09.2026 को भेजी जा चुकी है। अपरिहार्य कारणों से सभा की सूचना डाक द्वारा किसी सदस्य को प्राप्त नहीं हुई हो तो वह इसे सूचना समझकर सभा में पधार सकते है। निर्धारित दिनांक, समय व स्थान पर गणपूर्ति के अभाव में सभा की कार्यवाही आधे घण्टे के लिये स्थगित की जावेगी। स्थगित बैठक में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

**अध्यक्ष**
**(राजेश त्रिवेदी)**
**माँ अन्नपूर्णा साख सहकारी समिति मर्या. भैरवगढ़, उज्जैन (म.प्र.)**

## नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, JEEVAN SINGH ANJANA के पासपोर्ट नंबर P5513777, जिसकी वैधता दिनांक 19.12.2026 को समाप्त हो जाएगी, जिसमें मेरे पक्षकार का नाम JIWAN SINGH तथा Father Name BAPU SINGH, Mother Name MAAN KUNWAR दर्ज है। वर्ष 2016 में पासपोर्ट रिन्युवल के समय मेरे पक्षकार के नाम में त्रुटिवश खएए-VAN SINGH ANJANA की जगह JIWAN SINGH दर्ज हो गया था। वर्तमान में मेरे पक्षकार को आधार कार्ड एंव पैन कार्ड के अनुसार JEEVAN SINGH ANJANA, Father Name BAPU SINGH ANJANA, Mother Name MAAN KUNWAR के नाम से तथा स्थायी निवासी के रूप में मकान नंबर २३१, ग्राम पचलासी, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.) के रूप में सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय अभिलेखों में दर्ज है और उन्हें इसी नाम से जाना जाता है।

**पता- जीवन सिंह आंजना**
**मकान नं.231 ग्राम पचलासी तहसील खाचरौद**
**जिला उज्जैन मध्य प्रदेश**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि सर्वे क्रमांक 26/1/1/4 स्थित ग्राम शेखपुर बड़नगर केसुर मेन रोड़ प.ह.न. 172 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - आम दीवार के पीछे मकसुद बी पति शबाब खां का भवन, पश्चिम मे - आम दीवार के पीछे दीपक पांचाल पिता बाबुलाल पांचाल का भवन, उत्तर में- बद्रु निशा की भूमि. एवं दक्षिण में- बडनगर केसुर मेन रोड़ स्थित हैं। उक्त संपत्ति श्रीमति प्रिति जैन पति राजेन्द्र जी ने इसके पूर्वस्वामी कुंदन पांचाल पिता कैलाश पांचाल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152024ए1476959 दिनांक 16/04/2024 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति प्रिति जैन ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध रचना रावल पति श्री योगेश रावल से किया है तथा रचना रावल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा उक्त संपत्ति से सम्बन्धित पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152016ए1445705 दिनांक 25/07/2016 का कही गुम हो गया है अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल विक्रय पत्र कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमाक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. एस-03 द्वितीय मंजिल श्रीमाया स्कवेयर 62 क्षपणक मार्ग माधव नगर सरकारी अस्पताल के सामने फ्रीगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 26 का दक्षिण दिशा वाला भाग सिल्वर पार्क कॉलोनी ग्राम शंकरगढ़ वार्ड न. 42 देवास तहसील व जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे- भूखण्ड़ क्रमांक 23, उत्तर मे- इसी भूखण्ड का शेषभाग, दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक 25 स्थित है। उक्त संपत्ति शमशद बी पति असलम मंसुरी ने इसके पूर्वस्वामी शबाना पति मेहमुद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी108942019ए1234501 दिनांक 03/04/2019 के माध्यम से क्रय कि। एवं शमशद बी कि मृत्यु हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर असलम मंसुरी पिता पीर मोहम्मद ने अपना नाम देवास नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक यूएलबी-पीटी81581 दिनांक 02/09/2026 को दर्ज करवाया। तथा असलम मंसुरी ने उक्त संपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी19आईजीआर 17212026ए 100914341 दिनांक 24/07/2026 को फिरदोस बी पति मोहम्मद हनीफ मसुंरी को विक्रय कि। एवं फिरदोस बी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है तथा मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रही हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**

## भोपाल- सीहोर में गरज-चमक, हवा के साथ बारिश

**भोपाल ।** भोपाल में बुधवार शाम करीब 7 बजे गरज, चमक और हवा के साथ तेज बारिश हुई। इससे पहले दिन में पूरे समय धूप खिली रही लेकिन शाम होते ही अचानक मौसम बदल गया। वहीं, सीहोर में भी रात 8:30 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। यदि यह सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहा तो प्रदेश की बारिश का कोटा फुल हो सकता है। सामान्य बारिश औसत 37.3 इंच के मुकाबले अब तक 33 इंच पानी गिरा है। यानी, कोटे के बराबर पहुंचने में 4.3 इंच बारिश की और जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसूनी सीजन 1 जून से 30 सितंबर तक रहता है। इस दौरान होने वाली बारिश मानसून में ही रिकॉर्ड की जाती है। हालांकि, कई बार अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में मानसून विदा होता है। इस बार सितंबर के आखिरी में विदाई की शुरुआत हो सकती है। इससे पहले प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि 17 से 19 सितंबर तक पश्चिमी मध्य प्रदेश में वर्षा गतिविधि के अधिक व्यापक होने की संभावना है। 18 से 21 सितंबर तक पूर्वी हिस्से में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मंगलवार को पश्चिमी हिस्से में एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव रहा। मानसून ट्रफ की एक्टिविटी भी देखने को मिली, लेकिन प्रदेश के किसी भी जिले में तेज बारिश नहीं हुई। भोपाल में धूप खिली रही। इंदौर, उज्जैन में भी ऐसा ही मौसम रहा।

## होटल के सेफ के घर चोरी 15 दिन बाद एफआईआर

**ग्वालियर।** शहर के महाराजपुरा आदित्यपुरम में एक होटल 'सेफ' के सूने घर से साढ़े सात लाख रुपए के गहने-नकदी चोरी हुए हैं। होटल का सेफ रक्षाबंधन मनाने के लिए आदित्यपुरम के घर में ताला लगाकर अपने गांव गया था। चार दिन बाद जब वह 31 अगस्त को लौटा तो चोरी हो चुकी थी। घटना की सूचना महाराजपुरा पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने घटना स्थल पर पड़ताल करने के बाद मामला जांच में ले लिया। अब 15 दिन बाद आज बुधवार को पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। घटना के कैमरे में भी चोर कैद हुए हैं। वह बाइक से आए थे और वारदात के बाद भागते हुए फुटेज में नजर आए हैं। अब पुलिस जल्द चोरी के खुलासे का दावा कर रही है। मुरैना स्थित गांव गए थे, पड़ोसी ने फोन पर दी ताला टूटने की सूचना ग्वालियर के महाराजपुरा आदित्यपुरम स्थित कृष्णपुरम ग्रीनवुड स्कूल के पीछे निवासी विजय सिंह गुर्जर पुत्र कप्तान सिंह गुर्जर, होटल सेफ है। अभी वह गुजरात के सूरत के एक होटल में बतौर 'सेफ' पदस्थ हैं। वह मूल रूप से मुरैना जिले के ग्राम अघनपुर के निवासी हैं। विजय अगस्त माह में ग्वालियर आए थे।

## 19 को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**ग्वालियर ।** ग्वालियर जिला न्यायालय परिसर में 'उल्लास एक अभिनव प्रयास' अभियान के तहत 19 सितंबर को न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा। इसकी तैयारी के तहत मंगलवार, 15 सितंबर से ब्लड टेस्ट शुरू किया गया। पहले दिन 112 न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के सैंपल लिए गए। यह स्वास्थ्य शिविर हाईकोर्ट जबलपुर के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ललित किशोर के मार्गदर्शन में हो रहा है। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की मदद ली जा रही है। सैंपल की जांच रिपोर्ट के आधार पर 19 सितंबर को होने वाले शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर स्वास्थ्य की जांच करेंगे। जरूरत होने पर डॉक्टर आगे की सलाह भी देंगे। पहले दिन सैंपल लेने के दौरान विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) नवीन शर्मा, जिला न्यायालय के सभी न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुष्पेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में न्यायालय के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

## ग्वालियर में गणेश उत्सव पर अनोखी प्रतिमाएं बनी आकर्षण

**ग्वालियर।** ग्वालियर में गणेश उत्सव का उल्लास चरम पर है। गली-मोहल्लों से लेकर बाजार और प्रमुख चौराहों तक आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। इस बार गणपति प्रतिमाओं को अलग-अलग स्वरूप दिए गए हैं। कहीं बप्पा घोड़े पर सवार हैं तो कहीं मुशकराज के कंधों पर विराजे हैं। एक झांकी में भगवान शिव की गोद में बाल गणेश नजर आ रहे हैं, जबकि कहीं शेषनाग को गणपति का रक्षक बनाया गया है। शाम होते ही इन पंडालों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। शिंदे की छावनी स्थित खलासीपुरा में करीब 14 फीट ऊंची गणपति प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी है। इस बार बप्पा को घोड़े पर सवार स्वरूप दिया गया है। साथ में मुशकराज और रिद्धि-सिद्धि भी विराजमान हैं। प्रतिमा की सूंड और चरणों पर गोल्डन वर्क किया गया है। आयोजक आलोक राठौर ने बताया कि पिछले वर्ष से अलग स्वरूप में इस बार प्रतिमा स्थापित की गई

## उल्टी आरती कर रहे थे सलमान खान

**मुंबई।** सलमान खान मंगलवार को खान परिवार के गणपति विसर्जन में शामिल हुए। उन्होंने परिवार के साथ बप्पा की आरती की। इस बार खान परिवार ने सोहेल खान के घर गणेश चतुर्थी का आयोजन किया था। अब खान परिवार के विसर्जन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान खान गणपति बप्पा की उल्टी आरती करते दिखे हैं। कुछ देर बाद बहन अर्पिता ने उन्हें टोकते हुए सही तरीका बताया, जिसके तुरंत बाद सलमान ने गलती सुधार ली।

# योजना तथा वास्तुकला से अभिकल्पित प्रधान डाकघर गुना के नवीनीकृत भवन का संचार मंत्री सिंधिया करेंगे लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका » गुना

नवीनीकृत प्रधान डाकघर गुना का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा दिनांक 17- सितम्बर 26 गुरुवार को शाम 5 बजे किया जायेगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने बताया की भारत सरकार के योजना तथा वास्तुकला से अभिकल्पित प्रधान डाकघर गुना में नवीनीकृत बिल्डिंग का लोकार्पण संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा दिनांक 17- सितम्बर 26 गुरुवार को शाम 5 बजे किया जायेगा। भारत सरकार की डाकघर आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर नई दिल्ली के डिजाइन संबंधी दिशा.निर्देशों के अनुरूप गुना प्रधान डाकघर के कायाकल्प लुक एंड फील इम्प्रूवमेंट का कार्य पूर्ण किया गया है । गुना की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुये डाकघर भवन



को आधुनिक आकर्षक एवं नागरिक केंद्रित स्वरूप प्रदान किया गया है । सौंदर्यीकृत प्रधान डाकघर का उद्घाटन माननीय केन्द्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के कर कमलों के द्वारा दिनांक 17-09-26 को अपरान्ह 17 बजे किया जायेगा ।

एसपीए के डिजाइन संबंधी दिशा निर्देशों के अनुरूप डाकघर भवन के बाहरी एवं आंतरिक स्वरूप को आधुनिक एवं आकर्षक बनाया गया है। इसमें नागरिकों को सुविधाएँ,सुगम आवागमन एवं बेहतर कार्य प्रवाह तथा आधुनिक सेवा अनुभव को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रमुख रूप से जन सेवा कनेक्ट एक बहुउद्देशीय नागरिक सुविधा केंद्र के माध्यम से आम जनता को डाक विभाग की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। यह युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं आम नागरिकों के लिये उपयोगी होगा। डाकघर भवन के बाहरी हिस्से का आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित साईनेज सुव्यवस्थित,सुविधाजनक एवं बेहतर प्रवेश व्यवस्था, सुव्यवस्थित एवं आरामदायक ग्राहक प्रतीक्षा हॉल आधुनिक सेवा काउंटर, बेहतर प्रकाश व्यवस्था एवं आंतरिक वातावरण , दिव्यांगजनों के लिये बाधामुक्त पहुँच, डिजिटल एवं आधुनिक डाक सेवाओं के अनुरूप सुव्यवस्थित सर्विस जोन्स भवन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण नागरिकों के लिये स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक सेवा वातावरण प्रदान किया गया है।

आधुनिकीकरण केवल भवन के सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि डाकघर को आधुनिक एवं नागरिक केंद्रित जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर सेवा वातावरण के माध्यम से नागरिकों को स्पीड पोस्ट, बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, आधार, पार्सल, पासपोर्ट तथा अन्य डाक एवं वित्तीय सेवायें अधिक सुविधाजनक ढंग से उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है।

# सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का प्रतिदिन करें निराकरण-कलेक्टर श्री कन्याल

दैनिक अवन्तिका » गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार को समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के ऐसे प्रकरण, जिनका निराकरण संभव है, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित मामलों के निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में कलेक्टर श्री कन्याल ने सेवा संकल्प अभियान के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों से जानकारी ली। उन्होंने स्वामित्व योजना की प्रगति की



भी जानकारी ली तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**जन-विश्वास अभियान के शिविर की तैयारियों पर चर्चा-** कलेक्टर ने आगामी शुक्रवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत शिविर की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने शिविर के आयोजन, विभागीय समन्वय तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की।

**समय सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा-** बैठक में विभिन्न समय सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश-** कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा निर्धारित दायित्वों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## रेडक्रॉस मद से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**धार।** 16 सितम्बर 2026। जिले के तीन वर्षीय बालक महिम्न मंडलोई की शतरंज प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए रेडक्रॉस मद से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इतनी कम उम्र में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल में रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उसे आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाना बालक एवं उसके परिवार के लिए उत्साहवर्धक पहल है।महिम्न मंडलोई की शतरंज प्रतिभा को निखारने और उसे आवश्यक प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सहायता प्रदान की गई है। तीन वर्ष की उम्र में शतरंज के प्रति उसकी रुचि एवं प्रतिभा को देखते हुए परिवार को यह सहयोग आगे की कोचिंग और प्रशिक्षण में उपयोगी सिद्ध होगा।

# भोपाल के द सेलेस्टियल पार्क में एक्सपायर मिला मसाला

**भोपाल ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को भोपाल के 4 होटल और रेस्टोरेंट की जांच की। इस दौरान भोजपुर रोड स्थित द सेलेस्टियल पार्क होटल में रखा मसाला एक्सपायर मिला। किचन में डस्टबिन खुले मिले तो तेल की कडाई काली हो चुकी थी। सभी होटलों को नोटिस जारी किए गए हैं।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को द सेलेस्टियल पार्क, रंजीत रिजॉर्ट, गुरु कृपा फूड एंड कैटर्स, अमानते रेस्टोरेंट की जांच की गई। द सेलेस्टियल पार्क के निरीक्षण के दौरान एरोमेटिक मिक्स सीजनिंग मसाला का एक पैकेट, जिसकी एक्सपायरी अवस्था में पाया गया। किचन एरिया में 4 डस्टबिन खुले हुए पाए गए और 2 कढ़ाई काले रंग की एवं अस्वच्छ स्थिति में पाई गईं। किचन एरिया में कार्यरत 19 कर्मचारियों के मेडिकल चेकअप/मेडिकल फिटनेस संबंधी प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल परीक्षण संबंधी अभिलेख भी उपलब्ध नहीं पाए गए। पेस्ट कंट्रोल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए। जिन्हें जांचा गया। करीब 20 किलो सड़नयुक्त प्याज पाया गया, जिसे तत्काल मौके पर नष्ट कराया गया। किचन में साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों के भंडारण के उचित प्रबंध भी पाए गए। यहां से मूंग दाल एवं काजू के 2 नमूने जांच हेतु लिए गए।

**रंजीत रिजॉर्ट होशंगाबाद रोड में भी जांच-** यहां निरीक्षण के दौरान किचन एरिया का ड्रेनेज सिस्टम उचित स्थिति में नहीं पाया गया। किचन में उपयोग किए जाने वाले बर्तन साफ-सुथरे नहीं पाए गए और रेस्टोरेंट परिसर में डस्टबिन खुले में रखे हुए पाए गए। कर्मचारियों के स्नहस्स्नष्ट प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं पाए गए। कर्मचारियों की मेडिकल चेकअप/मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं पाई गई। बावड़ियाकलां स्थित गुरु कृपा फूड एंड कैटर्स के निरीक्षण के दौरान किचन एरिया में साफ-सफाई के उचित प्रबंध नहीं पाए गए। 3 डस्टबिन खुले हुए थे, जिनमें भारी मात्रा में कचरा ऊपर तक भरा हुआ पाया गया। किचन एरिया के समीप टाइल्स टूटी हुई और ड्रेनेज सिस्टम उचित स्थिति में नहीं पाया गया। किचन एरिया में कॉकरोच की उपस्थिति के साक्ष्य पाए गए और टूटी टाइल्स वाले क्षेत्र में 04 कॉकरोच किचन एरिया में घूमते हुए पाए गए। धुले हुए बर्तन गंदगी के मध्य रखे हुए पाए गए। खाद्य अवशेषों के उचित प्रबंधन की व्यवस्था नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान एवरेस्ट स्ष्ठ॥ चाट मसाला, श्री मां मक्का आटा, हर्ष मसाले, परमात्मा पास्ता सहित कई खाद्य पदार्थों के पैकेट एक्सपायरी अवस्था में पाए गए। यहां पर कॉकरोच की उपस्थिति, अत्यधिक गंदगी, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के भंडारण और अन्य गंभीर कमियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिष्ठान को सुधार सूचना जारी की गई है।

## सांवेर में बड़ा हादसा- जर्जर मकान की दीवार ढहने से 4 महिला मजदूरों की मौत

**इंदौर।** इंदौर जिले के सांवेर में बुधवार को जैन मंदिर के पास एक जर्जर मकान ढहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तीन मंजिला इमारत का शेष हिस्सा तोड़ने के दौरान अचानक पड़ोस की दीवार वहां काम कर रहे मजदूरों पर भरभराकर गिर पड़ी। इस दर्दनाक हादसे में मलबे में दबने से चार महिला मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हबीब एहमद पिता सुल्तान एहमद, निवासी तोपखाना रोड़, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 22/1 स्थित महाकाल मार्ग, गली नम्बर 6, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 34.82 वर्गमीटर है । उक्त भूखण्ड का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है। उक्त भूखण्ड के पूर्व में गली है, पश्चिम में भूखण्ड सरगराम पिता भागीरथ जी का है, उत्तर में शेष भाग मकान मोहनलाल एवं मकान महेश पिता मोहनलाल का है, दक्षिण में कॉमन पैसेज बाद मकान मोहनलाल का है। उपरोक्त भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है, उक्त सौदे के पालन में मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूखण्ड में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का अनुबन्ध-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**हेमन्त जायसवाल एडव्होकेट**
**कार्यालय ऑफिस क्रमांक 2, विजयवर्गीय टॉवर, अम्बेडकर प्रतीमा के पीछे, उज्जैन मो. 75098-05782**

पं.क्र.JR/UJN/03 पं.दि.07/02/2014 (म.प्र.सहकारी संस्था अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत)

## सृष्टि साख सहकारी संस्था मर्यादित शुजालपुर

छोटा बाजार शुजालपुर सिटी, जिला शाजापुर (म.प्र.) 465333

क्रमांक दिनांकः 07/09/2026

**26वॉ व्यापक सम्मेलन**

आदरणीय संस्था के,

समस्त सदस्यों से विनम्र निवेदन है कि संचालक मण्डल के संकल्प क्रमांक 14 दिनांक 06/09/2026 के अनुसार संस्था का वार्षिक व्यापक सम्मेलन दिनांक 21/09/2026, सोमवार समय सायं के 6 बजे श्रीराम मन्दिर तालाबपुरा शुजालपुर सिटी के सभा भवन में रखा गया है। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है, गणपूर्ति के अभाव में वार्षिक साधारण सभा आधा घण्टा पश्चात स्थगित मिटिंग की कार्यवाही उपरोक्त वर्णित स्थान एवं दिनांक को प्रारंभ की जायेगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

## पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जा रही साप्ताहिक विशेष ट्रेन वलसाड ⇌ गोमती नगर के बीच

| ट्रेन संख्या | प्रस्थान और गंतव्य स्टेशन | सेवा की तारीख | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 05034 | वलसाड - गोमती नगर | 06.10.2026 to 24.11.2026 | 22:15 बजे (मंगलवार) | 02:00 बजे (गुरुवार) |
| 05033 | गोमती नगर - वलसाड | 05.10.2026 to 23.11.2026 | 14:00 बजे (सोमवार) | 17:00 बजे (अगले दिन) |

**ठहरावः** नवसारी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग और बादशाह नगर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में।

**संरचनाः** एसी 2-टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच।

• समय सारिणी, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया देखें: www.enquiry.indianrail.gov.in •

ट्रेन संख्या 05034 के लिए बुकिंग 18.09.26 से सभी पीआरएस (PRS) काउंटरों और आईआरसीटीसी (IRCTC) वेबसाइट पर खुलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रमाण (पहचान पत्र) साथ रखें।

## न्यायालय कमिश्नर फॉर एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.

**प्रकरण क्रमांक 63/2026 विविध**
**अनुसूईया पति ज्ञानेश आदि**
**समस्त निवासी ग्राम भुट्टाखेडी भैसाना तहसील जावरा जिला रतलाम उज्जैन**
**वि.**
**नसीरूद्दीन पिता एहमद नूर,**
**निवासी वाल्मिकी गली वार्ड नं. 4 महिदपुर जिला उज्जैन आदि**

**// सूचना-पत्र //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक स्व ज्ञानेश उर्फ ज्ञानेश्वर पिता नानालाल की मृत्यु दिनांक 14.05.2021 को घटित दुर्घटना में हुई थी जिसके मृत्यु मुआवजे बाबद रूपये 12,38,092-00 (बारह लाख अडतीस हजार बयानवे मात्र) ओरिएन्टल इंशुरेन्स कंपनी लि. द्वारा जमा किये गये। अत: मृतक के कोई भी आश्रित हों तो वे अपना हक प्रार्थना पत्र के साथ अटेस्टेड फोटो सहित दिनांक 16.10.2026 को प्रात: 11.00 बजे श्रम न्यायालय कोठी प्रांगण उज्जैन में प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आगे की कार्यवाही की जावेगी व बाद में सुनवाई नहीं होगी। मृतक के आश्रित होने संबंधि अटेस्टेड फोटो तथा पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र भी साथ लायें। मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से आज दिनांक 15.09.2026 को जारी किया गया।

**( नीरज कुमार प्रजापति )**
**कमिश्नर**
**एम्प्लाई कम्पेनसेशन श्रम न्यायालय उज्जैन म.प्र.**

## खंडन जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 14/09/2026 को योगेश गोस्वामी, अभिभाषक उज्जैन द्वारा दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में एक जाहिर सूचना का प्रकाशन अपने पक्षकार जाकिर हुसैन पिता यासिन कुरैशी, निवासी-5/1, महाकाल रोड लोहे का पुल, उज्जैन की ओर से करवाया गया है। उक्त जाहिर सूचना का खंडन मुझ अभिभाषक के द्वारा अपने पक्षकार आयशा खान पति युसूफ खान, निवासी-21/6, न्यू हरिफाटक महाकाल रोड कोट मोहल्ला, उज्जैन की ओर से किया जा रहा है। मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान म्यु. क्रं. 103 जो कि ग्रीन पार्क कॉलोनी हरिफाटक नानाखेड़ा रिंग रोड, उज्जैन में स्थित है, उक्त मकान का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा जाकिर कुरैशी पिता यासिन कुरैशी के साथ दिनांक 28/01/2025 को निष्पादित किया गया था लेकिन दिनांक 22/04/2026 जाकिर कुरैशी के द्वारा मेरी पक्षकारा से बयाना राशि में से राशि भी प्राप्त की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में उक्त अनुबंध पत्र निरस्त हो चुका है। अब उक्त अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर पालनीय नहीं है। अब मेरा पक्षकार अपने उक्त मकान स्थित म्यु. क्रं. 103 जो कि ग्रीन पार्क कॉलोनी हरिफाटक नानाखेड़ा रिंग रोड, उज्जैन को अन्यत्र विक्रय किये जाने हेतु स्वतंत्र है। सो सूचित हो।

दिनांक 16/09/2026

**तवरेज खान, एडवोकेट**
**कार्यालय-94, केशव भवन आगर रोड, उज्जैन मो. 9770353793**

## जाहिर सुचना

मेरे पक्षकार उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड क्रमांक 46 का पश्चिम दिशा वाला भाग व सर्वे क्रमांक 1530 की खुली भूमि का पश्चिम दिशा वाला भाग जो कि अम्बे नगर, बापू नगर के समीप क़स्बा उज्जैन, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 65.05 वर्ग मीटर है। जिसके पूर्व में शेष भाग, पश्चिम में 20 फीट रोड, उत्तर में गली व दक्षिण में भवन क्रमांक 47 स्थित है। उक्त सम्पति श्री विष्णुप्रसाद शर्मा पिता गोपीलाल जी शर्मा ने इसके पूर्व स्वामी श्री आनंद यादव पिता लक्ष्मीनारायण यादव से बर्जेड पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022015ए1070053 दिनांक 08/09/2015 से क्रय की थी। तत्पश्चात विष्णुप्रसाद शर्मा का निधन दिनांक 17/10/2022 को हो गया, उनके निधन के पश्चात् उनके पुत्र कोमल प्रसाद शर्मा पिता विष्णुप्रसाद शर्मा को वैध वारिसन के रूप में प्राप्त हुई तथा कोमल प्रसाद शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय करने का अनुबंध श्रीमती रीता पत्नि दिनेश बारोड़ से किया जा रहा है। उक्त सम्पति पर ऋण प्राप्त करने हेतु श्रीमती रीता पत्नि दिनेश बारोड़ द्वारा उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस उज्जैन उक्त सम्पति पर बंधक करने जा रहे हैं अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पति पर अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पति का कोई अन्य वैध उतराधिकारी हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय मय लेखी लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे 7 उक्त समयावधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी व मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नही होगी । इंदौर, दिनांक 16.09.2026

**इमरान खान ( अभिभाषक )**
**ऑफिस नंबर 512, कृष्णा बिजनेस सेंटर, प्लॉट नंबर 11 -4, स्कीम नंबर 54, विजय नगर, इंदौर 452010, मो. 9425104046**

## जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने लालचंद पिता राधेश्याम कृषक - ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वामित्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 74/2 रकबा 0.11 हेक्टेयर में से रकबा 0.0433 हेक्टेयर कुल किता 1 कुल रकबा 0.0433 हेक्टेयर स्थित ग्राम पिपल्याराघो तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमि स्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विकय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

दिनांक-16/09/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## न्यूज-कॉलम

### मंदसौर टेलर एसोसिएशन ने सिलाई दरों में की वृद्धि

**मंदसौर।** मंदसौर टेलर एसोसिएशन का 28वां स्थापना दिवस एवं स्नेह मिलन समारोह निजी रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। 1 सितंबर 1999 को स्थापित इस संस्था के वार्षिक सम्मेलन में एसोसिएशन के सदस्यों ने बढ़ती महंगाई को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से सिलाई की दरों में संशोधन का फैसला लिया। एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश गेहलोत (माली) ने बताया कि सवार्नुमति से 1 अक्टूबर 2026 से सिलाई की दरों में 20 प्रतिशत वृद्धि का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी सदस्यों से निर्धारित नई दरों के अनुसार ही कार्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापकों, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में टेलर व्यवसायियों ने सहभागिता की।

### पुलिस ने 16 लाख की एमपी ड्रग्स के साथ दो तस्कर दबोचे

**मन्दसौर।** भानपुरा थाना क्षेत्र की भैसोदामंडी पुलिस चौकी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर बड़ी स्ट्राइक की है। पुलिस ने आम रोड पर नाकाबंदी कर राजस्थान निवासी एक तस्कर को 160 ग्राम अवैध एमडी (कीमत लगभग 16 लाख रु.) और 6.8 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने झालावाड़ (राजस्थान) निवासी आरोपी सुरेंद्र सिंह सौंधिया को गिरफ्तार कर बिना नंबर की बाइक और मादक पदार्थ जप्त किए। पूछताछ के दौरान आरोपी को ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी संजीव कुमार व्यास निवासी जेताखेड़ी, राजस्थान को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरोह के नेटवर्क का पता लगाना शुरू कर दिया है।

### से.नि. अधिकारी-कर्मचारी महासंघ का जिला सम्मेलन आज

**मंदसौर।** जिले में नवगठित सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी महासंघ का प्रथम सम्मेलन विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज गुरुवार, 17 सितंबर को शाम 4 बजे नगर पालिका सभागृह में आयोजित होगा। जिला संयोजक बी.एस. सिसोदिया ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष पी.एन. तिवारी एवं महामंत्री सुरेश चंद्र बादल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संगठन के जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने जिले के समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्मेलन में उपस्थित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपील की है।

### तस्करी के आरोपी अफजल को पीटा

**मंदसौर।** नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत नई आबादी थाना पुलिस ने आरोपी अफजल पिता कासम अजमेरी निवासी अरनिया निजामुद्दीन के विरुद्ध पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। उज्जैन संभाग आयुक्त के आदेश पर आरोपी को 1 वर्ष की अवधि के लिए सेंट्रल जेल इंदौर भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशों पर तैयार किए गए प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी की अनुसंशा पर उज्जैन आयुक्त ने धारा 3(1) के तहत यह वारंट जारी किया। पुलिस के अनुसार, समाज में नशे का कारोबार फैलाने वाले और बार-बार तस्करी में लिप्त अपराधियों पर नकेल कसी।

## रतलाम में अंधे कत्ल का खुलासा

# संपत्ति विवाद में महिला की हत्या करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नयाखेड़ा में हुई महिला की सनसनीखेज हत्या के मामले में रतलाम पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए अंधे कत्ल का पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने संपत्ति विवाद और सामाजिक बदनामी के डर से महिला की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले प्रेमी और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व 11 सितंबर की सुबह ग्राम नयाखेड़ा निवासी फरियादी अन्नुसिंह डामोर ने थाने में सूचना दी कि उनकी रिश्तेदार देवीबाई (पति स्व. रायसिंह डामोर) का शव घर के बरामदे में खून से लथपथ हालत में पड़ा है। अज्ञात आरोपी ने सिर और कान के पास धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।लंबी दूरी के लिए बस और रेल की सेवाएं

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी विशेष टीम**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पान्द्रो, विवेक कुमार लाल और एसडीओपी रतलाम ग्रामीण किशोर पाटनवाला व डीएसपी अजय सारवान के नेतृत्व में अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही बसंतीलाल उर्फ गुड्डा (32) और उसके पिता बद्दा डामर (60) निवासी नयाखेड़ा को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, जिसमें दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक धारदार कुल्हाड़ी, घटना के समय पहने गए कपड़े और दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए हैं।

**हत्या की वजह जमीन का विवाद और बदनामी का डर**

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतिका देवीबाई और आरोपी बसंतीलाल के बीच वर्ष 2017 से संबंध थे। सामाजिक सहमति के आधार पर बसंतीलाल के पिता बद्दा डामर ने मृतिका को मकान देने और अपनी जमीन का आधा हिस्सा देने की बात कही थी। मकान तो बना दिया गया, लेकिन जमीन का हिस्सा देने से मना करने पर दोनों पक्षों में लगातार विवाद होता रहता था। विवाद और बदनामी से बचने तथा जमीन का हिस्सा न देना पड़े, इस वजह से पिता-पुत्र ने मिलकर 11 सितंबर की तड़के करीब ३ बजे कुल्हाड़ी से वार कर देवीबाई की हत्या कर दी।स्?थानीय समाचार

**सराहनीय भूमिका**

अंधे कत्ल का खुलासा करने में थाना प्रभारी उ.पु.अ. सुरेंद्रसिंह गड़रिया, थाना प्रभारी शिवगढ़ निरीक्षक रणजीतसिंह मकवाना, निरीक्षक अर्जुन सेमलिया, कन्हैया अवस्या, साइबर टीम के उपनिरीक्षक जीवन बारिया एवं पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## न्यूज कालम



### फोरलेन पर बाइक सवार महाराष्ट्र नि. की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**जावरा** । 24 वी बटालियन के सामने फोरलेन पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में मोटरसाइकिल सवार जलगांव महाराष्ट्र निवासी कि सडक हादसे में मौके पर ही मौत हो गई । मृतक कैलाश पिता हीरालाल पुरोहित 53 निवासी जलगांव महाराष्ट्र का होकर मोटरसाइकिल से मंदसौर से रतलाम की ओर जा रहा था कि तेज गति से आ रहे ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई ।ट्रक ड्राइवर मौके से घटना के तुरंत पश्चात रतलाम की ओर भाग निकला। सीएसपी युवराज सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस ने ट्रक की तुरंत तलाश शुरू की और टक्कर मारने वाले ट्रक को बिलपांक के समीप पकड़ लिया ।पुलिस हादसे की पूरी जानकारी की जांच कर रही है।

### बिजली करंट से मौत पर मृतक भगत राम के परिवार को 6 लाख की मदद

**नीमच।** विगत दिनों ग्राम पिराना में विद्युत के झूलते तारों की चपेट में आने से स्वर्गीय भगतराम गुर्जर का दुखद निधन हो गया था। इस घटना के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को राहत प्रदान करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा मृतक परिवार को 2 लाख नगद एवं 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक दिलीप सिंह परिहार ने मृतक की बिटिया से मुलाकात कर परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में संवेदनशील भाजपा सरकार और वे स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन गुर्जर, जीरन नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश राव तावरे एवं विद्युत मंडल अधिकारी राहुल वर्मा उपस्थित रहे।

## बरखेड़ा पंथ में धूमधाम से मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



पत्रकार महेश मरेठा ने बताया कि बरखेड़ा पंथ में आज 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। जयंती को लेकर रजान सुथार समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं तथा कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए समाजजनों द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विश्वकर्मा मंदिर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ होगा। इसके बाद भगवान विश्वकर्मा की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण शामिल होंगे। ढोल-डीजे की धुनों के बीच श्रद्धालु उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाएंगे। शोभायात्रा के दौरान पूरे गांव में धार्मिक एवं उत्सवी वातावरण देखने को मिलेगा।

रजान सुथार समिति अध्यक्ष कैलाश कारपेंटर द्वारा बताया गया है कि समाज के सभी लोगों से विश्वकर्मा जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। जयंती के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाएगी। आयोजन को लेकर समाज सहित ग्रामीणों में भी खासा उत्साह नजर आ रहा है।



## लायंस गोल्ड ने नपा और क्लब के अभियंताओं का किया सम्मान

**मंदसौर।** विश्व अभियंता दिवस के अवसर पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश और समाज के विकास में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नगर पालिका एवं क्लब से जुड़े अभियंताओं का उपर्णा व सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया। समारोह में नगर पालिका अभियंता प्यारसिंह धार्वे एवं राहुल गनावा सहित लायंस क्लब के सदस्य इंजीनियर रामगोपाल गुप्ता और इंजीनियर विनोद उकावत को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी विकास में अभियंताओं का योगदान अतुलनीय है। क्लब अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल ने उपस्थित अतिथियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### वेतन भुगतान और बहाली की मांग को लेकर धरना शुरू



**मंदसौर।** जिले के स्वास्थ्य केंद्रों से बिना कारण बताए निकाले गए 136 मल्टी टास्क स्टाफ (एमटीएस) कर्मचारियों ने बकाया वेतन और पुनः बहाली की मांग को लेकर गांधी चौराहे पर धरना शुरू कर दिया है। धरना प्रदर्शन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सीटू प्रदेश सचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर और बालू सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने ६ माह काम लेने के बाद जुलाई में कर्मचारियों को हटा दिया और ४ माह का वेतन भी रोक लिया। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर कर्मचारियों को आंदोलनात्मक कदम उठाना पड़ा। संगठन ने मांग पूरी न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी दी है।




## अभियंता दिवस पर डॉ. रानडे शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

विज्ञान भारती की मंदसौर इकाई द्वारा उद्यानिकी महाविद्यालय के सभागृह में अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विज्ञान भारती मंदसौर इकाई के सचिव नरेंद्र कुमार त्रिवेदी के संबोधन से हुआ, जिन्होंने विज्ञान भारती के उद्देश्यों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवन संस्मरण साझा किए।

समारोह के दौरान उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानडे को कृषि अभियांत्रिकी, मृदा एवं जल संरक्षण तथा कृषक कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विज्ञान भारती के प्रांत संगठन सचिव डॉ. प्रमोद सेठिया, इकाई अध्यक्ष डॉ. रोशन गलानी, सचिव नरेंद्र त्रिवेदी एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने डॉ. रानडे को शॉल व श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. रानडे को मृदा एवं जल संरक्षण में उल्लेखनीय कार्यों के लिए आईसीएआर द्वारा दो बार प्रतिष्ठित वसंतराव नाईक पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। अवसर पर डॉ. रानडे ने च्प्राकृतिक स्रोत (मृदा एवं जल) प्रबंधनज विषय पर विचार रखे और शुष्क कृषि परियोजना इंदौर के दौरान बनाई गई जल संरक्षण संरचनाओं के अनुभवों को पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोशन गलानी ने किया।

### 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित

**नीमच।** शहर में विभिन्न स्थानों पर गणपति बप्पा के विभिन्न प्रतिमाओं की स्थापना चतुर्थी पर विधि विधान से कीगई द्य वही प्रमुख चार-पांच स्थानों पर विशाल प्रतिमाओं के के विग्रह स्थापित किए गए जिनमें दशहरा मैदान में स्थापित गणेश जी की विशाल प्रतिमा प्रमुख है जो बड़ोदरा गुजरात से सड़क के रास्ते अहमदाबाद हिम्मतनगर उदयपुर होकर नीमच पहुंची द्य शहर में हर पंडाल के आयोजकों में कुछ नया और अलग करने का प्रतिवर्ष प्रयास रहता ही है। इसी उत्साह के बीच दशहरा मैदान स्थित गणपति ग्रुप ने इस बार शहर की सबसे बड़ी गणपति प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया इस संकल्प को साकार करने के लिए ग्रुप के छह युवा बड़ौदा पहुंचे और वहां से 22 फिट ऊंचे गणपति बप्पा के विशाल विग्रह को नीमच लाये ।गणपति बप्पा को नीमच तक लाने की मुश्किल लाखों पूरा करते हुए नीमच पहुंची प्रतिमा दशहरा मैदान में स्थापित की गई हैद्य जहां आगामी 10 दिन तक पूजा आराधना के साथ संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे ।



## संत नागर जी को धमकी भरे पत्र लिखने वालों पर शीघ्र कार्रवाई हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

कथावाचक एवं गौ सेवक संत श्री पंडित कमल किशोर नागर को झाबुआ जिले के गुरु कृपा शबरी गौशाला में 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि में जब भजन कीर्तन कर रहे थे तभी किसी ने उन्हें जानलेवा धमकी दी ।धमकी पत्र के माध्यम से दी गई ।उक्त धमकी से क्षेत्र के गुरु भक्तों में आक्रोश व्याप्त है ।इसके विरोध में गुरु भक्तों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कृष्ण पाल सिंह बघेल को ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन में कहा कि संत श्री एवं उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षा देने की मांग की भक्तों ने कहा कि संत श्री की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। प्रशासन को तुरंत उक्त मामले में निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की जाना चाहिए। प्रशासन की अगर लापरवाही रही तो गुरु भक्तों द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई इस मौके पर गुरु भक्त पंकज सरतलिया, गगन शर्मा, राजेंद्र, हिमांशु ,श्याम सोनी, नवल, रितेश ,दिनेश शर्मा, ओम प्रकाश धाकड़, धनु शर्मा, नरेंद्र राव, विशाल पोरवाल, नितेश वर्मा ,अर्जुन शर्मा ,राजू गवाली, नवीन भावसार, आदि मौजूद थे।

### नीमच नगर पालिका ऑफिस में हुई गणपति स्थापना



**नीमच।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी पर नगर पालिका कार्यालय नीमच में नगर पालिका कार्यालय स्टाफ की ओर से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। जो आगामी 10 दिवस तक नगरपालिका कार्यालय में प्रतिदिन सुबह शाम विधि विधान से पूजा,आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। रविवार को नगर पालिका कार्यालय के प्रथम तल पर शुभ मुहूर्त में रिद्धि सिद्धि के दाता गणपति बप्पा की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना पंडित जी द्वारा मंत्रोचार के साथ विधि विधान पूर्वक कराई गई। इस दौरान नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक कन्हैया लाल शर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश पप्पू मंगल के साथ ही स्टाफ के टेकचंद बुनकर, महावीर जैन, हेमंत सिसोदिया, राजमल बागोलिया, शिव टेलर, मनोज सेठिया आदि ने पूजा अर्चना व आरती की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया ।

**विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज आयोजित, युवाओं ने दिखाया उत्साह**

**मंदसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र, बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागीय अकादमिक क्लब के विद्यार्थियों द्वारा च्विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉगज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

### 11 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**मंदसौर।** अपर सत्र न्यायाधीश (श्रृंखला न्यायालय सीतामऊ) मुनेंद्र सिंह वर्मा ने 11 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी विरमलाल पिता नंदलाल उर्फ नंदा माली निवासी ग्राम नाटाराम, थाना सीतामऊ को दोषी ठहराया है। अदालत ने आरोपी को उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक के सख्त कारावास की सजा से दंडित किया है। शासन द्वारा इस मामले को जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया था। इसके साथ ही न्यायालय ने पीड़िता के पुनर्वास एवं मानसिक आघात की क्षतिपूर्ति हेतु 2 लाख रुपये का प्रतिकर दिए जाने का भी आदेश जारी किया है।अभियोजन मीडिया प्रभारी एवं एडीपीओ बलराम सोलंकी ने बताया कि घटना ७ मई 2025 की है। पीड़िता अपनी दादी के साथ खेत पर गई थी और जब वह पास के खेत पर कुत्ते को खाना खिलाने गई, तो आरोपी विरमलाल ने उसे मोबाइल का लालच देकर कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया।

## जिलास्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंदसौर तहसील बनी विजेता

मंदसौर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में आयोजित १७ वर्ष बालक वर्ग की जिला स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिले की पांच तहसीलों के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबलों में मंदसौर तहसील की टीम ने खिताबी जीत हासिल की, जबकि भानपुरा तहसील उपविजेता रही। जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विजेता मंदसौर तहसील की टीम अब 19 सितंबर से आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, पार्षद सुनीता भावसार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य के.सी. सोलंकी आदि उपस्थित रहे। खेल शिक्षक महेंद्र कुमार शुक्ला सहित खेल प्रेमियों ने टीम को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# मिशन अंकुर के तहत चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण हुआ प्रारम्भ

**जावरा ।** निपुण भारत एवं मिशन अंकुर के अंतर्गत विकासखंड के शासकीय शालाओं के कक्षा १ एवं २ पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए चार दिवसीय (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) प्रथम चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ जागृति हायर सेकेंडरी स्कूल मे हुआ। प्रशिक्षण में शिक्षकों को हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों में बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के लिए गतिविधि आधारित एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा ।



बीआरसीसी रूपेश नरोटे ने कहा कि मिशन अंकुर का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना है। इसके लिए शिक्षक बच्चों के साथ सरल, सहज और आनंददायी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कार्य करें, ताकि बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और आत्मविश्वास विकसित हो।

खंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार ने प्रशिक्षण के दिशा निर्देश से अवगत करवाते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने को कहा। प्रशिक्षण प्रभारी मुकेश देवड़ा ने बताया कि मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दो चरणों में विकासखंड के कक्षा एक व दो को पढ़ाने वाले 212 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। खंड अकादमिक समन्वयक महावीर भंडारी ने कहां की प्रशिक्षण के बाद शिक्षक नई तकनीकी एवं गतिविधियों का प्रभावी उपयोग अपनी कक्षाओं में करे। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ऑफ ट्रेनर्स रामप्रसाद मालवीय, पंकज पंडया, संजय द्विवेदी, देवेंद्र दैया, दिनेश जायसवाल एवं सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।


कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-16

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री रितेश शर्मा पिता श्री सुभाष शर्मा आवेदन क्रं. 855 दिनांक 8.9.2026 पता-212 मनुश्री नगर कालोनी ग्राम छोट बांगडदा इन्दौर पिन- 1003256100 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-16 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- शकुन्तला देवी अग्रवाल पति स्व. गंगाराम अग्रवाल क्रेता- रंजना सेन पति सत्यनारायण सेन पता- 357 श्याम नगर पैकी भाग इन्दौर पिन- 1000929642 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-18

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सफदर हुसैन पिता फिदा हुसैन लेमनवाला क्रेता- ताहेर पिता जोहर अली भंडारी वार्ड-63 पता- यूनिट 14-ए भूखंड क्रमांक टीएस-14 नवलखा इन्दौर पिन- 1001306271 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-18

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सफदर हुसैन पिता फिदा हुसैन लेमनवाला क्रेता- ताहेर पिता जोहर अली भंडारी वार्ड-63 पता- यूनिट 13-ए भूखंड क्रमांक टीएस-14 नवलखा इन्दौर पिन- 1001306271 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 18 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-18 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## मोबाइल छीनने के प्रयास के दौरान बदमाश ने चाकू मारा

**मक्सी।** इंदौर से देवास के बीच रणथंभौर एक्सप्रेस के एस-5 कोच में एक यात्री से मोबाइल छीनने के प्रयास के दौरान बदमाश ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार यात्री कमल सत्यनारायण पारिख (33) ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति उनका मोबाइल लेकर भागने लगा। यात्री के जागने पर उन्होंने बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाश ने मोबाइल फेंक दिया और यात्री पर चाकू से वार कर दिया। घटना में घायल कमल सत्यनारायण पारिख को उपचार के लिए देवास के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी जीआरपी को दी गई है। बताया गया कि वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## नगरीय क्षेत्र में आवासीय पट्टो की रजिस्ट्री की मांग

**महिदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी आश्रय योजना के तहत सन 1984 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह द्वारा मध्यप्रदेश में गरीब तबके के लोगो को शासकीय भूमि पर आवास बनाने का आदेश देकर उन्हे आवास का पट्टा दिया गया था। उसके बाद प्रधानमंत्री राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत मध्यप्रदेश में 1998 में मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने गरीबों को आवास का पट्टा वितरित किया था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने भी शहरी क्षेत्र के गरीब तबके के लोगो को आवास का पट्टा दिया था। वर्तमान में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि का पट्टा जो कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन मे दिया गया था, उन कृषि भूमि की रजिस्ट्री किये जाने का कहा गया है। ऐसे में शहरी क्षेत्र में आवासीय पट्टे की भूमि पर निवासरत गरीब तबके के आवास की भी रजिस्ट्री किये जाने की मांग पत्रकार नारायणसिंह भाटी ने वर्तमान राज्य शासन से की है।



## महादेव का हुआ अलौकिक श्रंगार, पूणार्हुति पर भंडारा

**तनोडिया।** नगर में स्थित श्रीराम जांनकी मंदिर गीता भवन में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी मनकामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही सावन माह से रामायण,पारायण और शिवरात्रि एवं प्रति माह की अमावस्या की रामायण पारायण के समापन का 25 वां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम रामायण परायण समिति द्वारा पूणार्हुति के अवसर पर श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्त मंडल द्वारा सोमवार को महादेव का अलौकिक श्रंगार किया गया। इसके बाद रात्रि में विशाल भंजन संध्या आयोजित की गई। जिसमें भंजन गायक हिरालाल यादव, लालसिंह चुंडावत सहित उनकी टीम ने भंजनों पर श्रोताओं झुम उठे। देर-रात तक एक से बढ़कर एक भंजनों की प्रस्तुति दी गई। जो दुसरे दिन मंगलवार को सुबह तक भंजन चलते रहे। मंगलवार को महाआरती कर सुबह 10 बजे से विशाल भंडारा व कन्या भोज का आयोजन हुआ।


## अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई हाथभट्टी मदिरा जब्त

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** राजगढ़ जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गत दिनों जिला आबकारी बल तथा संभागीय उड़नदस्ता भोपाल की संयुक्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की। संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत 04 आपराधिक प्रकरण तथा धारा 49(क) के अंतर्गत 02 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस प्रकार कुल 06 प्रकरणों में लगभग 57.2 लीटर कच्ची हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा को आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में लेकर प्रकरणों में विवेचना की जा रही है। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, धारण एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### अधिकारियों की टालमटोल से आक्रोशित शिवसेना का धरना रात में भी जारी

# पक्की सड़क निर्माण की ठोस गारंटी नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



नगर के मुख्य मार्ग कोर्ट चौराहा से संगम चौराहा व गंधर्व तलाई तक बदहाल पड़ी सड़क के पक्के निर्माण और जल निकासी की मांग को लेकर नगर पालिका द्वार के सामने शिवसेना द्वारा शुरू किया गया जन आंदोलन मंगलवार देर रात भी जारी रहा और दूसरे दिन भी अनवरत चलेगा। अधिकारियों के टालमटोल भरे रवैये के चलते शिवसेना नेताओं ने दो-टूक ऐलान किया है कि जब तक निर्माण कार्य पूर्ण करने की ठोस समय-सीमा नहीं दी जाती, तब तक धरना खत्म नहीं होगा।

विदित रहे कि विगत कई महीनों से बदहाल पड़ी सड़क, जानलेवा गड्ढों और जलभराव के विरोध में युवा शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया एवं शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधुओं और आम नागरिकों के साथ नगर पालिका गेट, माय गैलेक्सी के सामने (बड़नगर) सड़क किनारे तखत लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

आंदोलन के दबाव में पहुंचे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर केवल हवा-हवाई बातें कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। जब शिवसेना नेताओं ने अधिकारियों से सड़क का पक्का निर्माण कार्य पूर्ण करने की तय तारीख व ठोस समय-सीमा मांगी, तो अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आए।

शिवसेना नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन के डर से प्रशासन द्वारा शुरू की गई मामूली लीपापोती को बड़नगर की जनता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। हमारे बुजुर्ग महीनों से इन गड्ढों में गिर रहे हैं, व्यापार ठप हो चुका है और सारे त्योहार बदहाली की भेंट चढ़ गए। जब तक जिम्मेदार अधिकारी कार्य पूर्ण करने की ठोस योजना और अंतिम तारीख तय नहीं करते, तब तक आंदोलनकारी धरना स्थल से नहीं हटेंगे।

**चक्का जाम की चेतावनी**

नेताओं ने प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज भी अधिकारियों ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी और ठोस फैसला नहीं लिया, तो आंदोलन को और अधिक आक्रामक रूप देकर शहर के मुख्य मार्गों पर पूर्ण चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही लापरवाह प्रशासन की होगी।

### राजगढ़ कोतवाली थाने में चार लोगों के खिलाफ शिकायत,

# हरतालिका तीज की पूजा के दौरान विवाद, घर में घुसकर मारपीट का आरोप

### पुलिस ने दर्ज किया मामला; घायल उपचार के लिए कोटा रेफर

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।



हरतालिका तीज के अवसर पर घर में पूजा-पाठ चल रहा था, इसी दौरान विवाद होने और घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम गुराड़खेड़ा निवासी इंदरसिंह गुर्जर ने राजगढ़ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिकायत के आधार पर चार लोगों के नाम आरोपी के रूप में दर्ज किए गए हैं। फरियादी इंदरसिंह गुर्जर के मुताबिक घटना 14 सितंबर 2026 की रात करीब 9:30 बजे की है। उस समय वह राम एवं मांगीलाल के साथ मौजूद था। इसी दौरान गांव के हजारीलाल गुर्जर, राजाराम गुर्जर, बिट्ठल गुर्जर और भगवान सिंह गुर्जर वहां पहुंचे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पूजा-पाठ को लेकर विवाद शुरू हुआ और आरोपियों द्वारा गाली-गलौज की गई।

फरियादी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि विवाद के दौरान आरोपी घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। शिकायत के अनुसार हजारीलाल गुर्जर ने डंडे से उसके सिर पर वार किया, जिससे सिर में चोट लगने के बाद खून निकल आया। वहीं राजाराम गुर्जर पर लाठी से मारपीट करने तथा भगवान सिंह गुर्जर पर भी मारपीट में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आईं।

**राजगढ़ अस्पताल से कोटा ले गए परिज**

घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए राजगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उचित संसाधन और चिकित्सकीय व्यवस्था नहीं मिलने के कारण उन्होंने घायलों को आगे के उपचार के लिए राजस्थान के कोटा ले जाने का निर्णय लिया। परिजनों के अनुसार घायलों का कोटा में उपचार चल रहा है।

### विधायक के हस्तक्षेप के बाद मिला शव

# आदिवासी मजदूर की मौत के 24 घण्टे बाद पीएम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

तहसील मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर स्तिथ ग्राम लसुड़लिया बेचर में सोमवार शाम को करंट लगने से आदिवासी मजदूर की मृत्यु हो गई घटना के बाद जवाबदारों के लापरवाही सामने आई। मृतक के भाई बाबलु मेडा निवासी जिला झाबुआ ने बताया कि ग्राम लसुड़लिया बेचर में मेरा भाई विजेश पिता नूरा (24) निवासी झाबुआ जिला मजदूरी कर रहा था। यहां नल जल योजना अंतर्गत नर्मदा पाइपलाइन का काम चल रहा है। रोज-रोज लाइट लगाने जाता था सोमवार को भी मेरा भाई लाइट चालू करने गया था। इस दौरान करंट लगने से मौत हो गई।

मैं गुजरात में मजदूरी का काम कर रहा हूं घटना की जानकारी लगने पर तराना पहुंच गया दिन भर निराकरण नहीं हुआ वहीं हमें और हमारे परिवार को पुलिस थाने में बंद कर देंगे। विधायक के आने पर पुलिस वाले चले गए उसके बाद दूसरे पुलिस वाले आए। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बच्चे एवं बुजुर्ग पिता को छोड़कर चला गया है।

घटना की जानकारी लगने पर विधायक महेश परमार शासकीय अस्पताल परिसर में पहुचे। मृतक के परिजनों को ढाधस बंधाया। विधायक ने कहा कि आदिवासी मजदूर की मौत हो गई है मौत के 24 घंटे तक भी पोस्टमार्टम नहीं हुआ परिजन पीएम के लिए परिसर में दिनभर खड़े रहे।

विधायक द्वारा मृतकों ो के परिजनों के लिए मुआवजा देने की मांग की है। तहसीलदार लखन लाल सोनानिया टीआई रामनारायण भदोरिया मौके पर पंहुचे।अधिकारियों को विधायक द्वारा निर्देशित किया। उसके बाद परिजनों को शव प्राप्त हुआ।

### संभागीय मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में

# विवेकानंद एकेडमी स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

संभागीय मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में विवेकानंद एके-डमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के 9 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। इसमें 5 खिलाड़ियों ने थांगता मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित खिलाड़ी दीपक पिता रामसिंह दांगी, सचिन पिता लक्ष्मीनारायण दांगी, समर्थ पिता संजय माने, अभिषेक पिता सतीश पुष्पद एवं निकिता पिता राधेश्याम गौर का 5 से 10 अक्टूबर को रीवा में आयोजित राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एवं 4 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय गतका मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसमें खिलाड़ी अर्शिता पिता मोहन दांगी, आरती पिता ओमप्रकाश दांगी, सुमित पिता नैनसिंह दांगी, मनीषा कुमारी पिता विद्यासागर यादव का चयन आगामी माह में आयोजित राज्य स्तरीय गतका मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर शिवम चन्द्रवंशी, प्राचार्या श्रीमती अंकिता गुप्ता, कोच धर्मराज दांगी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

# सेना से रिटायर्ड फौजी का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



एक फौजी अपने माता-पिता भाई बहन घर परिवार से दुर अकेले जंगलों में रहकर देश की सेवा में देश की सेना के साथ हर मौसम में समर्पित रहकर अपनी जान जोखीम में डालकर देश के नागरिकों की रक्षा में जुटा रहता है, जब वह देश सेवा का जुनून लीए सेना में भर्ती होता है उस वक्त उसके परिजनों पर क्या बीतती है यह वही जाने। सेना में भर्ती जवान को यह भी पता नहीं होता है कि वह वापस जींदा आएगा या नहीं। जब वह अपना काम तमाम कर देश की सेवा समाप्ति पश्चात सकुशल घर वापसी करता है तो उसके चेहरे की और परिवार की रोनक अलग ही झलकती है ऐसे वीर जवान की झलक देखने हर कोई उत्सुक रहता है। खाचरोद निवासी यसवंत सिंह 24 वर्ष सेवा के बाद सेना से रिटायर्ड होकर घर वापसी आएं तो खाचरोद नगर में फोजी यसवंत सिंह का जोरदार स्वागत हुआ हर कोई फुल माला लीए रिटायर्ड फौजी का स्वागत सत्कार कर रहा था, फोजी के सम्मान में दोनों पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर व दिलीप शेखावत भी पहुंचे ।वहीं कन्याशाला हाई स्कूल की बच्चियों ने शिक्षकों के साथ जोरदार सम्मान किया। मिडिया में यशवंत सिंह ने अपने संदेश में युवाओं को शिक्षा के साथ नए युग में नए तरीके से देश सेवा में समर्पित रहना चाहिए।

### भाजपा-कांग्रेस ने अंतिम दिन घोषित किए प्रत्याशी, दोनों ने रैली निकालकर दाखिल किए नामांकन

# पुरानी प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय, अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सोनी और विष्णु पाटीदार आमने-सामने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर





नगर परिषद अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन में मंगलवार को नामांकन के अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने प्रदीप सोनी और कांग्रेस ने विष्णु पाटीदार को प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रत्याशियों ने समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ रैली निकालकर रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। दोनों के आमने-सामने होने से वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव की पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता एक बार फिर चर्चा में आ गई है। वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में नगर परिषद सुसनेर के वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद पद के लिए भाजपा के प्रदीप सोनी और कांग्रेस के विष्णु पाटीदार एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे थे। अब उसी मुकाबले के दोनों चेहरे नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में आमने-सामने हैं। उस समय वार्ड की राजनीति तक सीमित रहा मुकाबला अब नगर की सरकार की कमान संभालने के लिए बड़े चुनावी मुकाबले में बदल गया है।

नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 सितंबर थी। भाजपा ने अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने के कुछ समय पहले प्रदीप सोनी के नाम की अधिकृत घोषणा की। भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने प्रदीप सोनी के नाम की घोषणा की। प्रत्याशी की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकताओं में सक्रियता बढ़ी और नामांकन रैली निकाली गई।

रैली की शुरूआत श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक रैली के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़े। रैली के दौरान पुराना बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नामांकन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिंतामण राठौर, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह और भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत, सजन सिंह कलारिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, जितेंद्र सावला, युगल किशोर परमार उपस्थित रहे ।

भाजपा द्वारा प्रदीप सोनी के नाम की घोषणा के तुरंत बाद कांग्रेस ने भी विष्णु पाटीदार को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया। हालांकि अधिकृत घोषणा से पहले ही विष्णु पाटीदार मंगलवार सुबह अपना नामांकन दाखिल कर चुके थे। बाद में पार्टी ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की और उनके निवास से नामांकन रैली निकाली गई। कांग्रेस की रैली में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां विष्णु पाटीदार ने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर विधायक भैरो सिंह बापू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, पूर्व विधायक वल्लभ अंबावतिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह चौहान सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दोनों दलों के प्रत्याशियों की घोषणा और नामांकन के साथ ही अध्यक्ष पद के उपचुनाव का चुनावी मुकाबला स्पष्ट हो गया है।

**वार्ड की लड़ाई से नगर की सरकार तक**

प्रदीप सोनी और विष्णु पाटीदार के बीच यह दूसरा प्रमुख चुनावी आमना-सामना है। वर्ष 2022 में दोनों ने वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद पद के लिए एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। अब नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में दोनों फिर आमने-सामने हैं। ऐसे में इस मुकाबले को केवल दो प्रत्याशियों के बीच चुनावी टक्कर के बजाय पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के नए अध्याय के रूप में भी देखा जा रहा है।



## उज्जैन के खड़े हनुमान मंदिर को यथावत रखने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल (तहसील बड़नगर) द्वारा उज्जैन स्थित प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर को यथावत रखने और तोड़ी गई दीवार व शिखर के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन गांधी चौक पर एसडीएम धर्मेंद्र पाराशर, तहसीलदार रुपाली जैन तथा थाना प्रभारी कमलेश सिंगार की उपस्थिति में दिया गया। इससे पूर्व नरसिंह हनुमान मंदिर से संतों और कार्यकताओं द्वारा भगवा ध्वजों के साथ रैली निकाली गई, जो गांधी चौक पहुंची। यहां सभी ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए मालवा प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव ने कहा कि संगठन विकास का विरोधी नहीं है, लेकिन विकास और सिंहस्थ चौड़ीकरण के नाम पर मंदिरों को तोड़ना कतई स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने जन्माष्टमी के दिन मंदिर की दीवार व शिखर तोड़े जाने की निंदा करते हुए समाज से हर मंगलवार व शनिवार को उपवास रखने और मंदिर पहुंचकर समर्थन दर्ज कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के महंत गोपाल भारती, साध्वी महंत भवानी गिरी, गौरव योगी, पं. गोविंद उपाध्याय, दीपक केवट, प्रवीण गहलोत, रायसिंह ठाकुर, सोनू खटीक, राम मालवीय, राजेश, बलराम नागौर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नपा की सराहनीय पहल, गणेश उत्सव पर शुरू की पूजन सामग्री एकत्रीकरण सेवा




**बड़नगर।** धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद बड़नगर द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर एक अच्छी पहल शुरू की गई है। नगर पालिका द्वारा पर्व के दौरान भगवान गणेश के पंडालों से ही पूजन सामग्री एकत्रीकरण सेवा प्रारंभ की गई है। नगर पालिका परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश उत्सव के दौरान पंडालों में पूजन के पश्चात निकलने वाली निर्माल्य एवं पूजन सामग्री का सम्मानजनक और उचित निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका की विशेष गाड़ी प्रतिदिन सायं 5:00 बजे शहर के सभी गणेश पंडालों में पहुंचेगी और पूजन सामग्री एकत्रित करेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा सहित समस्त पार्षदों ने सभी पंडाल समितियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि पूजन सामग्री को इधर-उधर न फेंकें और न ही नदी-नालों में प्रवाहित करें, बल्कि निर्धारित संग्रहण व्यवस्था में ही जमा करें। सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई है। स्वच्छ बड़नगर सुंदर बड़नगर के संकल्प के साथ यह सेवा 10 दिनों तक निरंतर जारी रहेगी।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा



**बडौद।** भारतीय किसान संघ बड़ौद द्वारा प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री ,कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार बालकृष्ण अहिरवार को सोपा ! ज्ञापन में किसानों की निम्नलिखित मुख्य माँगें रखी गई जिसमें 2025 खरीफ भुगतानः सरकार 2025 खरीफ फसल की बकाया राशि जल्द से जल्द किसानों के खातों में डाले। सोयाबीन फसल सर्वे व मुआवजाः वर्तमान में 'पीले मोजक' रोग से खराब हुई सोयाबीन की फसल का तुरंत सर्वे कराकर बीमा व मुआवजे का भुगतान किया जाए। साथ ही, अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर भी तहसीलदार को अवगत कराया गया है। ज्ञापन में बिजली, राजस्व विभाग से संबंधित समस्याए जिसमें बंधक भूमि की रजिस्ट्री पर रोक आदि के साथ सिंचाई विभाग, खाद और बीजे आदि के साथ आगर मालवा महाआंदोलन का आह्वानः 23 सितंबर को भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष विक्रमसिंह आंजना ने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि वे आगर मालवा में 23 सितंबर को होने वाले बड़े आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए तैयार रहें। यह एक ऐतिहासिक लड़ाई होगी। विक्रमसिंह आंजना ने किसानों से आह्वान किया है हमें आगर में आंदोलन में अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ शामिल होना है। कंडा, आटा और सभी आवश्यक सामान साथ लेकर चलें। हम वहीं 'दाल-बाटी' बनाएंगे और खाएंगे। जब तक सरकार हमारी माँगें पूरी नहीं करती, तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी और यह लड़ाई हमें खुद लड़नी है। इस अवसर पर तहसील प्रभारी रमेश लववंशी, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह, रामचंद्र, तहसील मंत्री गोवर्धन सिंह, गोविन्द शर्मा, मांगू,सिंह शिवनारायन, रोडसिंह मायाराम आदि उपस्थित थे!

## गुर्जर समाज के आराध्यदेव श्री देवनारायणजी का चल समारोह धूमधाम से निकला



**खाचरोद।** नगर में गुर्जर समाज के आराध्यदेव श्री देवनारायण देव की 1111 वी जयंती पर भव्य चल समारोह निकाला गया। फनार्खेड़ी स्थित देवनारायण देवजी का प्राचीन मंदिर है। नगर प्रमुख मार्गो से भगवान देवनारायण जी का भव्य चल समारोह निकला। चलसमारोह में ध्वज डीजे ओर डोल के साथ घोड़े का नृत्य हुआ। चल समारोह में पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, समाजजनों के साथ अधिक संख्या में निकले। नगर का सामाजिक, राजनीतिक मंचों से पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया।



# त्रिनेत्र गणेश मंदिर

## चिट्ठी लिखकर अपनी मनोकामना भेजते हैं श्रद्धालु

राजस्थान के रणथंभौर किले में स्थित ऐतिहासिक त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भगवान गणेश अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। राजा हम्मीर द्वारा 1300 ईस्वी में बनवाए गए इस चमत्कारी मंदिर में भक्तों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं और समस्याओं के समाधान हेतु बप्पा को चिट्ठियां लिखकर भेजते हैं।

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में रणथंभौर के ऐतिहासिक किले के भगवान गणेश का एक मंदिर है। यह मंदिर सिर्फ अपनी भव्यता के लिए नहीं बल्कि अनूठे रहस्य और गहरी आस्था के लिए भी जाना जाता है। यह मंदिर त्रिनेत्र गणेश मंदिर हैं, जहां पर गणपति बप्पा अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। इस मंदिर में भक्त भगवान गणेश, उनकी पत्नियां रिद्धि-सिद्धि और पुत्र शुभ-लाभ के दर्शन करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

वैसे तो रणथंभौर किला जंगल सफारी के लिए पॉपुलर है। लेकिन यहां पर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर हजारों-लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर की बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर भगवान गणेश अकेले नहीं बल्कि पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं। इस मंदिर में बप्पा की पत्नियां रिद्धि और सिद्धि, पुत्र शुभ और लाभ व उनके वाहन मूषक भी साथ में विराजमान हैं। यही वजह है कि यह त्रिनेत्र गणेश मंदिर अन्य मंदिरों से अलग है।

### जानें मंदिर की कहानी

रणथंभौर के राजा हम्मीर 13वीं शताब्दी के अंत में अलाउद्दीन खिलजी से युद्ध कर रहे थे। लंबे समय तक चले घेराव की वजह से किले में अनाज और अन्य जरूरी चीजों की कमी हो गई। ऐसे में राजा हम्मीर चिंतित हो उठे कि अब प्रजा का क्या होगा। उस दौरान रात में राजा को सपने में भगवान गणेश के दर्शन हुए और उनको आश्वासन दिया कि सुबह तक सब ठीक हो जाएगा। अगली सुबह किले में चमत्कार हुआ, भगवान गणेश की त्रिनेत्र प्रतिमा प्रकट हुआ और राजा हम्मीर के भंडार अनाज से भर गए। जिसके बाद युद्ध भी समाप्त हो गया। वहीं इस घटना के बाद राजा हम्मीर ने 1300 ईस्वी में इस मंदिर का निर्माण कराया था।



### महत्व

भक्तों का मानना है कि इस मंदिर में पूरे परिवार के दर्शन मात्र से घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। भगवान गणेश का तीसरा नेत्र शक्ति और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां मंदिर में दर्शन करने से जीवन की सभी परेशानियां दूर होती हैं।

### चिट्ठी लिखने की परंपरा

त्रिनेत्र गणेश मंदिर की एक खास और अनोखी परंपरा इसको सबसे अलग बनाती है। यहां पर श्रद्धालु बप्पा को चिट्ठी लिखते हैं। हजारों चिट्ठियां रोज मंदिर पहुंचती हैं। इन चिट्ठियों में लोग अपनी समस्याएं, इच्छाएं और दुआएं लिखकर भेजते हैं। वहीं मंदिर के पुजारी बप्पा के चरणों में इन चिट्ठियों को अर्पित कर देते हैं। माना जाता है कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ लिखी चिट्ठी का उत्तर बप्पा जरूर देते हैं और मनोकामना पूरी करते हैं। रणथंभौर का यह मंदिर सिर्फ पूजा-अर्चना का स्थान नहीं है। बल्कि यह विश्वास और चमत्कार का भी प्रतीक माना जाता है। यहां पर बप्पा को परिवार सहित देखकर अनुभव होता है कि परिवार और आस्था का बंधन की जीवन को पूर्ण बनाता है।

## नागराज वासुकी की बहन कैसे बनीं मनसा देवी



देवी मनसा को नागों की देवी कहा जाता है। मनसा देवी का भगवान शिव से गहरा रिश्ता है। हालांकि देवी मनसा के जन्म और भगवान शिव से उनके संबंध को लेकर अलग-अलग धार्मिक ग्रंथों में विभिन्न कथाएं मिलती हैं।

कई देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसी ही एक मनसा देवी हैं, जिनको नागों की देवी कहा जाता है। मनसा देवी का भगवान शिव से गहरा रिश्ता है। हालांकि देवी मनसा के जन्म और भगवान शिव से उनके संबंध को लेकर अलग-अलग धार्मिक ग्रंथों में विभिन्न कथाएं मिलती हैं। लेकिन इसका विस्तृत विवरण ब्रह्मवैवर्त पुराण के प्रकृति खंड के अध्याय 45 और 46 में मिलता है। इस पुराण में देवी मनसा का भगवान शिव के साथ क्या संबंध है, इस बात का जिक्र मिलता है। पौराणिक मान्यता के मुताबिक देवी मनसा को महादेव की मानस पुत्री कहा जाता है। मानस पुत्री का अर्थ ऐसी संतान से है, जिसका जन्म शारीरिक प्रक्रिया से न होकर मन के संकल्प से हुआ हो। इसके पीछे एक कथा सुनने को मिलती है, जिसमें इस बात का उल्लेख मिलता है कि देवी मनसा का जन्म कैसा हुआ था। धार्मिक मान्यता के मुताबिक देवी मनसा को भगवान भोलेनाथ की पुत्री और नागराज वासुकी की बहन कहा जाता है।

कथा के मुताबिक जब भगवान शिव ध्यान में लीन थे, तो उनको मां पार्वती के मनोहर स्वरूप का अनुभव हुआ। इस अनुभव से उनका वीर्य जमीन पर गिरा और देवी मनसा का जन्म हुआ। देवी मनसा का जन्म होने के बाद नागों और सर्पियों ने उनकी रक्षा की। वासुकी नाग ने देवी रो अपनी पुत्री की तरह पाल-पोसकर बड़ा किया। धीरे-धीरे वह एक दिव्य और सुंदर नाग कन्या के रूप में प्रकट हुईं, जिनको आगे जाकर मनसा देवी के नाम से जाना गया।




वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सामने 15 साल का आईपीएल ऑरेंज कैप विजेता

## सैमसन ने वैभव के लिए छोड़ी थी ओपनिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

करीब 18 महीने पहले राजस्थान रॉयल्स में संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी की कहानी शुरू हुई थी। तब संजू टीम के कप्तान थे और 14 साल के वैभव ने उनके चोटिल होने के बाद क्ढछ में कदम रखा था। वैभव ने तीसरे ही मैच में सेंचुरी जड़ दी। उनकी बल्लेबाजी इतनी शानदार रही कि सैमसन की वापसी के बाद भी वैभव ने ओपनिंग की और सैमसन खुद नंबर-3 पर उतर गए।

तब यह रिश्ता कप्तान और युवा खिलाड़ी का था। अब दोनों की कहानी टीम इंडिया की ओपनिंग स्लॉट तक पहुंच चुकी है। 15 साल के वैभव ने आईपीएल 2026 में ऑरेंज कैप जीती, सैमसन 2026 टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। दोनों के पास टीम को मैच जिताने की अपनी-अपनी वजह है। फर्क सिर्फ इतना है कि फिलहाल प्लेइंग-11 में एक ही जगह दोनों के लिए खुली है। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो टी-20 में भारत ने सैमसन और अभिषेक शर्मा से ओपनिंग कराई, जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वैभव को बाहर बैठना पड़ा। दूसरे टी-20 में सैमसन ने 22 गेंद पर 57 रन की पारी खेलकर अपनी दावेदारी का जवाब बल्ले से दिया।



आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन चोट के कारण लंबे समय के लिए बाहर हुए। उस समय 14 साल के वैभव को टीम में मौका मिला। युवा बल्लेबाज ने मौके को तुरंत भुनाया।

### सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

दूसरी तरफ सैमसन के लिए 2026 भी बेहद अहम रहा। टी-20 वर्ल्ड कप में उन्होंने शुरुआत में टीम से बाहर रहने के बाद वापसी की और टूर्नामेंट के निर्णायक मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 97 और फाइनल में 89 रन बनाए। भारत ने खिताब जीता और सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद सैमसन की अगली कुछ पारियां उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं। आयरलैंड के खिलाफ उनके स्कोर 5 और 0 रहे, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ भी शुरुआत में वे नहीं चल पाए।

इसके बाद टीम मैनेजमेंट ने वैभव को मौका दिया। वैभव ने इंग्लैंड में अपने शुरुआती तीन टी-20 इंटरनेशनल में 14, 13 और 15 रन बनाए। यानी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत उनके लिए भी आसान नहीं रही।

### विमेंस प्रीमियर लीग 14 जनवरी से, 28 अक्टूबर को ऑक्शन

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग का पांचवा सीजन 14 जनवरी से 7 फरवरी 2027 तक खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बुधवार को इसका जानकारी दी। पांच फ्रेंचाइजी वाले इस लीग का ऑक्शन 28 अक्टूबर को होगा। खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 28 सितंबर तय की गई है। इसके साथ ही आईपीएल का मिनी ऑक्शन भी तीन साल बाद भारत लौट रहा है। हालांकि इसके वेन्यू और तारीख अभी तय नहीं हैं। बीसीसीआई ने मंगलवार को हुई आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में यह फैसला लिया। 2023 में कोच्चि में ऑक्शन होने के बाद लगातार तीन साल नीलामी भारत के बाहर हुई थी।

### नैनो न्यूज

- **संजू सैमसन की शानदार वापसी-** अफगानिस्तान के खिलाफ 22 गेंदों पर 57 रन की पारी के बाद उन्होंने चयन और आलोचनाओं पर अपनी बात रखी।
- **एशियन गेम्स में भारत-** भारत का अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा और 19 सितंबर से मुख्य प्रतियोगिताएं शुरू होंगी।
- **वरुण चक्रवर्ती बाहर-** चोट के कारण एशियन गेम्स क्रिकेट टीम से बाहर हुए वरुण की जगह युवा लेग-स्पिनर विप्रज निगम को शामिल किया गया है।
- **चेस ओलंपियाड शुरू-** 46वां चेस ओलंपियाड समरकंद में शुरू हो गया है; भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों का मौजूदा चैंपियन है।
- **युवराज सिंह की सलाह-** 2027 वनडे विश्व कप से पहले उन्होंने भारतीय टीम में बड़े पैमाने पर बदलाव से बचने और खिलाड़ियों को पर्याप्त मौके देने की बात कही है।
- **लियोनेल मेसी का विदाई मैच-** अर्जेंटीना ने 6 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बेनिन के खिलाफ मेसी के संभावित अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच की तैयारी की है।
- **एशियन गेम्स और टेनिस-** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने एशियन गेम्स में भारत की संभावनाओं पर अपनी उम्मीदें जताई हैं।
- **जापान बनाम भारत टी20-** जापान में 22 सितंबर को भारत के खिलाफ टी20 मुकाबला होने वाला है—जापान का किसी पूर्ण आईसीसी सदस्य के खिलाफ पहला मैच होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ हैमस्ट्रिंग हुई

## वरुण चक्रवर्ती एशियन गेम्स से बाहर, विप्रज निगम को पहली बार सीनियर टीम में मौका



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोट के कारण एशियन गेम्स 2026 से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले टी-20 में गेंदबाजी करने के बाद उनके पैर के बाएं हिस्से में परेशानी हुई थी। स्कैन में साइड स्ट्रेन की पुष्टि के बाद वे सीरीज के बाकी दो मैचों के साथ एशियन गेम्स में भी नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह युवा लेग-स्पिन ऑलराउंडर विप्रज निगम को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

वरुण ने रविवार को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ दो महीने बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने अपना पूरा 4 ओवर का स्पेल किया और 16 रन देकर एक विकेट लिया। हालांकि मैच के बाद उन्हें साइड में असहजता महसूस हुई। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए इउउक के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भेजा गया।

वरुण की यह चोट इसलिए भी अहम है क्योंकि वे खुद हाल ही में एक लंबी इंजरी से वापसी कर रहे थे। इंग्लैंड दौरे पर जुलाई में तीसरे टी-20 के दौरान उन्हें बाएं हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। जांच में ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग इंजरी सामने आई थी।

वरुण की जगह चुनने के लिए विप्रज निगम और कुलदीप यादव विकल्पों में थे। बीसीसीआई सूत्र के मुताबिक दोनों उपलब्ध विकल्प थे, लेकिन कुलदीप को इसी महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी है। इसलिए चयनकर्ताओं ने निगम को एशियन गेम्स के लिए चुना।


**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### पटवारियों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया

**धार।** अपनी अलग-अलग मांगों को लेकर बुधवार को जिलेभर के पटवारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। प्रांतीय पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय जाट के नेतृत्व में पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में पटवारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने स्वामित्व योजना, फार्मर आईडी, जियो टैग से गिरदावरी और सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर मांगें रखीं। पटवारियों ने स्वामित्व योजना के तहत जमीन के कागज तैयार करने और पंजीयन से जुड़े काम से उन्हें अलग रखने की मांग की। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया में कागजों पर पटवारी का नाम और ई-सिग्नेचर होने से भविष्य में जमीन की सीमा, नाम, हिस्सेदारी या अन्य विवाद होने पर पटवारी पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी आ सकती है।

### स्कूल का गेट गिरने से 7वीं की छात्रा घायल, पैर में 10 टांके आए

**धार।** जिले के नालछा स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल में मंगलवार को हादसा हो गया। स्कूल परिसर में लगा लोहे का भारी गेट अचानक नीचे गिर गया। इसकी चपेट में कक्षा 7वीं की छात्रा चांदनी पिता रघु बारिया, निवासी कंकालपुरा, आ गई। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आई। घायल छात्रा को पहले नालछा अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे धार जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और पैर में 10 से ज्यादा टांके लगाए। जिला अस्पताल के डॉक्टर वैभव देवड़ा ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को भर्ती कर लिया गया है। छात्रा के पिता रघु बारिया का आरोप है कि हादसे के बाद स्कूल की ओर से उन्हें कोई फोन नहीं किया गया। उन्हें दूसरे लोगों के फोन से बेटी के घायल होने की जानकारी मिली।

### 6 साल की बच्ची से मुंह बोले भाई ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के काकनवानी थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि 19 साल का मुंह बोला भाई बच्ची को घुमाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया और सुनसान खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय 6 साल की बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी, तभी आरोपी वहां आया और बहला-फुसलाकर उसे घर से दूर ले गया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी बच्ची को उसके घर के पास छोड़ गया। इस वारदात के बाद बच्ची सहमी हुई है और परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। घर लौटने के बाद डरी हुई बच्ची ने रोते हुए परिजनों को पूरी बात बताई।

### प्याज की 6611 और सोयाबीन 4582 क्विंटल की आवक



**सोयाबीन का भाव 2250 से 6025 रुपए रहा बदनावर मंडी 5 दिन बाद खुली**

**बदनावर।** बदनावर कृषि उपज मंडी बुधवार को पांच दिन की छुट्टी के बाद फिर से खुल गई। मंडी खुलते ही किसानों की उपज की आवक तेज हो गई। बुधवार को कुल 13,855 क्विंटल कृषि उपज मंडी पहुंची। इसमें सबसे ज्यादा प्याज 6611 क्विंटल और सोयाबीन 4582 क्विंटल रही। इसके अलावा गेहूं 1913 क्विंटल, लहसुन 690 क्विंटल, बटला 44 क्विंटल, चना डॉलर 8 क्विंटल, चना देसी 6 क्विंटल और मक्का 1 क्विंटल की आवक हुई। मंडी में बुधवार को सोयाबीन का भाव 2250 से 6025 रुपए प्रति क्विंटल रहा, जबकि मॉडल भाव 5890 रुपए था। गेहूं 2450 से 2900 रुपए, चना देशी 5580 से 6400 रुपए, चना डॉलर 3900 से 7900 रुपए और बटला 1795 से 4395 रुपए प्रति क्विंटल बिका। लहसुन का सबसे ज्यादा भाव 10 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचा। इसकी न्यूनतम कीमत 2500 और मॉडल भाव 8200 रुपए रहा। प्याज के भाव 511 से 4020 रुपए और मॉडल भाव 1500 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किए गए।

## नैनो न्यूज

- **शेयर बाजार में तेजी लौटी** – बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी ने बढ़त के साथ शुरूआत की, बाजार में मंगलवार की गिरावट के बाद सुधार दिखा।
- **निवेशकों की बाजार पर नजर** – महंगे कच्चे तेल, वैश्विक संकेतों और अमेरिकी नीतिगत फैसलों के बीच घरेलू बाजार में कारोबार प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है।
- **इंदौर में थोक कारोबार जारी** – सियागंज और अन्य प्रमुख थोक बाजारों में बुधवार को व्यापारिक गतिविधियां सामान्य रूप से जारी रहीं।
- **निवेशकों की गतिविधि बढ़ी** – घरेलू शेयर बाजार में बुधवार की तेजी के बीच बैंकिंग, आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी देखी गई।
- **सोना-चांदी बाजार में हलचल** – वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में गिरावट के बीच भारतीय सराफा कारोबार में भी कीमतों पर दबाव रहा।
- **एनएसई आईपीओ पर नजर** – नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का आईपीओ 17 सितंबर से खुलने की जानकारी के बाद निवेशकों की निगाहें इश्यू पर टिकी हैं।
- **कच्चे तेल से कारोबार प्रभावित** – अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे कच्चे तेल के भाव से आयात लागत और घरेलू महंगाई को लेकर व्यापार जगत की चिंता बनी हुई है।
- **औद्योगिक बाजार में गतिविधियां** – न्यू सियागंज क्षेत्र में मशीनरी और औद्योगिक सामान का कारोबार बुधवार को जारी रहा।
- **कंपनियों के शेयरों में हलचल** – बीएचईएल, आरआर केबल, ऑरोबिंदो फार्मा और भारत फोर्ज समेत कई कंपनियां आज कारोबारियों के रडार पर रहीं।

राहुल गांधी के 19 सितंबर के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए जेन-जी स्टाइल में छात्रों की गूंज का प्रचार, न ढोल-नगाड़े, न हार-फूल

# जींस-टीशर्ट में युवाओं के बीच पहुंच रहे कांग्रेसी, नुक्कड़ नाटक, गिटार-डांस से बुलावा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



राहुल गांधी के 19 सितंबर के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कांग्रेस ने प्रचार का तरीका बदल दिया है। इस बार न ढोल-नगाड़े हैं, न नेताओं के स्वागत में हार-फूल और बड़े मंच।

कांग्रेस नेता जींस-टीशर्ट पहनकर युवाओं के बीच पहुंच रहे हैं। कहीं गिटार पर गाने हो रहे हैं, कहीं डांस और नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों से संवाद किया जा रहा है। इसी माहौल के बीच युवाओं को 19 सितंबर के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम से पहले कांग्रेस ने जेन-जी तक पहुंचने के लिए प्रचार का अलग तरीका अपनाया है। पार्टी का जोर बड़े राजनीतिक आयोजनों और भाषणों के बजाय युवाओं के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करने पर है। इसके लिए संगीत, कला, खेल और नुक्कड़ नाटक को प्रचार का हिस्सा बनाया गया है।

कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता युवा कलाकारों के साथ कॉलेज, हॉस्टल और अन्य स्थानों पर पहुंच रहे हैं। कलाकार गिटार लेकर गाने गाते हैं, डांस करते हैं और नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं से जुड़े मुद्दे सामने रखते हैं। इसके बाद कांग्रेस नेता युवाओं से बातचीत कर उन्हें छात्रों की गूंज कार्यक्रम में आने का न्योता देते हैं। कांग्रेस की कोशिश है कि युवाओं को पारंपरिक राजनीतिक सभा में बुलाने के बजाय उनके बीच जाकर सहज माहौल में कार्यक्रम से जोड़ा जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी रवि दांगी भी इसी अंदाज में युवाओं से संपर्क कर रहे हैं। कहीं टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं तो कहीं छोटे कार्यक्रमों के जरिए युवाओं से सीधा संवाद किया जा रहा है। आमतौर पर राजनीतिक कार्यक्रमों के प्रचार में रैली, बैनर, पोस्टर, ढोल-नगाड़े और नेताओं के औपचारिक दौरे दिखाई देते हैं। इसके उलट छात्रों की गूंज के प्रचार में संगीत, नुक्कड़ नाटक, खेल और अनौपचारिक पहनावे को जगह दी गई है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि जेन-जी तक पहुंचने के लिए उनके बीच जाकर उनकी भाषा और उनके पसंदीदा माध्यमों से संवाद करना ज्यादा प्रभावी है।

- **मैदान में छात्रों ने खुद लिखा- छात्रों की गूंज-** अभियान के दौरान स्कूल विद्यार्थियों के बीच भी अलग दृश्य देखने को मिला। विद्यार्थियों ने मैदान में छात्रों की गूंज लिखकर कार्यक्रम के प्रति अपना उत्साह जताया। कांग्रेस इसे युवाओं के बीच अभियान को मिल रही प्रतिक्रिया के तौर पर देख रही है।
- **जींस-टीशर्ट में नेता, युवाओं के बीच पहुंच रहीं रीना-** इस अभियान में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सबसे ज्यादा सक्रिय नजर आ रही हैं। वे अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक की टीम और कलाकारों के साथ युवाओं के बीच पहुंच रही हैं। खासतौर पर युवतियों से संवाद कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### पोस्टरों में न कांग्रेस का नाम, न नेताओं के पद

इंदौर में कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों की खास बात यह है कि इनमें कांग्रेस पार्टी का नाम नहीं लिखा गया है। हालांकि कांग्रेस नेताओं के फोटो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन उनके राजनीतिक पद का उल्लेख भी नहीं किया गया है। इससे प्रचार को सीधे राजनीतिक सभा के बजाय छात्रों और युवाओं से जुड़े कार्यक्रम के रूप में पेश करने की रणनीति नजर आती है।

प्रस्तावित वराह मार्च की अनुमति रद्द, त्रिमूर्ति चौराहे समेत शहर के अलग-अलग स्थानों पर बल तैनात

# 75 से ज्यादा लोग हिरासत में लिए, पीजी कॉलेज सील

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



धार में प्रस्तावित वराह मार्च को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी। प्रशासन ने मार्च की अनुमति पहले ही निरस्त कर दी थी। इसके बावजूद मार्च में शामिल होने के लिए पहुंचे लोगों को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से अभिरक्षा में लिया। पुलिस के मुताबिक, अब तक 75 से ज्यादा लोगों को शांति भंग की आशंका में अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस ने त्रिमूर्ति चौराहे समेत शहर के अलग-अलग स्थानों पर बल तैनात किया है। पुलिस टीमें प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगातार निगरानी कर रही हैं। आनंद चौपाटी से नारेबाजी करते हुए निकले कुछ युवकों को भी पौ चौपाटी के पास रोककर अभिरक्षा में लिया गया। सनातन प्रहरी समिति ने दोपहर 2 बजे पीजी कॉलेज से विजय कीर्ति मंदिर तक बाइक रैली निकालने का आह्वान किया था। मार्च में शामिल लोगों के पीजी कॉलेज ग्राउंड में जुटने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने ग्राउंड को पूरी तरह सील कर दिया। ग्राउंड के आसपास पुलिस बल तैनात था। किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही और परिसर में ही अस्थायी जेल भी बनाई गई है। अभिरक्षा में लिए गए लोगों को जरूरत पड़ने पर यहां रखा जा सकता है। कानून व्यवस्था को देखते हुए लाट मस्जिद यानी विजय कीर्ति मंदिर को एएसआई ने बंद रखा। जिस स्थान तक वराह मार्च ले जाने की घोषणा की गई थी, उसे हिंदू समाज विजय कीर्ति मंदिर और मुस्लिम समाज लाट मस्जिद के नाम से संबोधित करता है। मुस्लिम समाज के लोग यहां नमाज अदा करते हैं। वहीं हिंदू समाज की ओर से दशहरा पर्व पर मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। संवेदनशीलता को देखते हुए संरक्षित स्थल को मंगलवार को अस्थायी रूप से बंद रखा गया।

### करीब 800 से 1000 पुलिसकर्मी तैनात

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर के मुताबिक, कानून व्यवस्था को देखते हुए शहर में करीब 800 से 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। शहर के प्रवेश मार्गों पर थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी निगरानी कर रहे हैं।
- शहर में सीसीटीवी कैमरों के अलावा हाईराइज बिल्डिंग और ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है।
- पुलिस कार्रवाई के दौरान वराह मार्च समिति के आयोजक अंशुल शर्मा और आशीष बसु को भी मार्च से पहले अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस की टीमें शहर के अलग-अलग हिस्सों में घूमकर मार्च में शामिल होने पहुंच रहे लोगों पर नजर रख रही हैं।

# एक रुपए का झांसा देकर खाते से 95 हजार निकाले

### लिंक खोलते ही बंद हुए बैंकिंग ऐप

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हीरानगर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मामले में बुधवार को एफआईआर दर्ज की है। न्यू गौरी नगर निवासी दिलीप वर्मा ने पुलिस को बताया कि 9 सितंबर को दीपक नाम के युवक ने उन्हें कॉल किया।

आरोपी ने कहा कि उसने उनके यूपीआई अकाउंट में 1 रुपया ट्रांसफर किया है और इसके लिए एक लिंक भेजकर उसे देखने को कहा। दिलीप ने लिंक खोलने के बाद एसबीआई योनो और गूगल पे ऐप खोले तो दोनों काम नहीं कर रहे थे।

कुछ देर बाद उनके खाते से तीन बार में करीब 95 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। बैंक पहुंचकर जानकारी ली तो तीनों ट्रांजैक्शन अलग-अलग खातों में होने का पता चला। दिलीप रेडीमेड कॉम्प्लेक्स में नौकरी करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एरोड्रम पुलिस ने भी छात्रा वैशू राजपूत की शिकायत पर ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया है। वैशू ने अपनी बहन के लिए कूरियर सर्विस ट्रैक ऑन सेंटर से किताबें भेजी थीं। 3 सितंबर को कूरियर की जानकारी लेने के लिए दोबारा कॉल किया तो आरोपियों ने व्हाट्सएप पर कस्टमर सपोर्ट के नाम से पीडीएफ फाइल भेजने की बात कही। फाइल डाउनलोड करने पर उसमें कस्टमर सपोर्ट के लिए एपीके फाइल थी। आरोपियों ने इसे खोलने और 2 रुपए का भुगतान करने को कहा। जल्द कूरियर मिलने का भरोसा भी दिया।

## स्कूल ऑफ कॉमर्स में छात्र से मारपीट, सिर पर बोतल फोड़ी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

देवी अहिल्या परिसर स्थित स्कूल ऑफ कॉमर्स में मंगलवार को छात्रों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि पार्किंग में खड़े बीबीए थर्ड ईयर के छात्र महेंद्र गुर्जर के साथ दो छात्रों ने अपने साथियों के साथ मारपीट की। इस दौरान उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी और हाथ के कड़े से भी हमला किया गया। घायल महेंद्र का पुलिस ने मेडिकल कराया है। भंवरकुआ पुलिस ने महेंद्र गुर्जर निवासी अलकापुरी कॉलोनी की शिकायत पर जतीन खिची, कुलदीप राठौर और अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट और धमकाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक महेंद्र मंगलवार को अपने दोस्त रोहित के साथ कॉलेज परिसर की पार्किंग में खड़ा था। इसी दौरान जतीन और कुलदीप अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे। पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद आरोपियों ने महेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक जतीन ने हाथ के कड़े से महेंद्र को मारा। इसके बाद उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी, जिससे सिर में चोट लगने के बाद खून निकलने लगा। अन्य छात्रों के वहां पहुंचने पर आरोपी धमकाते हुए मौके से चले गए।

## दोस्ती तोड़ने पर छात्रा से छेड़छाड़

### फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

बाणगंगा में 17 वर्षीय स्कूली छात्रा से पड़ोसी युवक ने छेड़छाड़ की। छात्रा ने दोस्ती और बातचीत बंद की तो शुभम फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। 13 सितंबर की रात घर के बाहर बुलाकर उसका हाथ मरोड़कर धमकाया। मंगलवार को पिता छात्रा को थाने लेकर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी छात्रा के घर के पास ही रहता है। करीब एक साल पहले दोनों की दोस्ती हुई थी। इसके बाद वे कॉल और मैसेज पर बात करने लगे और साथ घूमने भी गए। इसी दौरान शुभम ने छात्रा के कुछ फोटो और वीडियो बना लिए थे। छात्रा के मुताबिक, शुभम को उस पर शक करने की आदत थी। इसी वजह से उसने उससे बातचीत बंद कर दी। मोबाइल पर किसी और की कॉल वेटिंग आने पर भी आरोपी उसे धमकाने लगा, जिसके बाद छात्रा ने उससे पूरी तरह बात करना बंद कर दिया। बातचीत बंद होने से नाराज शुभम ने छात्रा को फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 13 सितंबर की रात उसने छात्रा को कॉल किया और घर के बाहर मिलने के लिए कहा। डर के कारण छात्रा बाहर जाकर उससे मिली। आरोप है कि शुभम ने उसका हाथ पकड़कर मरोड़ दिया और धमकाते हुए कहा कि अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो वह सुसाइड कर लेगा और उसे फंसा देगा। छात्रा के चिल्लाने पर उसके परिजन घर से बाहर आ गए। उन्हें देखकर शुभम वहां से भाग गया। छात्रा के परिजनों ने उस दिन बदनामी के डर से पुलिस में शिकायत नहीं की।

## दवा व्यापारी सुसाइड केस में 5 पर एफआईआर

### उधार रकम के दबाव में किया सुसाइड, दंपती सहित 5 पर केस, 3 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में दो माह पहले हुई दवा व्यापारी महेंद्र सोनी की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार रात एक दंपती सहित पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यापार में दिए गए उधार रुपये और ब्याज की वसूली को लेकर महेंद्र और उनकी पत्नी पर दबाव बना रहे थे।

पुलिस के अनुसार, ओमेक्स सिटी निवासी 45 वर्षीय महेंद्र सोनी, जो मूल रूप से भानपुर, भोपाल के रहने वाले थे, ने 2 जुलाई की दोपहर घर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। महेंद्र ने दवा का व्यापार शुरू करने के लिए गोल्डी खुराना, उनकी पत्नी पूजा खुराना, मोहित सोनी, भूपेंद्र चौहान और राहुल चौहान से रुपये उधार लिए थे। शुरूआत में व्यापार में मुनाफा होने पर महेंद्र सभी के खातों में नियमित ऑनलाइन भुगतान करते थे। पिछले एक साल से व्यापार में नुकसान होने के कारण वे समय पर राशि नहीं दे पा रहे थे। रुपये नहीं मिलने पर आरोपियों ने महेंद्र को फोन और मैसेज कर तकादा करना शुरू किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी घर आने लगे और धमकियां देने के साथ दवा बाजार में महेंद्र को लेकर गलत बातें करने लगे।

**तुरंत आवश्यकता**
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

अतिक्रमण पर चली नगर निगम की जेसीबी

# दलबल और पुलिस फोर्स के साथ पहुंचा अमला, लोगों ने जताई आपत्ति



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नगर निगम ने अन्नपूर्णा मंदिर के पास रिमूवल की कार्रवाई की। मंदिर परिसर के पास बने अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम दलबल और पुलिस फोर्स के साथ यहां पहुंची थी। हालांकि यहां अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ लोगों ने आपत्ति भी ली। वहीं एक व्यक्ति ने हाईकोर्ट में याचिका लगाने, और आज सुनवाई होने की बात भी कही। बताया जा रहा है कि नगर निगम की टीम ने 8 से 10 अतिक्रमण हटाए।

नगर निगम का अमला 4 जेसीबी मशीन लेकर अन्नपूर्णा मंदिर के पास कार्रवाई करने पहुंचा। कार्रवाई के पहले नगर निगम की टीम ने मकानों से सामान बाहर निकाला और उसके बाद जेसीबी के मदद से अतिक्रमणों को तोड़ा। कार्रवाई के दौरान नगर निगम, राजस्व और पुलिस का अमला मौजूद रहा।

इधर, कार्रवाई के दौरान जब टीमें यहां पहुंची तो यहां रहने वाले कुछ लोगों ने कार्रवाई को लेकर आपत्ति भी जताई। उनका कहना था कि यहां कई परिवार के लोग रहते है। हम कई सालों से यहां रह रहे हैं। यहां से रास्ते के लिए भी बात की। रहवासी महिला नीमा ने बताया कि वे हार-फूल बनाकर घर चला रहे हैं। हमारे पास घर के सारे दस्तावेज भी हैं, बावजूद इसके नगर निगम ने कार्रवाई की और मकानों को तोड़ दिया। मामले में एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि कुछ लोगों ने अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश की, उनके फुटेज निकालकर आगामी कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में भी यहां कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति सामने आई थी।

**श्री गणेश बैंड उज्जैन**
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दुल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
**पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर**
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
**डॉ. पी.पी. ओझा**
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com